(7) वित्तीय विश्लेषण पेशे की परिपक्वता का स्तर भी प्रकटीकरण की गुणवत्ता को प्रभावित करता हैं। वित्तीय विश्लेषण का पेशा भारत में अभी अपनी शैशवावस्था में है क्योंकि बहुत कम ऐसे पेशेवर घराने हैं जो स्वतंत्र वित्तीय विश्लेषण करते है और यही स्थिति वित्तीय विश्लेषण के आचरण को नियंत्रित करने वाले नियमनों की है। वित्तीय विश्लेषकों को उनकी पेशेवर सेवाओं के लिए जवाबदेह बनाने के लिए हमें अभी एक लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता है।

इस अध्याय में प्रयुक्त शब्द

(1) वित्तीय विवरण

(2) वार्षिक प्रतिवेदन

(3) निदेशक प्रतिवेदन

(4) प्रबंध विवेचन एवं विश्लेषण

(5) लेखापरीक्षक प्रतिवेदन

(6) निगमन अधिशासन

(7) अंतरिम प्रतिवेदन

(8) खंड प्रतिवेदन

(9) वित्तीय विश्लेषण

सारांश

आशय

वित्तीय विवरण विगत अवधि से संबंधित ऐतिहासिक प्रलेख होते हैं। वित्तीय विवरण लेखांकन कार्य के अंतिम उत्पाद होते हैं जो कि लेखावधि अर्थात त्रैमासिक, अर्धवार्षिक या वार्षिक के दौरान किया जाता है। समान्यतया वित्तीय विवरणों में तुलन-पत्र और लाभ एवं हानि खाता शामिल होते हैं।

महत्त्व

वित्तीय विवरणों का विश्लेषण उपक्रम की तरलता, निष्पादन और अन्य सूचको के मापन और इसकी कुशलता एवं निष्पादन के मूल्यांकन के लिए किया जाता है। यह उद्देश्यों एवं विभिन्न अभिकरणों जैसे निवेशकों, बैंकरों, ऋणदाताओं, पूर्तिकारों, नियमन प्राधिकरणों के हितों से जुड़ा हुआ है।

अर्थ

वित्तीय विवरण ऐतिहासिक प्रलेख और लेखांकन अवधि, एक वर्ष या वर्ष के एक हिस्से जैसे कि तिमाही, अर्धवार्षिक या नमाही, के दौरान किए गए लेखांकन कार्य का अंतिम उत्पाद होते हैं। एक संख्या को दूसरे के संबंध में अभिव्यक्ति विश्लेषण की प्रक्रिया हैं, और एक व्यावसायिक उपक्रम के वित्तीय मामलों की दशा का विश्लेषण हे। विश्लेषण में संबंध स्थापित करना, तुलना एवं प्रवृत्तियों का आकलन शामिल होते हैं।

वित्तीय विवरणों की विषय-सूची

वित्तीय विवरणों में निम्नलिखित शामिल होते हैं :

(अ) मंडल प्रतिवेदन

(ब) निदेशक उत्तरदायित्व विवरण

(स) प्रबंध-विवेचन और विश्लेषण

(द) लेखापरीक्षक प्रतिवेदन

(य) निगमन अभिशासन पर प्रतिवेदन

(र) लेखांकन नीतियाँ

(ल) तुलन-पत्र

(व) लाभ और हानि खाता

(ह) रोकड़ प्रवाह विवरण

(क्ष) खंड प्रतिवेदन

सीमाएँ

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की सीमाएँ है जो कि वित्तीय विवरणों, जैसे लेखांकन अवधारणाओं या सिद्धांतों में निहित हैं। वित्तीय विवरणों में वित्तीय आँकड़े अंतर्विष्ट होते है जो कि अभिलेखित व्यवहारों के गुणात्मक पहलू से रिक्त होते हैं। यह भूतकाल से संबंधित होते हैं, ऐतिहासिक लागतों कें संदर्भ में मूल्यों को प्रतिबिंबित करते है और स्पष्ट मापन के रूप में परिणामों को प्रस्तुत नहीं करते हैं और वित्तीय विवरणों का विश्लेषण इसी प्रकार संरक्षित होना चाहिए।

अभ्यास

I ***वस्तुनिष्ट प्रश्न***

दर्शाइए कि क्या नीचे दिए गए कथन 'सत्य' अथवा 'असत्य' हैं :

(अ) एक लेखांकन संस्था तभी अर्थपूर्ण बनती है जब इसकी तुलना दूसरी से की जाती है।

(ब) तुलन-पत्र एवं स्थिति विवरण समानार्थक होते हैं।

(स) वित्तीय विवरणों के विश्लेषण कीमत स्तर पर परिवर्तनों को अनदेखा नहीं करते हैं।

(द) वित्तीय विवरण ऐसा उपकरण है जिससे पुराने आँकड़ों का विश्लेषण किया जा सकता है।

(य) वित्तीय विश्लेषण की कोई सीमाएँ नहीं होती हैं।

(र) वित्तीय विश्लेषण, वित्तीय विवरणों की कमियों से प्रभावित होता है।

(ल) लेखापरीक्षक प्रतिवेदन एक राय है न कि प्रमाण-पत्र।

(व) अभिशासन पर लेखापरीक्षक प्रतिवेदन एक प्रमाण-पत्र है न कि एक राय।

(श) खंड भौगोलिक अवस्थिति, ग्राहक और उत्पाद से संबंधित होते हैं।

(क्ष) वित्तीय विवरण, वित्तीय भविष्यवाणी/पूर्वानुमान के लिए काफी होते हैं।

II ***लघु उत्तरीय प्रश्न***

(अ) वित्तीय विवरण की अवधारणा की व्याख्या कीजिए।

(ब) तुलन-पत्र की विषय-सूची को सूचीबद्ध कीजिए।

(स) निगम अधिशासन प्रतिवेदन में सम्मिलित मदों को सूचीबद्ध कीजिए।

(द) वित्तीय विवरण विश्लेषण का अर्थ बताइए।

या

वित्तीय विवरण विश्लेषण की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

(य) वित्तीय विश्लेषण को परिभाषित कीजिए।

(र) आय विवरण क्या होता है? (अथवा) आय विवरण से क्या तात्पर्य है?

(ल) अंतरिम प्रतिवेदन क्या होता है?

(व) खंड प्रतिवेदन क्या होता है?

(ह) खंड आगम क्या होता है?

(क्ष) खंड परिसंपत्तियाँ एवं देयताएँ क्या हैं?

(श) वित्तीय विवरणों की तीन सीमाओं को सूचीबद्ध कीजिए।

III ***निबंधात्मक प्रश्न***

(अ) वित्तीय विवरणों के विश्लेषण, उद्देश्य और महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

(ब) वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की सीमाओं की व्याख्या कीजिए।

(स) कर्जदारों, बैंकरों एवं वित्तीय संस्थानों के लिए वित्तीय विवरणों का क्या महत्त्व है?

(द) निगमन अधिशासन प्रतिवेदन क्या होता है? निगमन अधिशासन प्रतिवेदन की विषय-सूची का विवेचन कीजिए।

(य) अंतरिम प्रतिवेदन क्या होता है? अंतरिम प्रतिवेदन का प्रारूप दीजिए।

IV ***प्रोजेक्ट/परियोजना कार्य***

(अ) एक सूचीबद्ध कंपनी के वार्षिक खाते (प्रकाशित) प्राप्त कीजिए। तीन वर्ष की अवधि के लिए उनकी विषय-सूची की तुलना कीजिए।

(ब) निम्नांकित 'वैबसाईट' (website) को डाउनलोड (download) करें।

- www.infy.com
- www.rip.com
- www.wipro.com
- www.bajajauto.com
- www.hll.com

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय अंतरिम प्रतिवेदनों की विषय-सूची की तुलना कीजिए।

(स) किन्ही पांच कंपनीयों के खंड प्रतिवेदन एकत्रित करें तथा खंड चुनाव एवं प्रकटीकरण की मदों के आधार पर तुलनात्मक टिप्पणी लिखें।

उत्तर

(अ) सत्य	(ब) असत्य	(स) असत्य	(द) असत्य	(य) असत्य
(र) सत्य	(ल) सत्य	(व) सत्य	(ह) सत्य	(क्ष) असत्य

अनुसूची 6
(धारा 211 देखिए)
[1][भाग 1
तुलन-पत्र का प्रारूप

(यहाँ कंपनी का नाम भरिए)..............................कंपनी का तुलन-पत्र, जैसा वह...............
.............(यहाँ वह तारीख भरिए जिस तक के लिए वह तैयार किया गया है) को थी

<table>
<tr><th rowspan="2">ये हिदायतें जिनके अनुसार दायित्व निश्चित किए जाने हैं</th><th colspan="2">दायित्व</th><th colspan="2">आस्तियाँ</th><th rowspan="2">वे हिदायतें जिनके अनुसार आस्तियाँ निश्चित की जानी चाहिए</th></tr>
<tr><th>पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े</th><th>चालू वर्ष के आंकड़े</th><th>पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े</th><th>चालू वर्ष के आंकड़े</th></tr>
<tr><td>* किसी मोचनीय अधिमानी पूँजी के (यदि कोई हो) मोचन या संपरिवर्तन के निबंधन उस निकटतम तारीख के साथ यहाँ दें जो मोचन या संपरिवर्तन की। अनिर्गमित अंश (शेयर) पूँजी विषयक किसी विकल्प की विशिष्टियाँ यहाँ दी जाएँ

अधिमानी अंशों (फ्रिरेन्स शेयरों) के विभिन्न वर्गों की विशिष्टियाँ यहाँ दी जाएँ</td><td>रु.
(ख)

*अंश (शेयर) पूँजी
...रु. प्रति अंश(शेयर) वाले प्राधिकृत अंश (शेयर) (विभिन्न वर्गों की पूँजी में भेद दिखाते हुए तथा हर वर्ग की बाबत नीचे दी हुई विशिष्टियाँ देते हुए लिखें)

... रु.प्रति अंश(शेयर) वाले ... निर्गमित अंश (शेयर)

(विभिन्न वर्गों की पूँजी में भेद दिखाते हुए तथा हर वर्ग की बाबत नीचे दी हुई विशिष्टियाँ देते हुए लिखें।
(ग) ... रु. प्रति अंश (शेयर) वाले</td><td>रु.
(ख)</td><td>रु.
(ख)
* स्थिर आस्तियाँ :
(क) गुडविल
(ख) भूमि
(ग) निर्माण
(घ) पट्टाधृतियाँ
(ड.) रेल पार्श्विकाएँ (साइडिंग)
(च) संयंत्र (प्लांट) और मशीनरी
(छ) फर्नीचर और फिटिंग
(ज) संपत्ति का विकास
(झ) पेटेंट, व्यापार चिह्न, और डिजाईन
(ड.) जीवधन, तथा
(ट) यान आदि पर हुए व्यय अलग-अलग दिखाएँ</td><td>रु.
(ख)</td><td>* हर शीर्षक के नीचे मूल लागत तथा वर्ष भर में उसमें हुई वृद्धियाँ और उसमें की गई कटौतियाँ तथा वह कुल अवक्षयण, जो अपलिखित कर दिया गया है या जिसके लिए उपबंध वर्ष के अंत तक के लिए, कर दिया गया है, कथित किया जाएगा,

[2][जहाँ कि पूर्वोक्त मूल लागत तथा उसमें हुई किन्ही वृद्धियों और कटौतियों का संबंध ऐसी किसी स्थिर आस्ति से है जो भारत से बाहर के देश से अर्जित की गई है तथा ऐसी आस्ति के अर्जन के पश्चात् किसी समय विनिमय दर में तब्दीली होने के परिणामस्वरूप कंपनी के भारतीय करेंसी में</td></tr>
</table>

1. 1860 के अधिनियम सं. 65 की धारा 217 द्वारा मूल भाग 1 के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं. सा. का. नि. 129, तारीख 3 जनवरी, 1968 द्वारा अन्त:स्थापित।

ये हिदायतें जिनके अनुसार दायित्व निश्चित किए जाने हैं	दायित्व		आस्तियाँ		वे हिदायतें जिनके अनुसार आस्तियाँ निश्चित की जानी चाहिए
	पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े	चालू वर्ष के आंकड़े	पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़े	चालू वर्ष के आंकड़े	
	(रु.)	(रु.)	(रु.)	(रु.)	
	ख	ख	ख	ख	अभिव्यक्त उस दायित्व में कोई वृद्धि या कमी हुई है जो उस आस्ति की पूरी लागत या उसके भाग मद्धे अदायगी करने अथवा उस आस्ति के अर्जन के खास प्रयोजन से किसी विदेशी करेंसी में प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत: किसी व्यक्ति से कंपनी द्वारा उधार ली गई पूरी धन राशि या उसका भाग चुकाने का है (और जो दायित्व दोनों दशाओं में से हर एक में उस तारीख के अव्यवहितपूर्व विद्‌धमान था जिसको विनिमय दर में तब्दीली हुई है) वहाँ वर्ष के दौरान दायित्व में जितनी रकम से ऐसे वृद्धि या कमी हुई है वह यथा स्थिति लागत में जोड़ दी जाएगी या लागत से घटा दी जाएगी, तथा ऐसे जोड़ने या घटाने के पश्चात् जो रकम आई है वह स्थिर आस्ति की लागत समझी जाएगी। **स्पष्टीकरण 1**- यह पैरा उन सब तुलन-पत्रों के संबंध में लागू होगा जो तारीख 6 जून, 1966 या उसके किसी बाद के दिन

की स्थिति को व्यक्त करते हुए तैयार किए जाएँ और जहाँ कि भारत सरकार के औद्धोगिक विकास और कंपनी कार्य मन्त्रालय (कंपनी कार्य विभाग) जी. एस. आर. सं. 129 और तारीख 3 जनवरी, 1968 वाली भारत सरकार की अधिसूचना के निकलने की तारीख पर ऐसा कोई तुलन-पत्र, जिसके संबंध में यह पैरा लागू होता है, पहले ही तैयार कर लिया जाता है तथा कंपनी के समक्ष उसके वार्षिक साधारण अधिवेशन में रख दिया गया है वहाँ इस पैरा में विनिर्दिष्ट समायोजन उक्त अधिसूचना के निकलने के पश्चात् किए गए पहले तुलन-पत्र में किया जा सकेगा।

स्पष्टीकरण 2- इस पैरे में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो 'विनियमय दर', 'विदेशी करेंसी' और 'भारतीय करेंसी' के क्रमशः वही अर्थ होंगे जो उन्हें आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 43क की उपधारा (1) के अधीन

.... प्रतिश्रुत अंश (शेयर)। आहूत. ....रु. ऊपर उल्लिखित अंशों (शेयरों) में से.........अंशों (शेयरों) का पूर्णतः समादत्त के रूप में आबंटन नकदी में कोई संदाय प्राप्त हुए बिना संविदा के अनुसरण में किया गया है।

[1][वह स्रोत अंशों (शेयरों) में से उदाहरणार्थ लाभों के पूंजीकरण अथवा आरक्षितियों या अंश (शेयर) प्रीमियम खाता विनिदिष्ट कीजिए जिससे बोनस अंश (शेयर) निर्गमित किए गए हैं।]

[1][ऊपर उल्लिखित अंशों (शेयरों) में से..अंश (शेयर) पूर्णतः समादत्त के तौर पर बोनस अंशों (शेयरों) के रूप में आबंटित किए गए हैं।]

वे आहूत राशियाँ घटाइए जो : (i) प्रबंध अभिकर्ता

दिए हुए हैं, तथा उक्त उपधारा का स्पष्टीकरण 2 और स्पष्टीकरण 3 यावत्‌शक्य उक्त पैराग्राफ के संबंध में ऐसे लागू होंगे जैसे वे उक्त उपधारा (1) 0 को लागू हैं।]

[1][हर दशा में, जिसमें कि मूल लागत अयुक्तियुक्त व्यय या विलम्ब के बिना अभिनिश्चित नहीं की जा सकती, बहियों से प्रकट होने वाला मूल्य दर्ज किया जाएगा। इस पैरे के प्रयोजनों के लिए ऐसा मूल्यांकन वह शुद्ध रकम होगा जो इस अधिनियम के प्रारंभ पर कंपनी की बहियों में उस आस्ति का मूल्य उसमें से वे रकमें घटाकर दिया हुआ है जो अवक्षयण के लिए या मूल्य में कमी के कारण पहले उपबंधित या अपलिखित कर दी गई है तथा जहाँ कि ऐसी आस्ति बेच दी जाती हैं, वहाँ विक्रय आगमों की रकम कटौती के रूप में दिखाई जाएगी।]

जहाँ कि पूँजी में कमी की जाने या आस्तियाँ के पुनः मूल्यांकन पर कोई राशियाँ अपलिखित की गई हैं वहाँ (प्रथम तुलन-पत्र के

---

1. अधिसूचना सं. सा. का. नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित। देखिए भारत का राजपत्र, असाधारण, भाग 2, अनुभाग 3 (1), पृष्ठ 117।

	या सचिवों तथा कोषपालों द्वारा तथा उस दशा में जिसमें कि प्रबंध अभिकर्ता या सचिव तथा कोषपाल फर्म है, उसके भागीदारों द्वारा तथा उस दशा में जिसमें कि प्रबंध अभिकत्ता या सचिव तथा कोषपाल प्राइवेट कंपनी हैं, उस कंपनी के निदेशकों या सदस्यों द्वारा (ii) निदेशकों द्वारा (iii) अन्यों द्वारा असमादत्त हैं।	पश्चात्) हर तुलन-पत्र में, जो वह कमी की जाने या मूल्यांकन किए जाने के बाद का है कम किए गए आंकड़े मूल लागत के बदले और कमी करने की तारीख दर्ज किए जाएंगे। की गई कमी की रकम कमी करने के बाद वाले पहले पाँच वर्षों के प्रत्येक तुलन-पत्र में दिखाई जाएगी।
[1][समहृत अंशों (शेयरों) के पुनः निर्गमन पर कोई पूँजीगत लाभ पूँजी आरक्षिति को अंतरित की जानी चाहिए।]	*[जोड़िए– समहृत अंश (शेयर) वह (रकम जो मूलतः समादत्त की गई थी)	इसी प्रकार जहाँ कि आस्तियों का अधिमूल्यन करके कोई राशियाँ जोड़ी गई हैं वहाँ अधिमूल्यन के बाद वाले हर तुलन-पत्र में वर्धित आंकड़े मूल लागत के बदले वृद्धि की तारीख सहित दिए जाएँ, अधिमूल्यन की तारीख के बाद पहले पाँच वर्षों के लिए हर तुलन-पत्र में वृद्धि की रकम दिखायी जाएगी। [2][**स्पष्टीकरण** –पूर्ववर्ती दो पैराओं में की कोई बात दूसरे पैरे के अनुसार किए गए किसी समायोजन को लागू नहीं होगी।]

1. अधिसूचना सं. सा. का. नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. अधिसूचना सं. सा.का.नि. 129, तारीख 3 जनवरी, 1968 द्वारा अन्तःस्थापित। देखिए भारत का राजपत्र, असाधारण, भाग 2, अनुभाग 3 (i), पृष्ठ 117।

अंतिम तुलन-पत्र के बाद वाली वृद्धियाँ और कटौतियाँ हर विनिर्दिष्ट शीर्षक के अंतर्गत दिखाइए आरक्षिति के संबंध में [4]'निधि' शब्द केवल वहाँ प्रयुक्त किया जाना चाहिए जहाँ कि ऐसी आरक्षिति खास तौर पर विशिष्ट मद के लिए ही विनिधान के रूप में है।]

* **आरक्षितियाँ और अधिशेष**

[3](1) पूँजी आरक्षितियाँ
(2) पूँजी मोचन आरक्षितियां
(3) अंश (शेयर) प्रीमियम खाता (गग)
(4) हर आरक्षिति का स्वरूप विनिर्दिष्ट करते हुए अन्य आरक्षितियाँ तथा तद्विषयक रकम। इसमें से लाभ-हानि खाते के नामे पक्ष में अतिशेष (यदि कोई हो) घटा दीजिए (छ)।
(5) अधिशेष अर्थात् निम्नलिखित के लिए आबंटित रकमों का उपलब्ध करने के पश्चात् लाभ-हानि लेखा का अतिशेष : — लाभांश, बोनस तथा आरक्षितियाँ।
(6) आरक्षितियों के लिए वे रकमें जिन्हें उनमें जमा कर देने की प्रस्थापना है।
(7) निक्षेप निधियाँ

विनिधान

यह दिखाएँ कि विनिधान का स्वरूप तथा मूल्यांकन का ढंग क्या है, उदाहरणार्थ लागत या बाजार मूल्य तथा निम्नलिखित के बीच प्रभेद करें।

(1) सरकारी या न्यासिक प्रतिभूतियों में विनिधान,
(2) अंशों (शेयरों), डिबेंचरों या बन्धपत्रों में विनिधान, पूर्णत: तथा भागत: समादत्त अंशों (शेयरों) को पृथक्त: दिखाएँ तथा अंशों (शेयरों) के विभिन्न वर्गों में भी प्रभेद करें तथा समनुषंगी कम्पनियों के अंशों (शेयरों), डिबेंचरों या बंधपत्रों में विनिधानों को भी ऐसे ही ब्यौरों सहित दिखाएँ
(3) स्थावर संपत्तियाँ
[2][(4) भागीदारी फर्मों की पूंजी में विनिधान]

*कंपनी के जिन विनिधानों का कुटेशन होता है उनकी संकलित रकम तथा उनका बाजार मूल्य भी दिखाया जाए।

कंपनी के जिन विनिधानों का कुटेशन नहीं होता उसकी भी संकलित रकम दिखाई जाएँ।

1. अधिसूचना सं. सा. का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा अन्त:स्थापित।
2. अधिसूचना सं. सा.का.नि. 494 (ई), तारीख 30 अक्तूबर, 1973 द्वारा अन्त:स्थापित।
3. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित। देखिए भारत का राजपत्र, असाधारण, भाग 2, अनुभाग 3 (i), पृ. 117।

[1][निदेशकों, प्रबंध अभिकर्ताओं, सचिवों तथा कोषपालों, प्रबंध क से लिए उधार पृथक्तः दिखाए जाएँ।]	**प्रतिभूत उधार** (1) डिबेंचर (2) बैंकों से लिए गए उधार और अग्रिम (3) समनुर्षगियों से लिए गए उधार और अग्रिम (4) अन्य उधार और अग्रिम	**चालू आस्तियाँ उधार और अग्रिम** (क) चालू आस्तियाँ (1) विनिधानों पर प्रोद्भूत ब्याज	
प्रतिभूत उधारों पर प्रोद्भूत और शोध्य ब्याज 'प्रतिभूत उधार' शीर्षक के नीचे समुचित उप-शीर्षकों के नीचे दिखाए जाएँ। प्रतिभूति का स्वरूप हर दशा में दिखाया जाएँ,		*(2) स्टोर और फालतू पुर्जे (3) वियोजित औजार] *(4) व्यापार स्टाक *(5) वे संकर्म जो चल रहे हैं। (6) अन्याय ऋणी	*स्टाक का मूल्यांकन करने का ढंग यहाँ दिया जाए तथा कच्चे माल की रकम भी वहाँ, जहाँ भी साध्य हो, पृथक्तः लिखी जाए। *जो संकर्म चला रहे हैं उनके मूल्यांकन का ढंग लिखिए। विविध ऋणियों के बारे में निम्नलिखित की विशिष्टियाँ पृथक्तः दी जाए:
जहाँ कि उधारों के लिए प्रत्याभूति प्रबंध अभिकर्ताओं, सचिवों तथा कोषपालों, प्रबन्धकों और/या निदेशकों ने दी है वहाँ उनका भी		(क) छह मास से अधिक तक की कालावधि के लिए विद्धमान ऋण (ख) अन्य ऋण (इनमें से निम्नलिखित के लिए	(क) वे ऋण जिनकी बाबत यह विचार है कि वे खरे हैं और जिनके लिए पूरी-पूरी प्रतिभूति कंपनी को प्राप्त है, तथा

[1]. अधिसूचना सं. सा. का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा अन्तःस्थापित।

उल्लेख किया जाएगा तथा ऐसे उधारों की संकलित रकम हर शीर्षक के नीचे दिखाई जाए।

** निर्गमित डिबेन्चरों के मोचन या संपरिवर्तन के निबंधन, यदि कोई हों, मोचन या संपरिवर्तन के निबंधन, यदि कोई हों, मोचन या संपरिवर्तन की शीघ्रतम तारीख सहित दिखाएँ।

[1][उपबंधित रकम घटा दें]

[2][(7क)हाथ में रोकड़ बाकी

(7ख) बैंक में अतिशेष जो–

(क) अनुसूचित बैंकों में, तथा

(ख) अन्यों में, है।]

(ख वे ऋण जिनकी बाबत यह विचार है कि वे खरे हैं, किन्तु जिनके लिए ऋणी की वैयक्तिक प्रतिभूति के अतिरिक्त कोई अन्य प्रतिभूति कंपनी को प्राप्त नहीं है, तथा

(ग) संदेहास्पद ऋण या डूबन्त समझे जाने वाले ऋण।

वे ऋण जो कंपनी के निदेशकों से या अन्य अधिकारियों से अथवा उनमें से किसी द्वारा या तो पृथक्तः या किसी अन्य व्यक्ति के साथ शोध्य हैं अथवा वे ऋण जो यथाक्रम ऐसी फर्मों या कंपनियों द्वारा शोध्य हैं जिनमें कोई निदेशक भागीदार या निदेशक या सदस्य है, पृथक्तः दिखाया जाएँ।

[2][जो कंपनियों धारा 370 की उपधारा (1ख) के अर्थ के अंतर्गत उसी प्रबंध मंडल के अधीन हैं, उनसे शोध्य ऋण कंपनियों के नामों सहित संप्रकट किए जाएँ।]

कंपनी के निदेशकों या अन्य

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 78, तारीख 4 जनवरी, 1963 द्वारा प्रतिस्थापित।

अधिकारियों से वर्ष के दौरान किसी भी समय शोध्य अधिकतम रकम टिप्पण के रूप में दिखाई जाएँ। इस शीर्षक के नीचे दिखाई जाने वाली [1][उपबंधित रकम] उन ऋणों की रकमों से अधिक नहीं होनी चाहिए जिन्हें डूबन्त या संदेहास्पद समझा गया है तथा ऐसी [1][उपबंधित रकम] का कोई अतिशेष, यदि पहले ही सृष्ट हो, हर बार खाता बन्द करने के समय दायित्व कालम में ''आरक्षितियाँ और अधिशेष शीर्षक'' के नीचे संदेहास्पद और डूबन्त ऋणों के लिए आरक्षिति उपशीर्षक के नीचे दिखाएँ।

[2][बैंकों में विद्यमान अतिशेषों के संबंध में निम्नलिखित की विशिष्टियाँ पृथक्तः दी जाएँ :

(क) अनुसूचित बैंकों में चालू खातों में, आह्वान खातों में तथा निक्षेप खातों में विद्यमान रकमें;

(ख) अनुसूचित बैंकों से भिन्न बैंककारों के नाम तथा ऐसे बैंककारों के यहां चालू खातों,

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित।

2. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 78, तारीख 4 जनवरी, 1963 द्वारा प्रतिस्थापित।

आह्वान खातों, तथा विद्यमान अतिशेष रकमें तथा ऐसे हर बैंककारों से वर्ष के दौरान किसी समय ऋण के तौर पर खड़ी अधिक रकम; तथा

(ग) किसी निदेशक का या उसके नातेदार या अथवा प्रबंध अभिकर्ता का, सचिवों तथा कोषपालों का, पश्चात्कथित के किसी सहयुक्त अथवा यदि कोई हित (अनुसूचित बैंकों से भिन्न) उन बैंककारों में से किसी में हैं, जिनके प्रति ऊपर (ख) में निर्देश किया गया है, तो उनमें हर एक में उस हित का स्वरूप।]

[1][निदेशकों, प्रबंध अभिकर्ताओं, सचिवों तथा कोषपालों, प्रबंधक से लिए गए उधार पृथक्तः दिखाए जाएँ।

अप्रतिभूत उधारों पर प्रोदभूत और शोध्य ब्याज अप्रतिभूत उधार शीर्षक के समुचित उपशीर्षकों के नीचे सम्मिलित किया जाएगा।]

जहाँ कि उधारों के लिए प्रत्याभूति प्रबंधन अभिकर्ताओं, प्रबंध तथा/कोषपालों, प्रबंध तथा/या निदेशकों द्वारा दी गई है वहाँ उसका तथा ऐसे उधारों की संकलित रकम का भी उल्लेख ऐसे हर शीर्षक के नीचे किया जाएगा।

प्रारूप के पादभाग की टिप्पण (घ) देखें।

अप्रतिभूत उधार

(1) सावधिक निक्षेप

(2) समनुषंगियों से उधार और अग्रिम

(3) (क) बैंकों से

(ख) अन्यों से

अल्पावधि उधार और अग्रिम

(4)(क) बैंकों से

(ख) अन्यों से

अन्य उधार और अग्रिम

चालू दायित्व और उपबन्धित रकम

क. चालू दायित्व

[3](1) प्रतिग्रहण

*(ख) उधार और अग्रिम

(8)[2][(क)] समनुषंगियों को अग्रिम और उधार

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा अन्तःस्थापित

2. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 494 (ई), तारीख 30 अक्तूबर, 1973 द्वारा मद 8 पुनः अक्षरांकित की गई।

3. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 78, तारीख 4 जनवरी, 1963 द्वारा प्रतिस्थापित

(2) विविध लेनदार
(3) समनुषंगी कंपनियां
(4) उस प्रभाग के लिए अग्रिम संदाय और अनवसित डिस्काउन्ट जिसका मूल्य उस समय निम्नलिखित प्रकार जैसी कंपनियों की दशा में देना बाकी है, उदाहरणार्थ, समाचारपत्र, अग्नि, बीमा, नाट्य मंडली क्लब, बैंककारी, वाष्प पोत कंपनियां आदि
(5) वे लाभांश जो बिना दावा रह गए हैं।
(6) अन्य दायित्व, यदि कोई हों।
(7) वह ब्याज जो उधारों पर प्रोद्‌भूत तो हो गया है पर शोध्य नहीं हुआ है।]

(ख) उपबंधित रकमें

[2](8) कराधान लेखे उपबंधित रकम
(9) प्रस्थापित लाभांश
(10) आकस्मिकताओं के वास्ते
(11) भविष्य निधि स्कीम के लिए

[1](ख) भागीदार फर्मों को जिनमें कंपनीया उसका कोई समनुषंगी भागीदार है, अग्रिम ओर उधार]
(9) विनिमय पत्र
(10) वे अग्रिम, जो नकदी में या वस्तु रूप में या प्राप्त किए जाने वाले मूल्य में अर्थात् रेटों, करों, बीमों आदि में वसूलीय हैं
(11) प्रबंध अभिकर्त्ताओं, सचिवों तथा कोषपालों के यहाँ चालू खाते में अतिशेष
(12) सीमा शुल्क, पत्तन न्यास आदि के यहाँ अतिशेष (जहाँ कि वे माँग पर देय हो)।

*''अन्याय ऋणी'' संबंधी जो हिदायतें ऊपर दी गई हैं वे ''उधार और अग्रिम'' को भी लागू होंगी।

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 494 (ई), तारीख 30 अक्तूबर, 1973 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित।

(12) बीमा, पैंशन और कर्मचारिवृन्द के लिए वैसी ही अन्य सुविधाओं के लिए
(13) अन्य उपबन्धित रकमें।]

वह कालावधि जिसके लिए लाभांश बकाया पड़े रहे हैं अथवा उस दशा में जिसमें कि अंश (शेयर) एक से अधिक वर्गों के हैं वह कालावधि, जिसके लिए हर ऐसे वर्ग लेखे लाभांश बकाया पड़े रहे हैं, दर्ज की जाएगी।

वह रकम आय-कर की कटौती करने से पूर्व रूप की दिखाई जाएगी किंतु कर मुक्त लाभांश की दशा में वह रकम आय-कर से मुक्त रूप में दिखाई जाएगी तथा यह तथ्य कि वह ऐसे दिखाई गई है कथित दर्ज किया जाएगा। कंपनी के निदेशकों या अन्य अधिकारियों की ओर से कंपनी द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों की रकम दर्ज की जाएगी ओर जहाँ साध्य हो कर ऐसे समाश्रित दायित्व की रकम भी, यदि सारभूत हो, विनिर्दिष्ट की जाएगी।

(तुलन-पत्र में एक पाद-टिप्पण निम्नलिखित को पृथक्कत: दिखाते हुए दे दिया जाए–

(1) कंपनी के विरुद्ध वे दावे जिन्हें ऋण के रूप में अभिस्वीकृत नहीं किया गया है।
(2) भागत: समादत्त अंशों (शेयरों) पर अनाहृत दायित्व।
(3) नियत संचयी लाभांश की बकाया
(4) उन संविदाओं लेखे प्राकलित रकम जो पूँजी खाते निष्पादित किए जाने के लिए बची है और जिनके लिए रकम उपलबंधित नहीं की गई है।
(5) कोई अन्य धन जिसके लिए कंपनी समाश्रितत: दायित्वाधीन।]

प्रकीर्ण व्यय:

(वहाँ तक, जहाँ तक कि वह उपलिखित [1][या समायोजित] नहीं कर दिया गया है।

(1) प्रारंभिक व्यय
(2) व्यय, जिसके अंतर्गत अंशों (शेयरों) या डिबेंचरों की हामीदारी या प्रतिश्रुति के लिए कमीशन या दलाली आती है।
(3) अंशों (शेयरों या डिबेंचरों के निर्गमन परम अनुज्ञात बट्टा (डिस्काउन्ट)
(4) सन्निमणि के दौरान पूँजी में से दिया गया ब्याज (ब्याज की दर भी लिख दीजिए)
(5) विकासार्थ व्यय जिनका समायोजन नहीं हुआ है।
(6) (हर का स्वरूप विनिर्दिष्ट करते हुए) अन्य मदें।

[2][लाभ-हानि लेखा]

[1][मद विशेष के लिए अलग नियत न की गई आरक्षितियों की, यदि कोई हों, कटौती के पश्चात् लाभ-हानि लेखा का अग्रेनीत नामे पक्ष का अतिशेष यहाँ दिखाइए।]

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा अन्त:स्थापित
2. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित

टिप्पणी

तुलन-पत्र तैयार करने के लिए हिदायतें - (क) इस प्ररूप में की किन्ही मदों या उपमदों में से किसी के दिए जाने के लिए जो जानकारी अपेक्षित है यदि वह स्वयं तुलन-पत्र में सुविधापूर्वक सम्मिलित नहीं की जा सकती तो वह प्रत्येक अनुसूची या अनुसूचियों में दी जाएगी जो तुलन-पत्र से उपाबद्ध कर दी जाएगी तथा उसका भाग बन जाएगी। यह सिफारिश उस सूरत के लिए की जाती है जब भरी जाने वाली मदें अनेक हों।

(ख) यदि यह वांछित हो तो रुपयों के अलावा नए पैसे भी दर्ज किए जा सकते हैं।

(ग) [1][समनुषंगी कंपनी] की दशा में नियंत्री कंपनी द्वारा धृत अंशों (शेयरों) की तथा क्रमान्तिम नियंत्री कंपनी तथा उसकी समनुषंगियों द्वारा धृत अंशों (शेयरों) की संख्या पृथक्त: दर्ज की जानी चाहिएँ।

संपरीक्षक से यह अपेक्षित नहीं होता कि वह प्रबंध मंडल द्वारा यथा प्रमाणित अंशधारिता हित का सही होना प्रमाणित करें।

[1](गग) अंश (शेयर) प्रीमियम खाता मद के अंतर्गत उस रीति से, जो धारा 78 में उपबन्धित है, उपयोग के वर्ष में उसके उपयोग करने के ब्यौरे आते हैं।]

(घ) अल्पावधि उधारों के अंतर्गत वे उधार होंगे जो तुलन-पत्र की तारीख पर एक से अनधिक वर्ष तक शोध्य रहे हैं।

(ङ.) वह अवक्षयण जो अपलिखित कर दिया गया है या जिसके लिए उपबंध कर दिया गया है, विभिन्न आस्ति शीर्षकों में बाँट दिया जाएगा तथा स्थिर आस्तियों का मूल्य निकालते समय उसकी कटौती कर ली जाएगी।

(च) तुलन-पत्र की तारीख के पश्चात् जो लाभांश समनुषंगी कंपनियों ने घोषित किए हैं वे तब के सिवाय सम्मिलित न किए जाने चाहिएँ जिसमें की वे ऐसी कालावधि के लिए हैं जो तुलन-पत्र की तारीख को या पूर्व खत्म हो गई हो।

(छ) संविदाएँ जिस विस्तार तक निष्पादित नहीं की गई हैं वहाँ तक उनसे प्रत्याशित फायदों के प्रति कोई भी निर्देश तुलन-पत्र में न दिया जाएगा पर बोर्ड की रिपोर्ट में वह निर्देश किया जाएगा।

[1][(ज) लाभ-हानि खाते में नामे पक्ष में के अतिशेष को अनायोजित आरक्षितियों में से, यदि कोई हों, घटाए गए के रूप में दिखाया जाएगा।]

(झ) जहाँ तक उधारों और अग्रिमों का संबंध है, वह रकम जो प्रबंध अभिकर्ताओं अथवा सचिवों तथा कोषपालों द्वारा किन्हीं अन्य व्यक्तियों से पृथक्त: या संयुक्तत: शोध्य है, पृथक्त: दिखाई जाएगी; [2][वे रकमें जो धारा 370 की उपधारा (1ख) के अर्थ के अंतर्गत एक ही प्रबंध मंडल के अधीन अन्य कंपनियों द्वारा शोध्य हैं] वे भी कंपनियों के नामों सहित दिखाई जाएगी तथा उनमें से किसी भी एक द्वारा जो अधिकतम रकम वर्ष भर में किसी भी समय शोध्य है वह भी दिखानी होंगी।

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 78, तारीख 4 जनवरी, 1963 द्वारा प्रतिस्थापित।

(त्र) किन्हीं मोचित डिबेंचरों की जिन्हें कंपनी को निर्गमन करने की शक्ति है, विशिष्टयाँ दी जानी चाहिएँ।

(ट) जहाँ कि कंपनी के डिबेंचरों में से कोई कंपनी के नामनिर्देशिती या न्यासी द्वारा धृत है, वहाँ डिबेंचरों की अभिहित रकम तथा वह रकम जिस मूल्य के वे कंपनी के नामनिर्देशिती या न्यासी द्वारा धृत है, वहाँ डिबेंचरों की अभिहित रकम तथा वह रकम जिस मूल्य के वे कंपनी की बहियों में दिखाए गए हैं दर्ज करनी चाहिएँ।

[3][(ठ) विनिधानों का एक विवरण (भले ही वे ''विनिधान'' या व्यापार के रूप में ''चालू आस्तियों'' के नीचे दिखाए गए हों) जिसमें व्यापारिक विनिधान और अन्य विनिधान पृथकत: वर्गीकृत किए गए हैं, तुलन-पत्र के साथ उपाबद्ध किया जाएगा जिसमें उन निर्गमित निकायों (एक ही प्रबंध-तंत्र के अधीन निगमित निकायों को पृथक्त: उपदर्शित करते हुए) के नाम जिनके अंशों, डिबेंचरों में विनिधान (उन सब विनिधानों सहित, भले ही वे अस्तित्वशील हों या न हों, जो उस तारीख के पश्चात् किए गए हैं जिसकी पूर्ववर्ती तुलन-पत्र तैयार किया गया था) किए गए थे और ऐसे प्रत्येक निगमित निकाय में ऐसे किए गए विनिधानों का स्वरूप और मात्रा दर्शित किए जाएंगे, परन्तु किसी विनिधान कंपनी की दशा में, अर्थात् ऐसी कंपनी की दशा में, जिसका प्रधान कारबार अंशों, स्टॉक डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों का अर्जन करना है, यदि विवरण में उस तारीख पर, जिस तक के लिए तुलन-पत्र तैयार किया गया है अस्तित्वशील विनिधान दिखाए जाते हैं। तो उतना ही कर देना पर्याप्त होगा। भागीदार फर्मों की पूँजी में के विनिधानों के संबंध में, विवरण में फर्मों के नाम (उनके सभी भागीदार के नाम, कुल पूँजी और प्रत्येक भागीदार के अंश सहित) दिए जाएँगे।]

(ड.) यदि बोर्ड की यह राय है कि किन्हीं [1][चालू आस्तियों, उधारों और अग्रिमों] को उनको कारोबार के मामूली अनुक्रम में धन रूप में प्राप्त करने पर उनका मूल्य कम से कम इस रकम के बरार न होगा जो उनकी होनी कथित है तो वह तथ्य कि बोर्ड की वैसी राय है कथित किया जाएगा।

(ढ) अधिनियम के प्रारंभ होने के पश्चात् जो प्रथम तुलन-पत्र कंपनी के समक्ष रखा गया है उसके सिवाय तुलन-पत्र में वे सब तत्स्थानी रकमें दिखाई जाएँगी जो अव्यवहित पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में सब मदों, लेखों तुलन-पत्र में दिखई गई थीं, जो कंपनियों त्रैमासिक या अर्धवार्षिक लेखा आदि तैयार करती है उनकी दशा में इस बारे में की अपेक्षा पूर्ववर्ती वर्ष में की उससे मेल खाती तारीख तक के लिए तैयार किए गए तुलन-पत्र के संबंध में लागू होंगी।

(ण) अन्यान्य ऋणी शीर्षक के अधीन दिखाई जाने वाली रकमों में वे रकमें सम्मिलित की जाएँगी जो बेचे गए माल या की गई सेवाओं लेखे, अथवा अन्य संविदाजात बाध्यताओं लेखे शोध्य है किंतु वे रकमें सम्मिलित न की जाएँगी जो उधार या अग्रिम के स्वरूप की हैं।

[1][(त) निदेशकों, प्रबंध अभिकर्ताओं, सचिवों तथा कोषपालों और प्रबंध के यहाँ चालू खाते चाहे उनमें आकलन अथवा विकलन अधिक हो आदि पृथक्-पृथक् दिखाए जाएँगे।।]

भाग 2
लाभ-हानि लेखा विषयक अपेक्षाएँ

1. इस भाग के उपबंध उस आय-व्यय लेखा को, जो अधिनियम की धारा 210 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 494 (ई), तारीख 30 अक्तूबर, 1973 द्वारा प्रतिस्थापित।

है, वैसी ही रीति से, जैसी से वे लाभ-हानि लेखा को लागू होते हैं, किन्तु निदेशों विषयक उस उपान्तर सहित, जो उस उपधारा में विनिर्दिष्ट हैं, लागू होंगे।

2. लाभ-हानि लेखा-

(क) इतनी स्पष्टता से ऐसे तैयार किया जाएगा कि जितनी कालावधि के लिए वह लेखा है उतनी के दौरान कंपनी के कर्म साधन का फलस्पष्ट रूप से संप्रकट हो जाए, तथा

(ख) अनावर्ती संव्यवहारों पर या असाधारण स्वरूप के संव्यवहारों के विषय में आकलन या प्राप्तियों तथा विकलनों या व्ययों सहित हर तात्त्विक बात संप्रकट करने वाला होगा।

3. लाभ-हानि लेखा में वे सब मदें, जो कंपनी की आय और कंपनी के व्ययों से संबंधित है, अत्यन्त सुविधापूर्ण शीर्षक के नीचे कराने से लिखी होगी तथा विशिष्टः उसमें उस कालावधि के बारे में, जितनी के लिए वह लेखा है, निम्नलिखित जानकारी संप्रकट की जाएगी-

*2[(i) (क) व्यापारावर्त, अर्थात् वह संकलित रकम जितनी के कंपनी द्वारा विक्रय किए गए हैं, जिसमें कंपनी द्वारा व्यौहार किए गए मालों के प्रत्येक वर्ग के बारे में विक्रय की रकम दी जाएगी और प्रत्येक वर्ग के ऐसे विक्रयों की मात्राएँ उपदर्शित की जाएँगी।]

1[(ख) अधिनियम की धारा 294 के अंतर्गत एकमात्र विक्रय अभिकर्ताओं को दिया जाने वाला कमीशन,

(ग) अन्य विक्रय अभिकर्ता को दिया गया कमीशन,

(घ) विक्रयों पर प्रायिक व्यापारिक डिस्काउन्ट (बट्टे) में भिन्न दलाली और डिस्काउन्ट (बट्टा)];

2[(ii) (क) विनिर्माता कंपनियों की दशा में, —

(1) मद के अनुसार ह्रास बतलाते हुए और उसकी मात्राएँ उपदर्शित करते हुए उपयुक्त कच्चे माल की कीमत इस ह्रास में, यथासंभव, सभी महत्त्वपूर्ण आधारित कच्चे मालों की पृथक् मदों के रूप में दर्शित किया जाएगा। अन्य विनिर्माताओं से प्राप्त मध्यस्थ वस्तुओं या घटकों का उस दशा में उनकी मात्रा न बताते हुए यथोचित शीर्षकों के नीचे समूहीकरण किया जाएगा जबकि ह्रास में सम्मिलित की जाने के लिए उनकी सूची अधिक बड़ी हो। परंतु उन सभी मदों को जिनका अलग-अलग मूल्य, उपयुक्त किए गए कच्चे माल के कुछ मूल्य का 10 प्रतिशत या अधिक है, ह्रास में उनकी मात्रा सहित पृथक् और सुभिन्न मदों के रूप में दिखाया जाएगा।

(2) प्रत्येक वर्ग के माल के बारे में ह्रास बताते हुए और उनकी मात्राओं को उपदर्शित करते हुए उत्पादित माल का आरंभिक या बंद स्टाक,

(ख) व्यापारिक कंपनियों की दशा में, कंपनी द्वारा व्यापार किए गए, मालों के प्रत्येक वर्ग के बारे में ह्रास बतलाते हुए और उनकी मात्राएँ उपदर्शित करते हुए किए गए, क्रय और उसका आरंभिक और बंद स्टाक,

(ग) जो कंपनियां सेवा कर रही हैं या उनका प्रदाय कर रही हैं उनकी दशा में की गई या प्रदान की गई सेवाओं से व्युत्पन्न सकल आय,

---

*2. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 494 (ई), तारीख, 30 अक्तूबर, 1973

1. 1960 के अधिनियम सं. 65 की धारा 217 द्वारा "संकर्म अभी पूरे किए जाने हैं" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

2. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा अन्तःस्थापित।

(घ) ऊपर के खण्ड (क), (ख) और (ग) में वर्णित प्रवर्गों में से एक से अधिक में आने वाली कंपनी की दशा में यदि आरंभिक और बंद स्टॉक क्रय विक्रय और मूल्य और मात्रा संबंधी ह्रास कच्चे माल का उपभोग तथा की गई सेवाओं में हुई सकल आय दिखा दिया जाता है, तो यह बात जहाँ दी गई अपेक्षाओं का पर्याप्त अनुपालन होगी।

(ड.) अन्य कंपनियों की दशा में, विभिन्न शीर्षकों के अधीन व्युत्पन्न सकल आय।

टिप्पण 1— कच्चे माल की मात्रा, क्रय, स्टाक और व्यापारावर्त, मात्रा-संबंधी उन अभिधानों के नाम से अभिव्यक्त किए जाएँगे जिनसे उनका प्रसामान्यः बाजार में क्रय या विक्रय किया जाता है।

टिप्पण 2— मद (11) (क), (11) (ख) और (11) (घ) के प्रयोजन के लिए, वे मद माल के पृथक् वर्गों के रूप में समझे जाएँगे जिनके लिए कंपनी के पास पृथक् औद्योगिक अनुज्ञप्तियाँ हैं। परन्तु जहाँ किसी कंपनी के पास एक ही मद के लिए विभिन्न स्थानों पर उत्पादन के लिए या अनुज्ञप्त हैसियत के प्राप्त विस्तार के लिए एक से अधिक औद्योगिक अनुज्ञाप्तियाँ हैं, वहाँ ऐसी सभी अनुज्ञप्तियों के अंतर्गत आने वाली मद एक वर्ग के रूप में समझी जाएगी। व्यापारिक कम्पनियों की दशा में, आयात अनुज्ञप्तियाँ अनुदत करते समय आयातित मदों की मुख्य आयात और निर्यात नियंत्रक द्वारा माने गए वर्गीकृत किया जाएगा।

टिप्पण 3— क्रयों, स्टाफ और व्यापारावर्त के ह्रास बतलाते समय, फालतू पुर्जे और उपांगो जैसी मदों को, जिनकी सूची इतनी बड़ी है कि उन्हें ह्रास में सम्मिलित नहीं किया जा सकता है, परिणाम न बतलाते हुए उचित शीर्षकों के नीचे समूहीकृत किया जा सकेगा, परंतु उन सभी मदों को जिनका अलग-अलग मूल्य, यथास्थिति, क्रय, स्टॉक या व्यापारावर्त के सकल मूल्य का दस प्रतिशत या अधिक है, अलग-अलग मात्रा सहित पृथक् और सुभिन्न मदों के रूप में दिखाया जाएगा।]

(iii) जिन समुत्थानों के संकर्मों पर काम चल रहा है उनकी दशा में वे रकमें जितनी तक [1][ऐसे संकर्म] लेखा कालावधि के प्रारंभ पर और अंत पर [1][पूरे हो चुके हैं];

(iv) स्थिर आस्तियों में अवक्षयण, उनके नवीकरण पर उनके मूल्य में कमी के लिए उपबंधित रकम में,

यदि ऐसा उपबंध अवक्षयण प्रभार के रूप में नहीं लिया गया है तो ऐसा उपबन्ध करने के लिए अपनाई गई रीति।

यदि अवक्षयण के लिए कोई उपबंध नहीं किया गया है तो यह तथ्य कि कोई उपबंध नहीं किया गया है दर्ज किया जाएगा [2][तथा अधिनियम की धारा 205(2) के अनुसार संगणित अवक्षयण की बकाया का परिमाण टिप्पण के रूप में दिया जाएगा।

(v) कंपनी के डिबंचरों और अन्य सावधिक उधारों पर अर्थात् नियत कालावधि के लिए उधारों पर ब्याज की रकम, यह बात पृथक्तः दर्ज की जाएगी कि प्रबंध निदेशक, प्रबंध अभिकर्ता, सचिव तथा कोषपालों तथा प्रबंधक को, यदि कोई हो [3][दी गई या देय] यदि कोई ब्याज है तो उस ब्याज की रकम क्या है;

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 494, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. 1960 के अधिनियम सं. 65 की धारा 217 द्वारा अन्तःस्थापित।
3. 1960 के अधिनियमसं. 65 की धारा 217 द्वारा "देय" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

(vi) भारतीय आय-कर तथा लाभ पर अन्य भारतीय कराधान ले जिसके अंतर्गत जहाँ साध्य हो भारतीय आय-कर के साथ वह कराधान है जो भारतीय आय-कर से अवमुक्ति की मात्रा तक, यदि कोई हो, अन्यत्र लगाया गया है, भार की रकम, तथा वहाँ जहाँ कि वह साध्य हो आय-कर और अन्य कराधान अलग-अलग दिखाया जाएगा;

(vii) [1][वें रकमें जो]—

(क) अंश (शेयर) पूँजी की वापसी के लिए, तथा

(ख) उधारों को चुकाने के लिए,

[1][आरक्षित कर दी गई है];

(viii) (क) आरक्षितियों लेखे अलग रखी या अलग रखी जाने के लिए प्रस्थापित किन्हीं रकमों का योग, यदि वह सारभूत हों, किंतु उसके अंतर्गत ऐसे किसी विनिर्दिष्ट दायित्व आकस्मिकता या अभिबंधन, की पूर्ति के लिए उपबंधित रकम नहीं आती जिसके बारे में यह जानकारी है कि वह उस तारीख को विद्यमान है जिस तक के लिए तुलन-पत्र तैयार किया गया है,

(ख) ऐसी आरक्षितियों में से निकाली गई किन्हीं रकमों का योग, यदि वे तात्त्विक हों ;

(ix) (क) विनिर्दिष्ट दायित्वों, आकस्मिकताओं या अभिबंधनों की पूर्ति करने के लिए उपबंध करने के वास्ते अलग रख दी गई रकमों का, यदि वे सारभूत हों, योग,

(ख) ऐसी उपबधित रकमों में, जिनकी आवश्यकता आगे के लिए नहीं रह गई है, निकाली गई रकमों का, यदि कोई हों, योग ;

निम्नलिखित मदों में से हर एक मद पर अलग-अलग दिखाते हुए हर मद पर उपगत व्यय -

(क) स्टोरों और फालतू पुर्जों का उपयोग,

(ख) विद्युत और ईंधन,

(ग) भाटक,

(घ) भवनों की मरम्मत,

(ड.) मशीनरी की मरम्मत,

(च) (1) संबलम्, मजदूरी और बोनस,

भविष्य और अन्य निधियों में अभिदाय, कर्मकारों ओर कर्मचारिवृन्द के कल्याण पर हुए व्यय [2][जहाँ तक कि वे किन्ही पूर्ववर्ती उपबंधित रकमों या आरक्षितियों में से समायोजित नहीं दिए गए हैं।]

टिप्पण [3][1]—इस मद सम्बन्धी जानकारी तुलन-पत्र में भी सुसंगत उपबन्धित रकम या आक्षिति खाता के शीर्षक के नीचे दी जानी चाहिए।

[4]* * * *

(छ) बीमा,

(ज) आय पर कर को अपवर्जित कर के और कर,

(झ) प्रकीर्ण आय :

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 494 (ई;, तारीख 30 अक्तूबर, 1973 द्वारा अन्तःस्थपित।
2. 1960 के अधिनियम सं. 65 की धारा 217 द्वारा अन्तः स्थापित।
3. 1960 के अधिनियम सं. 65 की धारा 217 द्वारा पैरा 4 के स्थान पर प्रतिस्थापित।
4. अधिसूचना सं.का.आ. 723 (अ.), तारीख 18.9.1990 द्वारा लोप किया गया।

[1][परंतु ऐसा कोई मद जिसके अधीन खर्चे, कंपनी के कुल राजस्व के 1 प्रतिशत या पाँच हजार रुपए में से जो भी अधिक हो, उससे अधिक हो, लाभ-हानि खाते में समुचित लेख के सामने पृथक् और सुभिन्न मद के रूप में दिखाया जाएगा और उसे "प्रकीर्ण व्यय" के अधीन दिखाए जाने वाली किसी अन्य मद के साथ नहीं जोड़ा जाएगा।]

(xi) (क) व्यापारिक विनिधानों और अन्य विनिधानों में प्रभेद करते हुए विनिधानों से आय की रकम,

(ख) ब्याज के तौर पर अन्य आय उस आय का स्वरूप विनिर्दिष्ट किया जाए,

(xii) (क) [1][किसी भागीदारी फर्म की सदस्यता मद्दे उपार्जित लाभ या हानि के विस्तार को स्पष्टत: दिखाते हुए] विनिधानों पर उस मात्रा तक लाभ और हानियाँ [2][जिस तक वे किसी पूर्ववर्ती उपबधित रकम या आरक्षिति से समायोजित नहीं कर दी गई है।

टिप्पणी — इस मद के बारे में जानकारी तुलन-पत्र में भी सुसंगत उपबन्ध या आरक्षिति खाता शीर्षक के नीचे दी जाएगी।]

(ख) उस किस्म के संव्यहारों के बारे में जो, प्राय: कंपनी द्वारा हाथ में नहीं लिए जाते, अथवा आपवादिक या अनावर्ती परिस्थितियों में हाथ में लिए जाते हैं, लाभ या हानि यदि उनकी रकम सारभूत हो,

(ग) प्रकीर्ण आय में;

(xiii)(क) समनुषंगी कंपनियों से लाभांश,

(ख) समनुषंगी कंपनियों की हानि के लिए उपबधित रकमें;

(xiv) उन लाभांशों की संकलित रकम, जो दे दिए गए हैं या दिए जाने के लिए प्रस्थापित हैं तथा यह भी दर्ज किया जाए कि उन रकमों में से आय-कर की कटौती होनी है या नहीं;

(xv) वह रकम, यदि सारभूत हो, जिसके कारण लाभ-हानि खाते में दिखाई गई किन्हीं मदों पर उस दशा में असर पड़ेगा जिसमें कि लेखाकरण के आधार पर कोई तब्दीली की जाती है।

[3][4. [4][लाभ-हानि लेखा में निम्नलिखित को पृथक्त: दिखाते हुए वे संदाय भी दिए हुए होंगे अथवा उनकी बाबत ब्यौरेवार जानकारी एक टिप्पण के रूप में उसमे दी जाएगी जो निदेशकों (जिसके अंतर्गत प्रबंध निदेशक आता है) प्रबंध अभिकर्ताओं, सचिवों तथा कोषपालों अथवा प्रबंधक को, यदि कोई हो, कंपनी, कंपनी की समनुषंगिओं और किसी अन्य व्यक्ति द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान उपबधित किए गए या दिए गए हैं—]

(i) [4][अधिनियम की धारा 198 के अधीन प्रबंधकीय पारिश्रमिक, जो] निदेशकों (जिसके अंतर्गत प्रबंध निदेशक आता है), प्रबंध अभिकर्ता, सचिवों तथा कोषपालों या प्रबंधक को, यदि कोई हो, वित्तीय वर्ष के दौरान [4][दिए गए हैं या देय है];

(ii) वे व्यय जिनकी बाबत प्रबंध अभिकर्ता की प्रतिपूर्ति द्वारा 354 के अधीन की गई है;

(iii) प्रबंध अभिकर्ता या उसके सहयुक्त को धारा 356, 357, 358 के अधीन पृथक्त: देय कमीशन या अन्य

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 494 (ई) तारीख 30 अक्तूबर, 1973 द्वारा अन्त:स्थापित
2. 1960 के अधिनियम सं. 65 की धारा 217 द्वारा अन्त:स्थापित।
3. 1960 के अधिनियम सं. 65 की धारा 217 द्वारा पैरा 4 के स्थान पर प्रतिस्थापित।
4. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 414, तारीख 21 मार्च, 1961 द्वारा प्रतिस्थापित।

पारिश्रमिक में ;

[4][(iv) वह कमीशन जो उन संविदाओं लेखे अन्य समुत्थानों के विक्रय या क्रय अभिकर्ता के रूप में प्रबंध अभिकर्ता या उसके सहयुक्त को अधिनियम की धारा 359 के अधीन प्राप्त हुआ है या उसे प्राप्य है, जो संविदा ऐसे समुत्थान द्वारा उस कंपनी से की गई थी;]

(v) मालों तथा सामग्रियों के क्रय या विक्रय की या सेवाओं के प्रदाय की उन संविदाओं का धन मूल्य जो कंपनी ने वित्तीय वर्ष के दौरान प्रबंध अभिकर्ता या उसके सहयुक्त से धारा 360 के अधीन की हैं;

[4][(vi) अन्य मोक और कमीशन जिसके अन्तर्गत प्रत्याभूति कमीशन आता है (इनके ब्यौरे दिए जाएँ);]

(vii) कोई अन्य नकदी में या वस्तु रूप में परिलब्धियाँ या फायदे (जहाँ साध्य हो वहाँ उनका लगभग धन मूल्य लिखा जाए);

(viii) पैंशनें आदि —

(क) पेंशनें,

(ख) उपदान,

(ग) अपने चंदों और उन पर ब्याज से आधिक्य में भविष्य निधियों से संदाय,

(घ) पद हानि के लिए प्रतिकर,

(ड.) पद से निवर्तन से संबंधित प्रतिफल।

[1][4क. लाभ-हानि लेखा में अधिनियम की धारा 349 के अनुसार शुद्ध लाभ की संगणना देते हुए या वह संगणना दर्शित करते हुए कथन के रूप में एक टिप्पणी कमीशन के उन सुसंगत ब्यौरों के साथ दिया हुआ होगा जो ऐसे लाभ के प्रतिशत भाग के रूप में निदेशकों (जिनके अंतर्गत प्रबंध निदेशक आते हैं), प्रबंध अभिकर्ताओं, सचिवों तथा कोषपालों या प्रबंधक को, यदि कोई हो, देय हैं।]

[2][4 ख.] लाभ-हानि लेखा में, इसके अतिरिक्त उन रकमों की बाबत ब्यौरेवार जानकारी अन्तर्विष्ट होगी या टिप्पणी के रूप में दी हुई होगी [3][जो चाहे देय फीस, व्यय या अन्यथा की गई सेवाओं के लिए संपरीक्षक को—]

(क) संपरीक्षक के रूप में, [4] [***]

[5][(ख) निम्मलिखित के बारे में सलाहकार के रूप में या किसी अन्य हैसियत में,–

(1) कराधान संबंधी मामले,

(2) कंपनी विधि मामले,

(3) प्रबंध सेवाएँ; और

(ग) किसी अन्य रीति में।]

---

1. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 494 (ई) तारीख 30 अक्तूबर, 1973 द्वारा अन्त:स्थापित
2. 1960 के अधिनियम सं. 65 की धारा 217 द्वारा अन्त:स्थापित।
3. 1960 के अधिनियम सं. 65 की धारा 217 द्वारा पैरा 4 के स्थान पर प्रतिस्थापित।
4. अधिसूचना सं.सा.का.नि. 455, तारीख 27 अप्रैल, 1974 द्वारा ''और' शब्द का लोप किया गा।
5. अधिसूचना स.सा.का.नि. 455, तारीख 27 अप्रैल, 1974 द्वारा प्रतिस्थापित।

[6][(4ग.) विनिर्माता कंपनियों की दशा में, लाभ-हानि खाते में टिप्पणी के रूप में विनिर्माता मालों के प्रत्येक वर्ग को बाबत निम्नलिखित के बारे में परिणाम विषयक सूचना विस्तार सहित होगी, अर्थात्:-

(क) अनुज्ञप्त क्षमता (जहाँ अनुज्ञप्त प्रवृत्त है)

(ख) प्रतिष्ठापित क्षमता, और

(ग) वास्तविक उत्पादन।

टिप्पणी 1 कंपनी की अनुज्ञप्ति और प्रतिष्ठापित क्षमता, जैसी कि वह उस वर्ष के अंतिम दिन की है जिससे लाभ-हानि संबंधित है, क्रमशः उपरोक्त मद (क) और (ख) के सामने उल्लिखित की जाएंगी।

टिप्पणी 2 मद ग के सामने, विक्रय के लिए परिष्कृत उत्पादों के संबंध में वास्तविक उत्पादन उल्लिखित किया जाएगा। उन मामलों में जहाँ कंपनी द्वारा अर्ध-साधित उत्पादों का विक्रय भी किया जाता है, वहाँ उनके पृथक् ब्यौरे दिए जाएँगे।

टिप्पणी 3 इस पैरे के प्रयोजन के लिए, वे मद जिनके लिए कंपनी के पास पृथक् औद्योगिक अनुज्ञप्तियाँ हैं, माल के पृथक् वर्गों के रूप में समझी जाएँगी, किंतु जहाँ कंपनी के पास विभिन्न स्थानों पर मद के उत्पादन के लिए या अनुज्ञप्ति क्षमता के विस्तार के लिए एक से अधिक औद्योगिक अनुज्ञप्तियों हैं, वहाँ ऐसी सभी अनुज्ञप्तियों के अंतर्गत आने वाली मद को एक वर्ग के रूप में समझा जाएगा।

4 घ. लाभ-हानि खाते में टिप्पणी के रूप में निम्नलिखित सूचना भी होगी, अर्थात्:-

(क) वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित के बारे में कंपनी द्वारा सी.आई.एफ. के आधार पर संगणित आयातों का मूल्य:-

(i) कच्चा माल,

(ii) संघटक और फालतू पुर्जे,

(iii) पूँजी माल,

(ख) वित्तीय वर्ष के दौरान स्वामित्व, जानकारी, वृतिक परामर्श फीसें, ब्याज और अन्य बातों के कारण विदेशी मुद्रा में हुए व्यय,

(ग) वित्तीय वर्ष के दौरान उपयुक्त सभी आयातित कच्चे माल, फालतू पुर्जे और संघटकों का मूल्य और उन सभी देशी कच्चे माल फालतू पुर्जे ओर संघटक का मूल्य जिनका उपभोग समान रूप से होता है ओर प्रत्येक का सकल उपभोग से प्रतिशत,

(घ) लाभांशों मुद्दे विदेशी मुद्रा में वर्ष के दौरान भेजी गई रकम जिसमें अतिवासी अंशधारियों की संख्या उनके द्वारा धारित उन अंशों की संख्या जिन पर लाभांश प्रोद्भूत हुए थे और वह वर्ष जिसके बारे में लाभाश दिए गए हों,

(ङ.) वह उपार्जन जो विदेशी मुद्रा में हैं, निम्नलिखित शीर्षकों में वर्गीकृत किए जाते हैं, अर्थात्: -

(i) एफ.ओ.बी. आधार पर संगणित मालों का निर्यात,

---

[6] अधिसूचना सं.सा.का.नि. 494 (ई) तारीख 30 अक्तूबर, 1973 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ii) स्वामित्व, जानकारी, वृतिक और परामर्श फीस,

(iii) ब्याज और लाभांश,

(iv) वह आय, जिसमें उनकी प्रकृति उपदर्शित होगी।,

5. केंद्रीय सरकार यह निदेश दे सकेगी कि कंपनी आस्तियों में अवक्षयण, उनके नवीकरण या उनके मूल्य में कमी के लिए उपबंधित रकमों से भिन्न ऐसी रकमों को, जो अलग-अलग रख ली गई हैं, दिखाने के लिए आबद्ध उस दशा में न होगी जिसमें कि केंद्रीय सरकार का समाधान हो गया है कि वह जानकारी लोकहित में संप्रकट न की जानी चाहिए और उससे कंपनी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा किंतु यह बात इस शर्त के अधीन रहते हुए है कि ऐसे अलग रखी गई रकम को गणना में लेने के पश्चात् निकली रकम जिसे किसी शीर्षक के अधीन दिखाई गई है वह उपलबंध ऐसे किया या अंकित किया जाएगा कि उससे वह तथ्य उपदिर्शित हो जाए।

6. (1) इस अधिनियम के प्रारंभ के पश्चात् कंपनी के समक्ष रखे गए प्रथम लाभ-हानि लेखा की दशा को छोड़ कर लाभ-हानि लेखे में अव्यवहित पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में लाभ-हानि लेखे में दी गई सब मदों के लिए तत्स्थानी रकमें दिखा दी जाएँगी।

(2) उपखंड (1) में ज़ो अपेक्षा है वह वह ऐसी कंपनियों की दशा में, जो त्रैमासिक या अर्धवार्षिक लेखा तैयार करती है, उस कालावधि के लाभ-हानि लेखा से संबंधित होगी जो पूर्ववर्ती वर्ष में तत्स्थानी तारीख को खत्म हुआ था।

तुलन-पत्र का लम्बवत प्रारूप

ब. लम्बवत प्रारूप

कंपनी का नाम.....................

तुलन-पत्र ....

	खण्ड संख्या	*चालू वित्तीय वर्ष के अंत की राशि*	*पिछले वित्तीय वर्ष के अंत की राशि*
1 2	*3*	*4*	*5*
I. कोषों के स्रोत			
(1) अंशधारकों का कोष :			
(a) पूँजी			
(b) संचय एवं आधिक्य			
(2) ऋण कोष :			
(a) सुरक्षित ऋण			
(b) असुरक्षित ऋण			
योग			
II. कोषो का प्रयोग			
(1) स्थायी परिसंपत्तियां :			
(a) सकल खण्ड			
(b) घटाया : ह्रास			
(c) शुद्ध खण्ड			
(d) कार्यरत पूँजी			
(2) विनियोग			
(3) चालू परिसंपत्तियां, ऋण एवं अग्रिम :			
(a) रहतिया			
(b) विविध देनदार			
(c) हतस्थ एवं बैंकस्थ रोकड़ शेष			
(d) अन्य चालू परिसंपत्तियां			
(e) ऋण एवं अग्रिम			
घटाया :			
चालू देयताएं एवं प्रावधान :			
(a) देयताएं			
(b) प्रावधान			
शुद्ध चालू परिसंपत्तियां			
(4) (a) विविध व्यय जिसे अपलिखित या समायोजित न किया गया हो			
(b) लाभ एवं हानि खाता			
योग			

अध्याय 2

वित्तीय विश्लेषण के साधन

अधिगम उद्देश्य

इस अध्याय को पढ़ने के बाद आप :

- कंपनी की वार्षिक प्रतिवेदन के मुख्य भागों का वर्णन कर सकेंगे;
- वित्तीय विश्लेषण के साधनों का वर्णन कर सकेंगे;
- तुलनात्मक एवं समरूप विवरण बना सकेंगे;
- तुलनात्मक एवं समरूप विवरण की अर्थपूर्ण व्याख्या कर सकेंगे।

इस पाठ में तुलन-पत्र तथा लाभ-हानि खाते की व्याख्या करने का प्रयास किया गया है ताकि वित्तीय स्थिति तथा संचालन दक्षता में आए परिवर्तनों को समझने के लिए (क) तुलनात्मक विवरण, और (ख)समरूप विवरण तैयार कर सकें।

लेखांकन प्रक्रिया के अंतिम उत्पाद तुलन-पत्र, लाभ-हानि खाता तथा रोकड़ प्रवाह विवरण हैं। इनके साथ मंडल प्रतिवेदन, परिशिष्ट तथा अनुसूचियों द्वारा विस्तृत विवरणों को संलग्नित किया जाता है। वित्तीय विवरणों में सूचना इस प्रकार क्रमागत् होती है कि एक उपक्रम की कार्यप्रणाली तथा वित्तीय-दशा को अनुमानित किया जा सके।

वित्तीय विश्लेषण प्रक्रिया को व्यवहारिक स्वरूप देने के लिए पंजाब ट्रैक्टर लिमिटेड की वर्ष 2001 के वार्षिक प्रतिवेदन से कुछ अंश अधोलिखित हैं।

वार्षिक प्रतिवेदन वह प्रतिवेदन है जो कंपनी द्वारा अपने स्वामियों अर्थात् अंशधारकों के लिए प्रतिवर्ष जारी किए जाते हैं। वार्षिक प्रतिवेदन संक्षिप्त खाते एवं विवरण हैं जो कि प्रत्येक वर्ष कंपनी द्वारा अपने स्वामियों अर्थात् अंशधारकों के लिए जारी किए जाते हैं। इनमें आधारभूत वित्तीय विवरण सहित गत् वर्ष के कार्य निष्पादन पर प्रबंधकीय चर्चा तथा भविष्य की संभावनाओं की जानकारी मंडल प्रतिवेदन द्वारा दी जाती है।

तुलन-पत्र तथा लाभ एवं हानि लेखों में सभी आंकड़े लाख रुपयों में हैं।

प्रदर्श 2.1

PUNJAB TRACTORS LIMITED
BALANCE SHEET AS AT MARCH 31, 2001

(Rs. in lacs)

	Schedule	Rs.	2001 Rs.	Rs.	2000 Rs.
SOURCES OF FUNDS					
Shareholders Funds					
Capital	A	60,75.57		20,25.19	
Reserves and surplus	B	373,56.31	434,31.88	351,76.32	372,01.51
Loan Funds					
Secured Loans	C	4.58			—
Unsecured Loans	D	13,10.00	13,14.58		12,75.32
Total			**447,46.46**		**384,76.83**
APPLICATION OF FUNDS					
Fixed Assets	E				
Gross Block		262,14.84		244,13.58	
Less : Depreciation		107,26.89		90,54.04	
Net Block		154,87.95		153,59.54	
Capital Work-in-Progress/ Advance and Construction Stores in Hand		7,58.26		6,64.59	
Capital Spares		66.53	163,12.74	84.38	161,08.51
Investment	F		7,73.46		10,84.92
Current Assets, Loans and Advances	G				
Inventories		96,87.87		119,68.50	
Sundry Debtors		298,28.64		88,27.90	
Cash and Bank Balances		4,19.64		18,39.79	
Loans & Advances		59,55.51		71,09.68	
		458,91.66		297,45.87	
Less :					
Current Liabilities and Provisions	H	182,31.40		84,62.47	
Net Current Assets			276,60.26		212,83.40
Total			**447,46.46**		**384,76.83**
Notes on Accounts	L/M				

PUNJAB TRACTORS LIMITED
PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED MARCH 31, 2001

(Rs. in lacs)

	Schedule	Rs.	2001 Rs.	Rs.	2000 Rs.
INCOME					
Revenue from Operations	L(14)	1119,46.37		1170,20.86	
Dividend Income	L (7)	2,03.33	1121,49.70	8,13,68	1178,34.54
EXPENDITURE					
Raw Material, Finished & Semi Finished Products	I	651,26.87		696,43.81	
Excise Duty		154,99.10		153,36.46	
Operating & Administrative Expenses	J	130.47.32		125,08.45	
Finance Charges (Net)	K	(7.18)		(2,97.00)	
Depreciation	E	16,91.90	953,58.01	15,98.17	987,89.89
Profit for the year			167,91.69		190,44.65
Prior Period Adjustments			(+) 10.14		(-) 3.75
Profit Before Tax			168,01.83		190,40.90
Provision For Tax			55,50.00		57,15.00
Profit After Tax Available for Appropriation			**112,51.83**		**133,25.90**
Interim Dividend		—		39,49.12	
Final Dividend		45,56.68		13,16.37	
Tax on Interim & Final Dividend		4,64.78		7,24.01	
Transfer to General Reserve		61,30.37		72,36.40	
Profit Carried to Balance Sheet		1,00.00	**112,51.38**	1,00.00	**133,25.90**

PUNJAB TRACTORS LIMITED

SCHEDULE A *(Rs. in lacs)*

	2001	2000
SHARE CAPITAL		
Authorised		
Rs. 7,50,00,000 (2000-4,92,00,000) Equity Shares of Rs. 10/- Each	75,00.00	49,20.00
Preference Shares – Nil (2000-80,000) of Rs. 100 each	–	80.00
	75,00.00	**50.00.00**

Issued, Subscribed & Paid up		
6,07,55,700 (2000-2,02,51,900) Equity Shares of Rs. 10	60,75.57	20,25.19
each fully paid	60,75.57	20,25.19
	60,75.57	**20,25.19**

Note : *Paid up Capital Includes 5,61,32,725 (2000-1,56,28,925) Equity Shares allotted as fully paid Bonus Shares by Capitalisation of General Reserve and Share Premium.*

SCHEDULE B *(Rs. in lacs)*

		2001		2000
RESERVES AND SURPLUS Preference Share Redemption Reserve		30.00		30.00
Share Premium	9,39.49	–	9,39.49	
Less : Capitalised by Issue of Bonus Shares	9,39.49	–	9,39.49	–
Investment Allowance (Unilised) Reserve	–		1,20.00	
Less : Transferred to General Reserve	–	–	1,20.00	–
General Reserve				
Brought Forward	334,06.83		260,50.43	
Less : Capitalised by Issue of Bonus Shares	31,10.89	302,95.94	–	260,50.43
Add: Transferred from Investment Allowance (Utilised) Reserve	–		1,20.00	
Transferred from Profit and Loss Account	61,30.87	364,26.31	72,36.40	334,06.83
Surplus :				
Brought Forward	8,00.00		7,00.00	
Add : Transferred from Profit & Loss Account	1,00.00	9,00.00	1,00.00	8,00.00
		373,56.31		**351,76.32**

PUNJAB TRACTORS LIMITED

SCHEDULE C *(Rs. in lacs)*

SECURED LOANS	2001	2000
Loans from Banks		–
Cash Credit Account	4.58	
	4.58	–

Note : *Loans from Banks are secured by hypothecation of stock, stores and book debts.*

SCHEDULE D

(Rs. in lacs)

	2001	*2000*
UNSECURED LOANS		
Fixed Deposits from Public	13,10.00	12,75.32
(Include Interest Accrued and Due Rs. 10.70 lacs (2000 Rs. 9.89 lacs))	13,10.00	12,75.32

PUNJAB TRACTORS LIMITED

SCHEDULE E

FIXED ASSETS (Rs. in lacs)

DESCRIPTION	GROSS BLOCK				DEPRECIATION			NET BLOCK		
	Cost as at 31st March, 2000	Additions	Deletions/ Adjustments	Cost as at 31st March 2001	As at 31st March 2000	Provided During the Year	Deletions/ Adjustment	Upto 31st March, 2001	As at 31st March, 2001	As at 31st March, 2000
Land Freehold	49.65	25.73	—	75.38	—	—	—	—	75.38	49.65
Building	32,30.28	1,13.66	—	33,43.94	7,38.05	1,09.78	—	8,47.83	24,96.11	24,92.23
Plan & Machinery	190,79.62	16,00.47	9.24	206,75.85	75,02.39	13,89.02	8.77	88,82.64	117,88.21	115,77,23
Electrical Installations	12,13.53	34.54	4.37	1243.70	3,83.31	87.54	.22	4,70.63	7,73.07	8,30.22
Furniture, Fixtures & Officer Equipments	5,79.15	65.57	42.43	6,02.29	2,69.11	57.07	3.15	3,23.03	2,79.26	3,10.04
Vehicles	2,61.35	25.93	8.60	2,78.68	1,61.18	48.49	6.91	2,02.76	75.92	1,00.17
Total	**244,13.58**	**18.65.90**	**64.64**	**262,14.84**	**90.54.04**	**16,91.90**	**19.055**	**107,26.89**	**154,87.95**	**153,59.54**
Capital Work-in-Progress/Advances									7,51.88	6,51.90
Construction Stores in Hand									6.38	12.69
Capital Spares									66.53	84.38
									163,12.74	**161.08.51**
2000	219,23.76	25,64.12	74.30	244,13.58	75,27.19	15,98.17	71.32	90.54.04		

Note : Depreciation on all assets has been provided on straight line method and on the basis of double shift.

PUNJAB TRACTORS LIMITED

SCHEDULE F *(Rs. in lacs)*

		2001		2000
INVESTMENTS (AT COST)				
Trade-Quoted				
Swaraj Automotives Limited 5,80,000 Equity Shares of Rs. 10 each fully paid		5.83		5.83
Swaraj Mazda Limited *(a company under the same management)*				
30,45,000 Equity Share of Rs. 10 each fully paid		3,04.50		3,04.50
Swaraj Engines Limited				
13,73,000 Equity Shares of Rs. 10 each fully paid		68.65		68.65
Industrial Development Bank of India				
से एक दूसरे से संबंधित नहीं हैं। अतः, जब भी एक अनुपात की गणना की जाती है, विश्लेषणकर्ता को चाहिए कि अनुपात की दोनों संख्याओं के मध्य एक तर्कपूर्ण संबंध हो। इसी के एक उपसिद्धांत के रूप में, हम किसी भी प्रकार का अनुपात बना सकते हैं, जिससे एक व्यावसायिक उपक्रम की कार्यकुशलता का विश्लेषण किया जा सके। यह हमारे उद्देश्य पर निर्भर करता है और इस शर्त पर कि हम उसमें किस स्तर तक तार्किक संबंध देखते है।

एक अनुपात को निम्न प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है :

(1) प्रतिशत के रूप में, जैसे सकल लाभ अनुपात विक्रय का 25% है (सकल लाभ 1,000 रु. को विक्रय 4,000 रु. से भाग देकर एवं 100 से गुणा करके निकला गया है।)

(2) अनुपात के रूप में, जैसे चालू अनुपात 2:1 है। चालू परिसंपत्तियों 2,000 रु. को चालू दायित्वों 10,000 रु. से भाग कर निकाला गया है।

(3) गुना के रूप में, जैसे स्कन्ध आवर्त अनुपात 5 गुना है (विक्रय 40,000 रु. को औसत रहतिये 80,000 रु. से भाग किया गया)

(4) भिन्न के रूप में, जैसे शुद्ध लाभ विक्रय का दसवाँ भाग है (शुद्ध लाभ 4,000 रु. को विक्रय 40,000 रु. से भाग करके निकाला गया है।)

3.2 अनुप्रस्थ एवं समय-शृंखला विश्लेषण

अनुपात विश्लेषण की चर्चा हमने दंतमंजन के एक ब्राण्ड से प्रारंभ की। यह अनुपात 20% निकाला। इसका उद्देश्य ब्राण्ड 'x' का बाजार अंश जानना था। एक अनुपात की व्याख्या के लिए, इस प्रश्न का उत्तर जानना होगा कि ब्राण्ड 'x' का बाजार अंश अधिक है या कम। इस प्रश्न के उत्तर के लिए इस अनुपात की तुलना या तो अन्य ब्राण्डों से अथवा एक ही समयावधि में उसी ब्राण्ड के बाजार अंश से करनी होगी।

अनुप्रस्थ विश्लेषण

ब्राण्ड 'x' की तुलना दंतमंजन के अन्य ब्राण्डों से की जा सकती है। हम अन्य ब्राण्डों के अनुपातों की गणना भी इसी प्रकार करेंगे और तब ब्राण्ड 'x' के 20% अनुपात से इनकी तुलना करेंगे। इसके आंकड़ें अधोलिखित है :

दंतमंजन के विभिन्न ब्राण्डों का बाजार अंश (2002)

ब्राण्ड 'x'	ब्राण्ड 'y'	ब्राण्ड 'z'
20%	45%	35%

उपरोक्त आँकड़ों के आधार पर यह ज्ञात किया जा सकता है कि ब्राण्ड 'x' का बाजार अंश सबसे कम है। इस प्रकार का विश्लेषण अनुप्रस्थ विश्लेषण कहलाता हैं। इस विश्लेषण में, एक ही ब्राण्ड की तुलना

प्रतियोगियों अथवा उद्योग-औसत से एक ही समय-बिंदु पर की जाती है। इस प्रकार का विश्लेषण विद्यमान कठिनाइयों को पहचानने में सहायक होता है। यह कठिनाइयों के कारणों की जाँच तथा सुधारात्मक कार्यों को करने में सहायता करता हैं। परंतु, अनुप्रस्थ रचना का चयन सावधानीपूर्वक करना आवश्यक है। यहाँ समानता का एक ही चरांक होना आवश्यक है। उदाहरणार्थ, ब्राण्ड 'x' की तुलना ब्राण्डों 'y' एवं 'z' के साथ केवल तभी की जा सकती है जबकि ये दोनों उत्पाद एक ही प्रकार के हो तथा एक ही बाजार में बिकते हो।

समय-शृंखला विश्लेषण

एक अन्य विधि के अनुसार, ब्राण्ड 'x' के सापेक्षिक बाज़ार अंश की गणना इसी ब्राण्ड के बाज़ार अंश से एक समयावधि में की जाती है। उस समयावधि का चयन सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए जिससे सही तुलना संभव हो सके। इस विश्लेषण में एक समयावधि के आँकड़ों में एक समान गुण होने चाहिए जिससे अर्थपूर्ण निष्कर्षों तक पहुँचा जा सके। विश्लेषण की समयावधि के दौरान हुए परिवर्तनों, जैसे लेखांकन नीति, सरकारी नीति, तकनीकी विकास एवं प्रतियोगिता के प्रति सावधानी बरतनी चाहिए। उदाहरणस्वरूप, एक कंपनी अपनी ह्रास नीति सीधी रेखा पद्धति में, परिवर्तन के प्रभाव को दर्शाना होगा जिससे अनुप्रस्थ विश्लेषण संभव हो सके। इस प्रकार की स्थिति तब होगी जब सामान्यत: एक वर्ष की लेखांकन अवधि (12 महीने) को किसी और अवधि में परिवर्तित किया जाता हैं। उदाहरणस्वरुप, 15 महीने की लेखांकन अवधि है तब इन 15 कालांशों को 12 महीनों में विभक्त किया जाएगा, अन्यथा दो वर्षो के आँकड़ों की तुलना नहीं की जा सकेगी। मान लेते हैं कि यह समय-शृंखला विश्लेषण पाँच वर्षों के लिए किया जा रहा है। पाँच वर्षों के लिए ब्राण्ड 'x' का बाज़ार अंश निम्नलिखित है : (वर्ष 1997-2001)

वर्ष	1997	1998	1999	2000	2001
बाज़ार अंश	40%	37%	30%	27%	25%

यह अनुपात व्यवहार स्पष्ट रूप से संकेत दे रहा है कि अनुपात कम होता जा रहा है। इसका अर्थ है कि ब्राण्ड 'x' का बाज़ार अंश कम होता जा रहा है। हम यह स्पष्ट निर्णय इसलिए दे सकते हैं क्योंकि हमने इस अनुपात व्यवहार को एक समयावधि तक अवलोकित किया है। इस प्रकार के विश्लेषण को समय-शृंखला विश्लेषण कहते है। समय-शृंखला विश्लेषण एक व्यावसायिक उपक्रम के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करता है और उन दोनों की पहचान में सहायता करता है यहां सुधारात्मक कार्य करने की आवश्यकता है। इस स्थिति को भलीभांति समझने के लिए हम अनुप्रस्थ विश्लेषण एवं समय-शृंखला विश्लेषण दोनों को एक साथ उपयोग में ला सकते है।

जैसे कि पहले चर्चा की गई है कि एक अनुपात की गणना किसी उद्देश्य के आधार पर की जाती है। अत: यह आवश्यक हो जाता है कि वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में रूचि रखने वाले विभिन्न पक्षों की आशाओं को ध्यान में रखें। लेनदार, अंशधारी एवं प्रबंधकर्ता अनुपात विश्लेषण का प्रयोग करने तथा वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में हित रखते हैं। लेनदार अल्पकालीन व दीर्घकालीन हो सकते है।

अल्पकालीन लेनदार मुख्य रूप से उपक्रम की तरलता में रूचि रखते हैं क्योंकि इनके दायित्वों का भुगतान अल्पकाल में किया जाता है। तरलता विश्लेषण से तात्पर्य एक उपक्रम की उस क्षमता से है जिसमें वह अल्पकालीन दायित्वों का भुगतान कर सकें।

दीर्घकालीन लेनदारों का हित भिन्न होता है। वे उपक्रम की उस क्षमता में रूचि रखते हैं जिससे वे अपनी ऋण के रूप में दी गई राशि व उसके ब्याज के भुगतान के बारे में पता लगा सकें। अतः, ऐसे लेनदार संगठन की दीर्घकालीन लाभोपार्जन क्षमता, रोकड़ प्रवाह उत्पन्न क्षमता एवं दीर्घकालीन ऋणों की मात्रा व वृद्धि के बारे में अधिक ध्यान रखते हैं जिससे वे उपक्रम की शोधन-क्षमता स्थिति को समझ सकें।

अंशधारी (वर्तमान व भावी) अंश कीमतों व लाभांश के रूप में होने वाली आय में रूचि रखते हैं। प्रबंधक उपक्रम के सभी पहलुओं से संबंधित होते है इसलिए प्रबंधक उपक्रम के पूर्ण विश्लेषण में रूचि रख सकते हैं जैसे कि तरलता, शोधन-क्षमता, परिचालनता एवं लाभोपार्जन क्षमता।

3.3 मानक/मापदण्ड

जैसा कि पहले भी चर्चा की गई कि हम अनुपातों की गणना इसलिए करते हैं क्योंकि इस प्रकार की गई तुलना अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। एक अनुपात की गुणवत्ता पर टिप्पणी करने के लिए उसका किसी मानक या मापदण्ड से तुलना करनी होती है। ये मानक अधोलिखित हो सकते है :

(i) *विगत अनुपात :* *एक अनुपात की पिछले वर्ष के अनुपात से तुलना की जा सकती है। इस प्रक्रिया को* समय-शृंखला विश्लेषण में वर्णित किया गया है।

(ii) *समान इकाइयों या उद्योग औसत अनुपात :* एक अनुपात की समान इकाइयों के अनुपात से या एक ही समय-बिंदु पर औसत उद्योग अनुपात से तुलना की जा सकती है। इस प्रक्रिया की अनुप्रस्थ विश्लेषण में चर्चा की गई हैं।

(iii) *अंगुठा टेक सिद्धांत :* अंगुठा टेक सिद्धांत समय के साथ विकसित होते हैं। उदाहरण के लिए, अनुभव के आधार पर चालू अनुपात 2:1 होना चाहिए, अर्थात् चालू परिसंपत्तियाँ चालू दायित्वों से दुगुनी होनी चाहिए। तथापि ये अगुठा टेक सिद्धांत सावधानी पूर्वक प्रयोग में लाने चाहिए।

3.4 अनुपातों के प्रकार

वित्तीय अनुपातों को चार वर्गों में बाँटा जा सकता है :

(i) तरलता अनुपात

(ii) शोधन-क्षमता अनुपात

(iii) परिचालन (आवर्त या निष्पादन) अनुपात

(iv) लाभोपार्जन क्षमता अनुपात

जब हम इन विभिन्न वर्गों के अनुपातों की विस्तृत चर्चा करें तो यह जान पाएंगे कि तरलता, शोधन-क्षमता एवं परिचालन अनुपात जोखिम को मापते हैं तथा लाभोपार्जत क्षमता अनुपात आय को मापता है। इनमें से कुछ अनुपात अल्पकालीन मापक होते है जबकि अन्य दीर्घकालीन मापक होते हैं। शोधन-क्षमता अनुपात की गणना दीर्घकालीन परिपेक्ष्य में की जाती है जबकि अन्य वर्गों के अनुपात मुख्यतया अल्पकालीन मापन पर बल देते है।

अनुपात विश्लेषण का एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि इनमें निष्पादन कला की भाँति अधिक कल्पनात्मकता व सृजनात्मकता होती है। अनुपातों के एक समूह का चयन यूं तो उद्देश्य व लक्ष्य पर आधारित होता है किंतु इनकी व्याख्या विश्लेषक की प्रतिभा कौशल या कल्पनाशक्ति पर निर्भर करती है। यद्यपि हमारे पास कुछ अनुपातों के समूह हैं तथापि व्यवसाय के निरंतर बदलते आयामों व जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए, वित्तीय विश्लेषण की आवश्यकताओं के अनुकूल नए अनुपातों का सृजन निर्माण किया जा सकता हैं।

अब हम चारों वर्गों के प्रत्येक अनुपात की चर्चा करते है। हम पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड के आँकड़ों का प्रयोग करेंगे जिसके वार्षिक खाते पिछले अध्याय में दिए गए है।

3.4.1 तरलता अनुपात

तरलता का अर्थ है अल्पकालीन देयताओं का भुगतान करने की क्षमता। देयताओं का भुगतान चालू परिसंपत्तियों द्वारा किया जाता है। एक तरल परिसंपत्ति वह है जिसे आसानी से रोकड़ में परिवर्तित किया जा सके। यदि हमारी तरल परिसंपत्तियाँ निम्न गुणवत्ता की है तो आवश्यकता पड़ने पर उन्हें रोकड़ में परिवर्तित करने में कठिनाई होती हैं। अथवा यदि तरल परिसंपत्तियों में निवेश अल्पकालीन दायित्वों से कम होता है तो हम अल्पकालीन देयताओं के भुगतान में सक्षम नहीं होंगे।

अल्पकालीन ऋणदाताओं का प्राथमिक हित इस प्रकार के विश्लेषण में होता है। वह उपक्रम की तरलता का मूल्यांकन इस उद्देश्य से करते हैं कि उनके अल्पकालीन ऋण सुरक्षित होंगें या नहीं। इसी प्रकार, प्रबंध का हित भी यह जानने में होता है कि वे अपने किए गए वादों को समय पर पूरा कर पाएंगे या नहीं।

पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड का लेखांकन चक्र में देय चालू दायित्व 18,232.40 लाख रु. हैं। क्या पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड इस स्थिति में होगी कि वह अपने देयताओं का भुगतान कर पाएगी? अधोलिखित तरलता अनुपात इस प्रश्न का उत्तर देने में सहायक होगा :

3.4.1.1 चालू अनुपात

चालू अनुपात चालू परिसंपत्तियों व चालू दायित्वों के बीच संबंध है। चालू परिसंपत्तियों को अल्पकालीन समयावधि के आधार पर रखा जाता है। इन परिसंपत्तियों में रोकड़, बैंक शेष, पूर्वदत्त व्यय, देनदार, प्राप्य बिल, रहतिया (पूर्णनिर्मित माल, कार्य में प्रयुक्त माल, व कच्चा माल), अल्पकालीन निवेश/विनियोग एवं आर्जित आय शामिल है। साधारणतया अल्पकालीन से तात्पर्य एक लेखांकन समयावधि से है। चालू दायित्व वे दायित्व है जिनका भुगतान एक लेखांकन अवधि के भीतर करना होता है। चालू दायित्वों में लेनदार, रोकड़ उधार, अल्पकालीन बैंक अधिविकर्ष, खर्चों का दायित्व, अग्रिम आय एवं कोई अन्य दायित्व जिसका भुगतान चालू लेखांकन अवधि में देय हो साम्मिलित किए जाते हैं।

चालू अनुपात की गणना चालू परिसंपत्तियों को चालू दायित्वों से भाग देकर की जाती है।

$$\text{चालू अनुपात} = \frac{\text{चालू परिसंपत्तियाँ}}{\text{चालू दायित्व}}$$

पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड
31 मार्च 2002 के तुलन-पत्र का सार

(रु. लाख में)

	2001		2000	
चालू परिसंपत्तियाँ, ऋण व अग्रिम				
रहतिया	9,687.87		11,968.50	
विविध देनदार	29,828.64		8,827.90	
रोकड़ एवं बैक शेष	419.64		1,839.79	
ऋण एवं अग्रिम	5,955.51		7,109.68	
कुल योग	**45,891.66**		**29,745.87**	
घटाया: चालू दायित्व एवं प्रावधान	18,231.40		8,462.47	
शुद्ध चालू परिसंपत्तियाँ		**27,660.26**		**21,283.40**

पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड के लिए	2001	2000
चालू अनुपात	$\frac{45,891.66}{18,231.40}$	$\frac{29,745.87}{8,462.47}$
	= 2.5	= 3.5

इस अनुपात की व्याख्या कैसे हो? सामान्यतया चालू अनुपात 2:1 हो तो इसे स्वीकार किया जाता है। जबकि यह अंगुठा टेक सिद्धांत में उद्योग-दर-उद्योग अंतर होता है। चालू अनुपात जितना अधिक होता

है उतना ही अच्छा माना जाता है क्योंकि यह अधिक तरलता का सूचक है। व्याख्या की एक अन्य विधि के अनुसार इस अनुपात के व्यवहार का अवलोकन एक समयावधि के दौरान किया जाता है। जैसा कि पहले चर्चा की गई है कि इसे समय-शृंखला विश्लेषण कहते हैं। हमारे पास पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड के वर्ष 2000 एवं 2001 के चालू अनुपात है। इन दोनों अनुपातों की तुलना करने पर ज्ञात होता है कि यह अनुपात पिछले वर्ष की अपेक्षा कम हुआ है। इसका अर्थ यह है कि पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड की तरलता स्थिति इस समयावधि के दौरान क्षीण हुई है। जबकि पहले बताया गया है कि अंगुठा टेक सिद्धांतानुसार यह अनुपात 2:1 का होना चाहिए। तब यह कहा जा सकता है कि पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने चालू परिसंपत्तियों के निवेश में कटौती की है। इस अनुपात की व्याख्या प्रतियोगियों से या उद्योग औसत से तुलना करके भी की जा सकती है। जैसा कि पहले बताया गया है, यह प्रक्रिया अनुप्रस्थ विश्लेषण कहलाती हैं। उदाहरण के लिए, पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड के मुख्य प्रतियोगी महिन्द्रा एवं महिन्द्रा है। महिन्द्रा एवं महिन्द्रा का चालू अनुपात वर्ष 2001 का 1.4:1 है। यदि हम पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड के वर्ष 2001 के चालू अनुपात की महिन्द्रा एवं महिन्द्रा के चालू अनुपात से तुलना करें तो कोई भी यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड का चालू अनुपात अधिक है। यह लगभग दोगुना है। पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड को अपने चालू अनुपात को महिन्द्रा एवं महिन्द्रा के बराबर लाने के लिए हर संभव कदम उठाने होंगे, यदि पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड अपनी तरलता प्रबंध के मापक/मापदण्ड को महिन्द्रा एवं महिन्द्रा जैसा करना चाहता है।

तुलना के लिए उद्योग औसत को भी देखा जा सकता है। ट्रैक्टर उद्योग का चालू अनुपात वर्ष 2001 के लिए 1.4:1 है। इस उद्योग समूह में शामिल इकाइयाँ हैं — महिन्द्रा एवं महिन्द्रा, आयशर लिमिटेड, पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड, एस्कार्ट्स लिमिटेड एवं एच.एम.टी. लिमिटेड। इस अनुपात की तुलना करने पर एक बार फिर वही अवलोकन होता है जैसा कि महिन्द्रा एवं महिन्द्रा से तुलना करने पर हुआ था क्योंकि दोनों का चालू अनुपात समान है अर्थात् 1.4:1।

जबकि अत्यधिक चालू अनुपात उचित नहीं होता क्योंकि चालू परिसंपत्तियों के रूप में मुद्रा का अधिक विनियोग लाभोपार्जन क्षमता को कम करता है। यदि एक संगठन अधिक रहतिया रखता है तो इसका अर्थ है कि संगठन के कोषों का भारी भाग रहतिया में विनियोजित किया है जिससे लाभोपार्जन क्षमता पर प्रभाव पड़ता है। यह स्थिति अन्य सभी चालू परिसंपत्तियों के साथ भी होती है। इसके स्थान पर यदि कोषों का यही भाग स्थायी परिसंपत्तियों में विनियोजित किया जाता तो अधिक लाभ कमाया जा सकता था। अतः यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि तरलता व लाभोपार्जन क्षमता और अधिक लाभोपार्जन क्षमता होने पर तरलता कम होगी। अतः, इन दोनों में संतुलन बनाए रखना चाहिए।

उपरोक्त चर्चा से यह स्पष्ट होता है कि किसी अनुपात की व्याख्या अंगुठा टेक सिद्धांत अथवा किसी घटना का एक समयावधि के दौरान अवलोकन (समय-शृंखला विश्लेषण) अथवा उद्योग औसत या प्रतियोगी मापदण्ड (अनुप्रस्थ विश्लेषण) के संबंध में की जा सकती हैं।

अनुपान विश्लेषण एक साधन है और प्रत्येक साधन की भांति इसका प्रयोग विश्लेषक द्वारा सावधानी पूर्वक किया जाना चाहिए। इसका कुशल प्रयोग विश्लेषक की व्यकिगत कुशलता, अनुभव एवं निर्णय लेने की क्षमता पर निर्भर करता है।

3.4.1.1 तरल अनुपात

तरल अनुपात को 'अम्ल परख अनुपात' अथवा 'त्वरित अनुपात' के नाम से भी जाना जाता है। यह अनुपात किसी व्यावसायिक उपक्रम की अल्पकालीन शोधन-क्षमता को निर्धारित करता है। तरलता चालू परिसंपत्तियों को रोकड़ में परिवर्तित करने की क्षमता है। तरल अनुपात को निम्न प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है —

$$\text{तरल अनुपात} = \frac{\text{तरल परिसंपत्तियों का योग}}{\text{चालू दायित्वों का योग}}$$

तरल परिसंपत्तियों का आशय है चालू परिसंपत्तियाँ तथा रहतिया का अंतर। चालू दायित्वों का वर्णन चालू अनुपात के संदर्भ में पहले ही किया जा चुका है। तरल परिसंपत्तियों में केवल उन चालू परिसंपत्तियों को सम्मिलित किया जाता है जिन्हें संस्था के भुगतान हेतु आवश्यकतानुसार रोकड़ में परिवर्तित किया जा सकता है। अत: तरल परिसंपत्तियों के मूल्यांकन के लिए चालू परिसंपत्तियों में से कुछ परिासंपत्तियाँ जैसे रहतिया, पूर्व-प्रदत्त व्यय, प्राप्त बिलों का वह भाग जिसकी वसूली न हो सकती हो एवम् बिक्री योग्य प्रतिभूतियों का वह भाग जिसे बेचा न जा सके, को घटा देते हैं। जबकि यदि देनदारों व बिक्री योग्य प्रतिभूतियों की जानकारी स्पष्ट नहीं की गई हो तो इन्हें पुस्तक मूल्य पर प्राप्य माना जाएगा।

पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड की तरल परिसंपत्तियाँ (चालू परिसंपत्तियाँ घटा रहतिया) अधोलिखित है।

	2001	2000
	= 45,891.66 – 9,687.87 = 36203.79	= 29,745.87–11,968.50 = 17,777.37
तरल अनुपात	$= \frac{36,203.79}{18,231.40}$ **= 1.98**	$\frac{17,777.37}{8,462.47}$ **= 2.10**

साधारणतया तरल अनुपात 1.1 हो या इससे अधिक हो तो इसे अच्छा माना जाता है। क्योंकि यह दायित्वों के भुगतान की 100 % कोष उपलब्धता दर्शाता है। जबकि यह अंगुठा टेक सिद्धांत उद्योग दर उद्योग बदलता रहता है जैसा कि चालू अनुपात व अन्य सिद्धांतों के संदर्भ में होता है।

पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड के संदर्भ में यह अनुपात वर्ष 2001 के लिए 1.98 है। इसका अर्थ है कि तरलता का स्तर बहुत अधिक है। जैसा कि पहले बताया जा चुका है कि *अधिक तरलता कम लाभोपार्जन क्षमता।* अत: पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड को किसी मापदण्ड या उद्योग औसत का प्रयोग करना चाहिए जिससे इसकी तरलता स्थिति सही हो सके।

तरलता के दो उपायों एवं उनके औचित्य तथा गणना की प्रक्रिया को समझने के पश्चात् हम यह उल्लेख कर सकते हैं कि एक तरल अनुपात की गणना करते समय चालू परिसंपत्तियों की गुणवत्ता व मात्रा का तरल रहतिया है, परंतु यदि धीमी गति के देनदार हैं तो ऐसे देनदारों को चालू परिसंपत्तियों में से घटा देनी चाहिए (न कि रहतिये को)। अत: वे सभी चालू परिसंपत्तियाँ जो कि हमारे निर्णयानुसार कम तरल है,

चालू परिसंपत्तियों में से घटा देनी चाहिए। परंपरानुसार रहतिया सबसे कम तरल परिसंपत्ति मानी जाती हैं। अत: तरल अनुपात की गणना के लिए इसे चालू परिसंपत्तियों से कम किया जाता है। प्रबंधकों के दृष्टिकोण से उपरोक्त गणना की विधि एवं व्याख्या की वैधता तुलन-पत्र विश्लेषण के लिए है जिसकी प्रकृति अपरिवर्तनशील होती है क्योंकि यह एक समय बिंदु पर तैयार की जाती है। यह अधिक उपयोगी नहीं होगी यदि एक व्यवसाय के प्रबंधकीय निर्णय लेने पर प्रबंधकों का ध्यान उपक्रम की प्रचालन क्रियाओं/गतिविधियों पर केंद्रित हो। प्रचालन स्तर पर तरलता को दैनिक आधार पर तथा पूर्तिकर्ताओं द्वारा प्रदान उधार/ऋण की समयावधि के आधार पर व्यवस्थित किया जाता है। अत: व्यवसाय की रोकड़ उत्पत्ति क्षमता का मिलान इसके भुगतान चक्र में देय दायित्वों से लिया जाता है।

3.4.2 शोधन-क्षमता अनुपात

शोधन-क्षमता से अभिप्राय एक व्यवसाय की देय तिथि पर देयताओं के भुगतान योग्यता से हैं। कुछ भुगतान अल्पकाल में परिपक्व होते हैं जबकि कुछ दीर्घकाल में परिपक्व होते हैं। फर्म को अल्पकाल व दीर्घकाल दोनों प्रकार के भुगतानों का नियोजन करना होता है। हमने पिछले भाग में व्यवसाय की अल्पकालीन शोधन-क्षमता का विश्लेषण किया है। अब हम दीर्घकालीन शोधन-क्षमता का विश्लेषण करेंगे। दीर्घकालीन शोधन-क्षमता से तात्पर्य दीर्घकाल दायित्वों के भुगतान क्षमता/योग्यता से है। दीर्घकालीन ऋणदाता प्राथमिक रूप से इस प्रकार के विश्लेषण में रूचि रखते हैं।

दीर्घकालीन ऋणदाता मुख्य रूप से दो बातों में रूचि रखते हैं — ऋण रूप में प्रदान मूलधन राशि की सुरक्षा में तथा ऋण पर ब्याज एवं ऋण की किश्तों के पुन: भुगतान की सुनिश्चितता में। उदाहरण के लिए, एक करोड़ रुपए का ऋण 5 वर्षों के लिए 10% वार्षिक ब्याज की दर से दिया गया है। ऋणदाता यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि उसकी एक करोड़ की मूल धनराशि 5 वर्षों की समयावधि के लिए सुरक्षित रहे तथा उसे प्रतिवर्ष 10 लाख रु. ब्याज के रूप में नियमित रूप से मिलता रहें।

दीर्घकालीन शोधन-क्षमता के इन दो पहलुओं के विश्लेषण के लिए दो अनुपातों की गणना की जाती है : ऋण-समता अनुपात एवं ब्याज व्याप्ति अनुपात। ब्याज व्याप्ति अनुपात एक उपक्रम द्वारा अर्जित धनराशि में से ब्याज भुगतान क्षमता से संबंधित होता है। इसे शुद्ध प्रचालन रोकड़ अंत: प्रवाहों पर ब्याज व्याप्ति की गुणांक के रूप में व्यक्त किया जाता है। दूसरे शब्दों में ,

ब्याज व्याप्ति अनुपात = शुद्ध प्रचालन रोकड़ अंत: प्रवाह/ऋण प्रभार

शुद्ध प्रचालन रोकड़ अंत: प्रवाहों की गणना की चर्चा 'रोकड़ प्रवाह विवरण' अध्याय में करेंगे।

3.4.2.1 ऋण-समता अनुपात

यह अनुपात उपक्रम के दीर्घकालीन ऋणों एवं समता के बीच संबंध दर्शाता है। इस अनुपात द्वारा एक उपक्रम के ऋण स्तर का पता चलता है।

दीर्घकालीन ऋणदाता, व्यावसायिक संस्था में निवेशित बाहरी दीर्घकालीन ऋणों एवं स्वामित्व कोष की स्थिति के लिए उत्सुक रहते हैं। इस प्रकार के संबंध को स्थापित करके वे एक समय बिंदु पर यह जांचते

हैं कि दीर्घकालीन ऋणों की तुलना में स्वामियों का अंश कितना है। दीर्घकालीन ऋणों की परिपक्वता अवधि सामान्यतया एक वर्ष से अधिक होते है। इनमें ऋण-पत्र, बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त ऋण तथा सार्वजनिक जमा शेष सम्मिलित होते है। समता (जिसे अंशदाता कोष कहा जाता है) में समता अंश पूँजी, अधिमानी अंश पूँजी, सामान्य संचय, पूँजीगत संचय, प्रतिभूति अधिमूल्य खाते का शेष तथा वे समस्त संचय एवं अधिशेष शामिल होते हैं जिनपर अंशधारियों का अधिकार है। समता की गणना हेतु फुटकर व्ययों तथा लाभ एवं हानि खाते के नाम शेष को घटा दिया जाता है। ऋण-समता अनुपात को निम्न प्रकार व्यक्त किया जा सकता है :

$$\text{ऋण-समता अनुपात} = \frac{\text{ऋण}}{\text{समता}}$$

पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड
31 मार्च 2001 के तुलन-पत्र का अंश

अंशधारी कोष		*2001*		*2000*
पूँजी	6,075.57		2,025.19	
संचय एवं अधिशेष	37,356.31	**43,431.68**	35,176.32	**37,201.51**
ऋण कोष				
सुरक्षित ऋण	4.58			1,275.30
असुरक्षित ऋण	1,310.00	1,314.58	–	
		44,746.46		**38,476.83**

	2001	*2000*
$\frac{\text{ऋण}}{\text{समता}}$	$= \frac{1,314.58}{43,431.88} = 0.030$	$\frac{1,275.32}{37,201.51} = 0.034$

जैसा कि पहले भी बताया जा चुका है कि यह अनुपात व्यावसायिक संस्था की ऋण शोधन-क्षमता के स्तर को आंकता है। अत: इस अनुपात द्वारा दीर्घकालीन ऋणदाता को मूलधन की सुरक्षा की जानकारी प्राप्त होती है। यदि ये अनुपात ऊँचा होता है तब संस्था को ऋण देने में अधिक जोखिम होता है। इस अनुपात के लिए अंगूठे टेक का सिद्धांत 2:1 है। इससे आशय है कि ऋण समता से दो गुणा हो सकता है। हालांकि, यह अनुपात, अन्य अनुपातों के समान, उद्योग दर उद्योग भिन्न रहता है। उदाहरणस्वरूप, तेल कंपनियों की दशा में, जहाँ कि आमदों में स्थिरता पाई जाती है। यह अनुपात 2:1 से कहीं ज्यादा होता है। इसके विपरीत, भारी उपकरण तथा मशीनरी निर्माण उद्योगों में, जहाँ कि आमद और रोकड़ प्रवाह में अस्थिरता पाई जाती है, यह अनुपात निम्न होता है।

पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड का ऋण-समता अनुपात बहुत कम है और वर्ष 2000 की तुलना में इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। इसका अर्थ यह है कि यदि यह भविष्य में व्यवसाय बढ़ाना चाहती है तो पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड के पास दीर्घकालीन ऋण प्राप्ति क्षमता अधिक है। पंजाब टैक्ट्रर्स लिमिटेड प्रबंध का वित्तीय उपागम संकीर्ण हैं क्योंकि यह अपनी वृद्धि की वित्तपूर्ति मुख्यतया स्वामी स्रोतों से करती है। इस अनुपात को स्वामियों के परिप्रेक्ष्य से भी देखा जा सकता है। सामान्य रूप में, समता के संबंध में ऋण/देयताओं का जितना अधिक उपयोग किया जाएगा उतना ही वित्तीय उत्तोलक अधिक होगा। उत्तोलक स्थायी प्रभार प्रतिभूतियों जैसे, ऋणपत्रों के प्रयोग का परिणाम है। यह स्वामियों के प्रतिफल व जोखिम को प्रभावित करती है। वित्तीय उत्तोलक में थोड़ी मात्रा में वृद्धि के परिणामस्वरूप अधिक भावी प्रतिफल और जोखिम होता है।

इस दृष्टिकोण से, पंजाब टैक्ट्रर्स लिमिटेड स्वामियों के लिए वित्तीय उत्तोलक के लाभ नहीं प्राप्त करती क्योंकि इसका वित्तीय उत्तोलक बहुत कम है। पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड स्वामियों की आय को ऋण-समता अनुपात में वृद्धि करके बढ़ा सकती है।

3.4.2.2 कुल परिसंपत्तियों का ऋणों से अनुपात

यह अनुपात दीर्घकालीन ऋण द्वारा वित्तपूर्ति में कुल परिसंपत्तियों के भाग की गणना करता है। यह अनुपात कम होगा यदि संगठन की उन गतिविधियों के लिए जो कि लाभ कमाने के उद्देश्य से की जा रही हैं, में ऋण लिए गए कोषों का उपयोग करती हैं। इस अनुपात की गणना इस प्रकार की जाती है :

$$\text{कुल परिसंपत्तियों का ऋणों से अनुपात} = \frac{\text{कुल परिसंपत्तियों का योग}}{\text{कुल ऋण का योग}}$$

पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड
31 मार्च 2001 के तुलन-पत्र से लिए गए अंश

(रु. लाख में)

		2001		2000
कोषो के स्रोत				
अंशधारी कोष :				
पूँजी	6,075.57		2.025.19	
संचय एवं अधिशेष	37.356.31	43.431.68	35.176.32	37.201.51
ऋण कोष :				
सुरक्षित ऋण	4.58		-	
असुरक्षित ऋण	1.310.00	1.314.58	1.275.32	1.275.32
योग		**44,746.46**		**38,476.83**
कोषो का प्रयोग				
स्थायी परिसंपत्तियाँ :				
सकल खंड	26,214.84		24,413.58	
घटाया : ह्रास	(10,726.89)		(9,054.04)	
शुद्ध खंड	15,487.95		15,359.54	
कार्य में प्रयुक्त पूँजी/अग्रिम	758.26		664.59	
एवम् निर्माण				
पूँजी	66.53	16,312.74	84.38	16,108.51
विनियोग		773.46		1,084.92
चालू परिसंपत्तियाँ				
ऋण एवम् अग्रिम :				
रहतिया	9,687.87		11,968.50	
विविध देनदार	29,828.64		8,827.90	
रोकड़ एव बैंक शेष	419.64		1,839.79	
ऋण एवं अग्रिम	5,955.51		7,109.68	
योग		45,891.66		29,745.87
कुल परिसंपत्तियाँ		**62,977.86**		**46,939.30**
घटाया : चालू देयताएँ एवं प्रावधान		18,231.40		8,462.47
		44,746.46		**38,476.83**

PTL के अनुपात की गणना निम्न प्रकार की जाएगी :

(रु. लाख में)

2001	2000
$\frac{62,977.86 \text{ रु.}}{1,314.58 \text{ रु.}} = 47.9$	$\frac{46,939.30 \text{ रु.}}{1,275 \text{ रु.}} = 36.8$

उपरोक्त से यह स्पष्ट है कि बाहरी ऋणों के द्वारा PTL में कुल परिसंपत्ति आधार में गिरावट आई है। इस प्रकार हम दीर्घकालीन ऋणदाताओं द्वारा कुल परिसंपत्तियों के वित्त का प्रतिशत ज्ञात कर सकते हैं। PTL के लिए यह प्रतिशत इस प्रकार होगा : (रु. लाख में)

2001	2000
$\frac{1,314.5 \text{ रु.}}{62,977.86 \text{ रु.}} \times 100 = 2.1\%$	$\frac{1,275.32 \text{ रु.}}{46,939.30 \text{ रु.}} \times 100 = 2.7\%$

उपरोक्त से स्पष्ट है कि वर्ष 2001 में PTL की कुल परिसंपत्तियाँ 2.1% से वित्त की गई थी जबकि वर्ष 2000 में यह प्रतिशत 2.7% था।

3.4.2.3 स्वामित्व अनुपात

यह अनुपात समता और कुल परिसंपत्तियों के मध्य संबंध स्थापित करता है। यह अनुपात इस ओर सकेंत देता है कि कुल परिसंपत्तियों का कितना भाग समता द्वारा वित्त किया जाता है। इस अनुपात का सूत्र है:

$$\text{स्वामित्व अनुपात} = \frac{\text{समता}}{\text{कुल परिसंपत्तियाँ}}$$

PTL के लिए इस अनुपात की गणना

(रु. लाख में)

2001	2002
$\frac{43,431.88 \text{ रु.}}{62,977.86 \text{ रु.}} = 0.69$ अथवा 69%	$\frac{37,201.51 \text{ रु.}}{46,939.30 \text{ रु.}} = 0.79$ = 79%

उपरोक्त से स्पष्ट है कि वर्ष 2001 में PTL का कुल परिसंपत्ति खंड 69% समता द्वारा वित्त हुआ है। वर्ष 2000 में यह प्रतिशत 79% था। इससे आशय है कि एक वर्ष में 34.17%

$\left(\frac{62,977.86 \text{ रु.} - 46,939.30 \text{ रु.}}{4,693.30 \text{ रु.}} \times 100\right)$ की कुल परिसंपत्ति में वृद्धि 16.75%

$\left(\frac{43,431.88 - 37201.51 \text{ रु.}}{37,201.51 \text{ रु.}} \times 100 \right)$ समता से वित्त की गई है। शेष वृद्धि प्रमुखतः चालू दायित्वों के माध्यम से हुई है जो कि 115.44 % $\left(\frac{18,231.40 - 8,462.47 \text{ रु.}}{8,462.47 \text{ रु.}} \times 100 \right)$ है।

कुल परिसंपत्तियों के वित्त हेतु दीर्घकालीन ऋणों की भूमिका बहुत कम है। यह बिंदु कुल परिसंपत्ति-ऋण अनुपात से भी स्पष्ट हुआ है।

3.4.3 क्रियाशीलता अनुपात

यह अनुपात फर्म की परिसंपत्तियों के प्रबंधन कुशलता पर टिप्पणी करने में सहायता करता है। परिसंपत्तियों की बिक्री में परिवर्तन की गति या तीव्रता का ज्ञान क्रियाशीलता अनुपातों द्वारा किया जा सकता है। किसी उपक्रम की क्रियाशीलता उसके द्वारा अर्जित विक्रय मात्रा की योग्यता से परिलक्षित होती है। अतः एक निश्चित समयावधि में की गई बिक्री के संबंध में विभिन्न परिसंपत्तियों की कुशलता पर टिप्पणी की जा सकती है। एक साधारण उदाहरण द्वारा इसकी व्याख्या करते है :

	कंपनी 'क'	*कंपनी 'ब'*
स्थायी परिसंपत्तियाँ	1,000 रु.	2,000 रु.
विक्रय	10,000 रु.	18,000 रु.

इन आँकड़ो के आधार पर कोई भी यह मत दे सकता है कि कंपनी 'क' अधिक कुशल है क्योंकि 1 रु. के स्थायी परिसंपत्तियों में विनियोग पर वह 10 रु. का विक्रय करती है जबकि कंपनी 'ब' 9 रु. का ही विक्रय करती है। इससे कोई भी यह समझ सकता है कि जितनी अधिक पुनरावृत्ति होगी, कुशलता भी उतनी ही अधिक होगी। निम्न भाग में कुछ महत्वपूर्ण क्रियाशीलता अनुपातों का वर्णन किया जा रहा है।

10.4.3.1 रहतिया आवर्त अनुपात

रहतिया चालू परिसंपत्तियों का एक घटक है। रहतिया तीन प्रकार का होता है — कच्चे माल के रूप में, कार्य में प्रयुक्त माल के रूप में एवं तैयार माल के रूप में। कच्चे माल एवं कार्य में प्रयुक्त रहतिया को उत्पादन के निरंतर प्रवाह को बनाए रखने के लिए रखा जाता है। निर्मित या तैयार माल ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रखा जाता है। सामान्यतया तैयार माल का रहतिया रखा जाता है। रहतिया आवर्त अनुपात रहतिया विक्रय में परिवर्तन कुशलता का मापक है। इस अनुपात को इस प्रकार दिखाया जा सकता है :

$$\text{रहतिया आवर्त अनुपात} = \frac{\text{विक्रय}}{\text{औसत रहतिया}}$$

सामान्यतया रहतिया का मूल्यांकन लागत मूल्य पर किया जाता है। हर के साथ तार्किक संबंध के उद्देश्य से अंश भी एक लागत चर होनी चाहिए। विक्रय में लाभ सम्मिलित होता हैं। इस लाभ घटक के बिना बेचे गए माल के लागत मूल्य की गणना की जाती है और तब रहतिया आवर्त अनुपात निम्न होगा :

$$\text{रहतिया आवर्त अनुपात} = \frac{\text{बेचे गए माल का लागत मूल्य}}{\text{औसत रहतिया}}$$

$$\text{औसत रहतिया} = \frac{\text{प्रारंभिक रहतिया + अंतिम रहतिया}}{2}$$

औसत रहतिया की गणना वर्षारंभ और वर्षांत रहतिया के शेषों के योग को 2 से भाग करके की जाती है। बेचे गए माल के लागत मूल्य आंकड़े भारतीय कंपनियों के खातों में अलग से उपलब्ध नहीं होते और एक बाहरी विश्लेषक की पहुँच बेचे गए माल के लागत मूल्य तक नहीं होती। अत: वे विक्रय को अंश के रूप में प्रयोग करते है। जबकि प्रबंधकों को इस अनुपात की गणना के लिए विक्रय के लागत मूल्य का ही प्रयोग करना चाहिए। व्रिक्रय मूल्य का प्रयोग हमेशा शुद्ध उत्पादन शुल्क घटाकर करना चाहिए। इन शेषों की अनुपस्थिति में वर्ष के अंत में दिए गए शेषों का भी प्रयोग किया जा सकता है।

पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड
31 मार्च, 2001 की समाप्ति तक तुलन-पत्र
एवं लाभ-हानि खाते के अंश

	2001(रु.)	*2000 (रु.)*
परिचालक आगम	1,11,946.37	1,17,020.86
उत्पादन शुल्क	15,499.10	15,336.46
प्रचालन आगम (उत्पादन शुल्क घटाकर)	**96,447.27**	**1,01,684.40**
रहतिया	9,687.87	11,968.50

वर्ष 2001 के लिए पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड के रहतिया आवर्त अनुपात की गणना नीचे दी गई है। वर्ष 2000 के लिए इस अनुपात की गणना नहीं की जा सकती क्योंकि इसके लिए हमें वर्ष 1999 के अंतिम स्कन्ध शेष की आवश्यकता होगी। इस वार्षिक प्रतिवेदन में यह राशि उपलब्ध नहीं है।

$$\text{रहतिया औसत अनुपात} = \frac{\text{वि य}}{\frac{\text{प्रारंभिक रहतिया + अंतिम रहतिया}}{2}}$$

$$= \frac{96{,}447.27 \text{ रु.}}{\frac{11{,}968.50 + 9687.87}{2}}$$

$$= \frac{96,447.25\text{रु.}}{\frac{11,968.50+9,687.87}{2}}$$

= **8.9 गुणा**

यह 8.9 का अनुपात दर्शाता है कि पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड का रहतिया एक वर्ष में 8.9 बार विक्रय में परिवर्तित हुआ है। पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड के पिछले वर्षों के लिए इस अनुपात की गणना नहीं की जा सकती क्योंकि पर्याप्त आँकड़े उपलब्ध नही है। अतः समय श्रृंखला विश्लेषण भी नहीं किया जा सकता। इस अनुपात की आधारभूत प्रकृति के अनुसार यह जितना ऊँचा होगा उतना ही अच्छा होगा। यदि पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड का यह अनुपात सुधरते हुए 18 बार हो जाता है तो इसका अर्थ होगा कि रहतिया के उसी स्तर पर पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने वर्तमान विक्रय को दुगुना किया या रहतिया विनियोग को उस स्तर तक कम किया जिससे विक्रय स्तर में परिवर्तन हुआ और जो संगठन के लिए लाभदायक हैं। अतः यह अनुपात जितना अधिक होगा उतना ही अच्छा होगा। यह एक स्थिति विशेष पर निर्भर करता है कि रहतिया आवर्त अनुपात बहुत अधिक न हो जिसके परिणामस्वरूप रहतिया शेष न होने की स्थिति उत्पन्न हो जाए। इसका अर्थ यह है कि रहतिया की मात्रा इतनी कम हो जाएगी कि माल की पूर्ति के लिए ग्राहकों को मना करना पड़ेगा अर्थात् रहतिया के स्तर में इस सीमा तक कमी की जाए जिससे ग्राहकों को माल के निरंतर प्रवाह में नुकसान न हो। संगठन में अधिक रहतिया को रखने से अधिक लागत लगती है जिससे लाभ कम हो जाते है। एक दूसरे रूप में, अपर्याप्त रहतिया रखने से कम लागत लगती है किंतु यह रहतिया न होने पर विक्रय हानि की अवसर लागत को बढ़ाता है।

रहतिया आवर्त अनुपात को दिनों की अवधि में निम्न प्रकार परिवर्तित किया जा सकता है :

$$\text{रहतिया औसत अवधि} = \frac{\text{एक वर्ष में कुल दिन}}{\text{रहतिया आवर्त अनुपात}}$$

$$= \frac{365}{8.9} = 41 \text{ दिन}$$

इस विषय में रहतिया की 41 दिन की अवधि से तात्पर्य है कि इतने समय के लिए कार्यशील पूँजी का निवेश है। अतः औसत रूप में, रहतिया के रूप में लगी मुद्रा को 4 दिनों में विक्रय में परिवर्तित किया जा सकता हैं। यह रहतिया आवर्त अनुपात जब बढ़ता है तब रहतिया की औसत अवधि कम हो जाती है एवं रहतिया की औसत अवधि बढ़ने पर रहतिया आवर्त अनुपात कम हो जाता है।

3.4.4.2 देनदार आवर्त अनुपात

देनदार आवर्त अनुपात देनदारों को रोकड़ में परिवर्तित करने की कुशलता को मापता है। यह अनुपात देनदारों की गुणवत्ता एवं व्यवसाय के वसूली प्रयासों को दर्शाती है। इस अनुपात की गणना इस प्रकार की जाती हैं :

$$\text{देनदार आवर्त अनुपात} = \frac{\text{विक्रय}}{\text{औसत देनदार}}$$

$$\text{औसत देनदार} = \frac{\text{प्रारंभिक देनदार} + \text{अंतिम देनदार}}{2}$$

इस अनुपात के अंश में उधार विक्रय मूल्य होना चाहिए क्योंकि हर तार्किक रूप से उधार विक्रय से संबंधित है। देनदार सिर्फ उधार विक्रय से उत्पन्न होते है। जबकि निगमित खातों में उपलब्ध आँकड़ो में उधार विक्रय के बारे में जानकारी अलग से नहीं दी होती हैं। अत: कुल विक्रय को अंश में लिया जा सकता है। औसत देनदारों की गणना के लिए वर्ष के प्रारंभ व अंत में दिए गए शेषों के योग को दो से भाग किया जाता है।

पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड

31 मार्च, 2001 की परिसंपत्ति पर लाभ-हानि खाता एवं तुलन-पत्र के अंश

(रु. लाख में)

	2001 (रु.)	*2000 (रु.)*
परिचालन से आगम	1,11,946.37	1,17,020.86
आबकारी शुल्क	15,499.10	15,336.46
परिचालन से आगम (आबकारी शुल्क कटौती के पश्चात शुद्ध)	**96,447.27**	**1,01,684.40**
विविध देनदार	29,828.64	8.827.90

PTL के लिए इस अनुपात की गणना वर्ष 2001 के लिए :

$$\text{देनदार आवर्त अनुपात} = \frac{\text{विक्रय}}{\text{प्रारंभिकदेनदार+अंतिमदेनदार}}$$

$$= \frac{96{,}447.27\text{रु.}}{\frac{29828.64\text{रु.} + 8827.90\text{रु.}}{2}}$$

$$= \frac{96{,}447.27\text{रु.}}{19{,}328.27} = 5.0$$

इसका अर्थ यह है कि PTL के देनदारों की वसूली एक वर्ष में औसत 5 गुना रही है। जैसा कि 3.4.3.1 में वर्णित है, एक आवर्त अनुपात जितना अधिक होता है उतना लाभदायक होता है। जबकि, एक बहुत अधिक देनदार आवर्त अनुपात सामान्यतया कठोर साख नीति का संकेतक हैं और इस कारण विक्रय वृद्धि अवसरों, को जिसे उदार साख नीति द्वारा बढ़ाया जा सकता है, की हानि हो सकती हैं।

इस अनुपात को उन दिनों में भी परिवर्तित किया जा सकता है जो देनदारों से रोकड़ वसूली में लगते हैं। इसकी गणना इस प्रकार की जा सकती है।

$$\text{औसत वसूली} = \frac{\text{अवधि वर्ष में दिनों की संख्या}}{\text{देनदार आवर्त अनुपात}}$$

$$= \frac{365}{5.8} = 73 \text{ दिन}$$

इसका अर्थ है कि पंजाब ट्रैक्टर लिमिटेड के देनदारों की वसूली औसत 63 दिनों में होती है। इस अनुपात को अच्छी तरह समझने के लिए इसका एक समयावधि में अध्ययन किया जाए तथा इसकी तुलना उद्योग की सर्वोत्तम इकाई से या उद्योग औसत से की जानी चाहिए।

3.4.3.3 देय/आवर्त अनुपात

यह अनुपात लेनदारों के भुगतान करने की कुशलता दर्शाता है। सतर्कता के सिद्धांत के अनुसार देनदारों से भुगतान प्राप्त करने की गति से तेज लेनदारों के भुगतान गति नहीं होनी चाहिए। अत: सामान्यतया इस अनुपात की तुलना देनदार आवर्त अनुपात से करते हैं जिससे अपनी दायित्वों का भुगतान की गति का अवलोकन कर सकें। इस अनुपात का एक समयावधि तक एवं अपने प्रतियोगी के संबंध में भी अध्ययन करते है।

$$\text{देय आवर्त अनुपात} = \frac{\text{क्रय}}{\text{औसत लेनदार}}$$

$$\text{औसत लेनदार} = \frac{\text{प्रारंभिक लेनदार + अंतिम लेनदार}}{2}$$

इस अनुपात के अंश में वर्ष के दौरान की गई क्रय राशि एवं हर में औसत लेनदार लिये जाते हैं जो उधार क्रय से ही उत्पन्न हुए हैं।

पंजाब ट्रैक्टर लिमिटेड

वर्षांत मार्च 31, 2001 को तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि खाता के अंश

(रु. लाख में)

	2001	*2000*
कच्चा माल एवं उपकरणों का क्रय अनुसूची-I	63,645.50	9,589.05
विविध लेनदार (अनुसूची-II)	11,356.56	2,714.60

$$\text{लेनदार आवर्त अनुपात} = \frac{\text{क्रय}}{\frac{\text{प्रारंभिक लेनदार + अंतिम लेनदार}}{2}}$$

$$= \frac{63{,}645.56\text{रु.}}{7{,}035.58\text{रु.}} = 9.05$$

देय आवर्त अनुपात को एक वर्ष के दिनों से भाग करके दिनों की संख्या में भी परिवर्तित किया जा सकता है।

$$\text{औसत भुगतान अवधि} = \frac{\text{वर्ष में कुल दिन}}{\text{लेनदार आवर्त अनुपात}} = \frac{365}{9.05} = 40.3 \text{ दिन}$$

PTL अपने लेनदारों का भुगतान औसत 41 दिन के बाद करती है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि व्यावहारिक रूप से एक दिन की भिन्न संख्या का अर्थ अगला दिन होगा। अत:, 40.3 दिन को 41 दिन माना जाएगा। PTL की औसत वसूली अवधि जिसकी गणना पहले की जा चुकी है, 73 दिन है। इसका अभिप्राय यह है कि PTL लेनदारों का भुगतान, देनदारों के देने से पहले कर रही है।
यह अनुपात PTL के दो वर्षों के लिए है :

2001	*2000*
$= \frac{\text{Rs. } 1,11,946.37}{\text{Rs. } 27,660.26} = 4.0$	$= \frac{\text{Rs. } 1,17,020.86}{\text{Rs. } 21,283.40} = 5.5$

इन दो वर्षों के अनुपातों से यह निष्कर्ष निकलता है कि कार्यशील पूँजी आवर्त 2001 में कम हो गया है। PTL 2000 की तुलना में वर्ष 2001 में कार्यशील पूँजी की उतनी ही विनियोजित राशि में कम विक्रय आगम उपाय किए है। इसे प्रबंधकों के ध्यान की आवश्यकता है।

3.4.3.4 कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात

कार्यशील पूँजी से आशय चालू परिसंपत्ति में निवेश से है। इसे कार्यशील पूँजी की सकल अवधारणा भी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य कार्यशील पूँजी अवधारणा है जिसे शुद्‌ध कार्यशील पूँजी कहते हैं। शुद्‌ध कार्यशील पूँजी चालू परिसंपत्ति और चालू देयताओं के मध्य अंतर को कहा जाता है।

विश्लेषकगण कार्यशील पूँजी और विक्रय संबंध-स्थापित करने की कोशिश करते हैं। इस अनुपात से हम यह जान सकते हैं कि संस्था द्‌वारा निवेशित 1 रुपया कितना विक्रय अर्जित करता है। यह अनुपात यदि उच्च कोटि में होता है तो संस्था के लिए अच्छा माना जाता है।

$$\text{कार्यशील पूँजी आवर्त} = \frac{\text{विक्रय}}{\text{शुद्‌ध कार्यशील पूँजी}}$$

पंजाब ट्रेक्टर लिमिटेड
वर्षांत मार्च 31, 2001 को तुलन-पत्र एवं लाभ व हानि खाता के अंश

		2001		2000
परिचालन से आमद		1,11,946.37		1,17,020.86
उत्पादन कर		(15,499.10)		(15,336.46)
परिचालन से आमद (शुद्ध उत्पादन कर)		**96,447.27**		**1,01,684.40**
चालू परिसंपत्ति ऋण एवं अग्रिम				
रहतिया	9,687.87		11,968.50	
विविध देनदार	29,828.68		8,827.90	
रोकड़ एवं बैंक शेष	419.64		1,839.79	
ऋण एव अग्रिम	5,955.51		7,109.68	
घटाया : चालू दायित्व एवं प्रावधान		45,891.66		29,745.87
शुद्ध चालू परिसंपत्तियाँ		18,231.40		8,462.47
शुद्ध कार्यशील पूँजी		**27,660.26**		**21,283.40**

PTL का यह अनुपात 2 वर्षों के लिए है :

2001	2000
$= \frac{96,447.27}{27,660} = 3.5$	$= \frac{1,01,684.40}{21,283.40} = 4.8$

इन दो वर्षों के अनुपात से यह निष्कर्ष निकलता है कि कार्यशील पूँजी आवर्त्त में गिरावट आई है। वर्ष 2001 में वर्ष 2000 की तुलना में PTL के विक्रय आमद में कमी आई है। यह प्रबंध के द्वारा ध्यान बिंदु है।

3.4.4 लाभोपार्जन अनुपात

हर व्यवसाय उपक्रम के लिए लाभ महतत्त्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बिना लाभ के एक व्यवसाय को पूँजी को एकत्रित करने, लेनदारों व स्वामियों को उनके कोषों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में कठिनाई होती है। लाभ प्रबंध की नीतियों एवं निर्णयों के मापक का कार्य करता है। लाभोपार्जन क्षमता को नापने के कई तरीके हैं। यहाँ हम केवल सकल लाभ अनुपात एवं परिचालन अनुपात का ही व्याख्या करेंगे।

3.4.4.1 सकल लाभ अनुपात

विक्रय व बेचे गए माल की लागत पर आधिक्य सकल लाभ होता है। सकल लाभ अनुपात सकल लाभ का

के खरीदे/बनाए गए माल की लागत पर विक्रय की अधिकता है। यह आधिक्य अन्य परिचालन (प्रशासनिक, विक्रय एवं वितरण व्ययों), ऋणों पर ब्याज, एवं आय-कर के भुगतान के लिए उपलब्ध होता है। इन खर्चों के घटाने पर शेष राशि शुद्ध लाभ होती है।

सकल लाभ अनुपात उन बाज़ार स्थितियों जिनमें कि व्यवसाय किया जा रहा है, एवं उत्पादन करने व बेचने की गतिविधियों की कुशलता को दर्शाती है। अतः एक संस्था सकल-लाभ अनुपात को बेचे गए माल की लागत में कमी लाकर बढ़ा सकती है।

$$\text{सकल लाभ अनुपात} = \frac{\text{सकल लाभ}}{\text{विक्रय}} \times 100$$

एक व्यापारिक संस्था के लिए

बेचे गए माल की लागत = प्रारंभिक रहतिया + क्रय + प्रत्यक्ष व्यय - अंतिम रहितया

एक निर्माण संस्था के लिए :

बेचे गए माल की लागत = निर्मित माल का प्रारंभिक माल + निर्मित माल की लागत – अंतिम रहतियां

यहाँ यह बात ध्यान देने योग्य है कि फर्म की उच्च संवेदनशील प्रतिस्पर्धा के कारण सकल लाभ अनुपात की गणना फर्म के द्वारा जनसाधारण के लिए प्रकाशित खाते से नहीं की जा सकती अतः इसकी गणना प्रबंध द्वारा आंतरिक निर्णयों, विक्रय मूल्य निर्धारण इत्यादि के लिए की जाती है।

पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के लिए जैसे PTL, वार्षिक खाते, निर्माण खाते अथवा व्यापारिक खातों के बारे में जानकारी नहीं देते। अतः सकल अनुपात की गणना के लिए अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता होती है जिसे PTL के खातों से प्राप्त करना पड़ता है। इस स्थिति में PTL के लिए सकल अनुपात की गणना नहीं की गई है। जबकि, अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए अधोलिखित आंकड़ों का उपयोग किया जा सकता है।

आर एंड ब्रदर्स	रु.
1 अप्रैल 2000 को प्रारंभिक रहतिया	2,00,000
वर्ष के दौरान किया गया क्रय	15,00,000
वर्ष के दौरान किया गया विक्रय	20,00,000
माल क्रय भाड़ा	25,375
मजदूरी (चढवाई/उतरवाई प्रभार)	2,585
अंतिम रहतिया 31 मार्च, 2000 को	2,25,000

सकल लाभ = विक्रय – बेचे गए माल की लागत

= विक्रय – [प्रारंभिक रहतिया + क्रय + आंतरिक ढुलाई + मजदूरी - अंतिम रहतिया]

= 20,00,000 रु. – [2,00,000 रु. + 15,00,000 रु. + 25,375 रु. + 2,585 रु. – 2,25,000 रु.]

= 20,00,000 - [15,02,960]

सकल लाभ 4,97,040 रु.

सकल लाभ अनुपात = सकल लाभ / विक्रय × 100

= 4,97,040 रु. /20,00,000 रु. × 100

= 24.9%

सकल लाभ अनुपात (24.9%) दर्शाता है कि विक्रय आगम 100 रु. में से 75.10 रु. बेचे गए माल की लागत पर खर्च किए गए हैं। शेष 24.90 रु. परिचालन व्यय यथा प्रशासनिक, विक्रय एवं वितरण व्यय, ब्याज प्रभार एवं आय कर के भुगतान के लिए उपलब्ध है। इन खर्चों के पश्चात् शेष राशि स्वामियों की आय है।

3.4.4.2 परिचालन अनुपात

यह परिचालन व्ययों से विक्रय का अनुपात है। परिचालन व्ययों में कच्चे माल की लागत, निर्मित एवं अर्ध-निर्मित माल, निर्माण खर्च, प्रशासनिक व्यय, विक्रय एवं वितरण व्यय (ह्रास शामिल कर) सम्मिलित होते हैं। परिचालन व्ययों में ब्याज प्रभार एवं आय-कर शामिल नहीं होते है। दूसरे शब्दों में, परिचालन व्ययों में वे सभी व्ययों को सम्मिलित किया जाता हैं जो व्यवसाय उपक्रम के परिचालन से संबंधित नहीं है। यदि एक निर्माण अथवा व्यापारिक संस्था ने बाह्य निवेश (जिसे स्थिति विवरण में निवेश के अंतर्गत दिखाया जाता है।) इससे उत्पन्न कोई आय को भी परिचालन आगम में शामिल नहीं किया जाता है। इसी प्रकार इनसे संबंधित लागत जिसमें मूल्य में कमी भी सम्मिलित है को परिचालन व्यय में शामिल नहीं करते है।

$$\text{परिचालन अनुपात} = \frac{\text{परिचालन व्यय}}{\text{विक्रय}} \times 100$$

पंजाब ट्रेक्टर लिमिटेड
वर्षांत मार्च 31,2001 को लाभ एवं हानि खाता के अंश

(रु. लाख में)

	2001	*2000*
कच्चा माल, निर्मित व अर्ध-निर्मित माल	65,126.87	69,643.81
परिचालन एवं प्रशासनिक व्यय *(अनुसूची J)*	13,047.32	12,508.45
ह्रास	1,691.90	1,598.17
प्रपत्रों के मूल्य में गिरावट का प्रावधान *(अनुसूची J)*	311.46	0
परिचालन से आमद	1,11,946.37	1,17,020.86
उत्पादन कर	15,499.10	15,336.46
परिचालन से आमद (शुद्ध उत्पादन कर)	**96,447.27**	**1,01,684.40**

अनुसूची J (जिसे पिछले अध्याय में सूचीबद्ध किया है) जिसमें परिचालन, प्रशासनिक एवं अन्य व्ययों की व्याख्या दी गई है से स्पष्ट होता है कि सूची में दिए गए सभी व्यय परिचालन व्यय हैं 'निवेश के मूल्य में गिरावट का प्रावधान' को छोड़कर। 'निवेश के मूल्य में गिरावट का प्रावधान' एक परिचालन व्यय नहीं है। यह PTL के परिचालन से संबंधित नहीं है। अत: 2001 के लिए परिचालन व्ययों की गणना के लिए 311.46 लाख रु. को घटा दिया गया है। अत: PTL के 2 वर्षों के परिचालन व्यय निम्नवत होंगे :

परिचालन व्यय = कच्चे माल की लागत + निर्मित व अर्ध-निर्मित माल परिचालन व प्रशासनिक व्यय वितरण व्यय – वित्त प्रभार + ह्रास

2001 के लिए = 65,126.87 रु. + (10,347.32 – 311.46) + 691.90

= 76,854.63 रु.

2000 के लिए = 69,643.81 रु. + (12,508.45 – 0) + 1,598.17 रु.

= 83,750.43 रु.

	2001	2000
परिचालन अनुपात	$=\frac{\text{रु. } 76,854.63}{\text{रु. } 96,447.27}\times 100$	$=\frac{\text{रु. } 83,750.43}{\text{रु. } 1,01,684.40}\times 100$
	= 78.6 %	= 82.4%

PTL का परिचालन अनुपात 2001 में कम हो रहा है। यह 2001 में 78.6% है। यह दर्शाता है कि विक्रय का लगभग 80% बेचे गए माल की लागत एवं परिचालन व्यय के रूप में उपयोग किया गया है। और 20% ब्याज प्रभारों, करों एवं अंशधारियों की आय के लिए शेष है।

यह अनुपात जितना कम होगा, उतना ही अच्छा होगा। क्योंकि अधिक परिचालन अनुपात के कारण कर, ब्याज एवं लाभांश के लिए कम राशि बचती है। इस अनुपात को भालि-भांति समझने के लिए एक समयावधि में इसके व्यवहार का अध्ययन करना चाहिए। यह ध्यान देने योग्य है कि समान व्यासायिक उपक्रम जैसे जीरोक्स कंपनी, कंप्यूटर हार्डवेयर कंपनी, इन्टरनैट सर्विस प्रोवाईडर प्रारंभ में मशीनों के विक्रय से आय-अर्जन करती हैं। परंतु बाजार की संतृप्ति के कारण पुर्जों के विक्रय, रख-रखाव वार्षिक आदि द्वारा विक्रय आगम प्राप्त करती है। इस विषय में, इस प्रकार की गतिविधियों से आय, परिचालन की आय का हिस्सा बनेंगी। सेवाओं एवं उत्पादों के वर्गीकरण का उत्पाद-खण्ड विश्लेषण करते समय एक व्यावसायिक संस्था की बदलती हुई प्रकृति का गहरा निरीक्षण किया जा सकता है। कभी-कभी व्यवसाय यह अनुभव करती है कि व्यवसाय की मुख्य इकाई लाभोपार्जन नहीं कर पा रही है एवं वे तकनीक को किराए पर ले सकते हैं।

उदाहरण 1

(अ) यदि चालू अनुपात 2.5 गुना है एवं चालू दायित्व 27,000 रु. हैं। तो चालू परिसंपत्तियों की गणना कीजिए।

कीजिए।

(ब) चालू दायित्वों की गणना कीजिए। यदि चालू संपत्तियाँ 1,05,000 रु. एवं चालू अनुपात 3 गुना है।

(स) यदि चालू दायित्व 35,000 रु. हैं। चालू अनुपात 3.25 गुना तथा तरल अनुपात 2.75 गुना है, तो चालू परिसंपत्तियों, तरल परिसंपत्तियों एवं रहतिया की गणना कीजिए।

हल

(अ) चालू परिसंपत्तियाँ $= \dfrac{\text{चालू परिसंपत्तियाँ}}{\text{चालू देयताएँ}}$

2.5 $= \dfrac{\text{चालू परिसंपत्तियाँ}}{\text{रु. } 27{,}000}$

चालू परिसंपत्तियाँ = रु. 27,000 × 2.5

= **रु. 67,500**

(ब) चालू अनुपात $= \dfrac{\text{चालू परिसंपत्तियाँ}}{\text{चालू देयताएँ}}$

3 $= \dfrac{\text{रु. } 1{,}05{,}000}{\text{चालू देयताएँ}}$

चालू देयताएँ $= \dfrac{\text{रु. } 1{,}05{,}000}{3}$

= रु. 35,000

(स) चालू अनुपात $= \dfrac{\text{चालू परिसंपत्तियाँ}}{\text{चालू देयताएँ}}$

3.25 $= \dfrac{\text{चालू परिसंपत्तियाँ}}{\text{रु. } 35{,}000}$

चालू परिसंपत्तियाँ = 35,000 रु. × 3.25

= **1,13,750 रु.**

तरल अनुपात $= \dfrac{\text{तरल परिसंपत्तियाँ}}{\text{चालू देयताएँ}}$

2.75 $= \dfrac{\text{तरल परिसंपत्तियाँ}}{\text{रु. } 35{,}000}$

तरल परिसंपत्तियाँ = 35,000 रु. × 2.75

= **96,250 रु.**

रहतिया = चालू परिसंपत्तियाँ – तरल परिसंपत्तियाँ

= 1,13,750 रु. – 96,250 रु. = **17,500 रु.**

उदाहरण 2

ज्ञात करें : (i) ऋण समता अनुपात
(ii) स्वामित्व अनुपात

समता अंश पूँजी	75,000 रु.
संचय एवं अधिशेष	20,000 रु.
ऋणपत्र	40,000 रु.
ICICI से ऋण	30,000 रु.
चालू देयताएँ	15,000 रु.
स्थायी परिसंपत्तियाँ	82,000 रु.
ख्याति	48,000 रु.
चालू परिसंपत्तियाँ	50,000 रु.

हल

(i) ऋण समता अनुपात $= \frac{\text{ऋण}}{\text{समता}}$

$$= \frac{\text{ऋणपत्र} + \text{ICICI से ऋण}}{\text{समता अंश पूँजी} + \text{संचय एवं अधिशेष}}$$

$$= \frac{70,000}{95,000}$$

= **0.74 गुणा**

उदाहरण 3

रहतिया आवर्त अनुपात 2.75 गुणा है। विक्रय 75,000 रु. है। रहतिये का प्रारंभिक शेष अंतिम शेष से 7,000 रु. अधिक है। रहतिये का प्रारंभिक व अंतिम शेष ज्ञात करें।

हल

स्कंध आवर्त अनुपात $= \frac{\text{विक्रय}}{\text{औसत रहतिया}}$

औसत रहतिया $= \frac{75,000}{3}$

औसत रहतिया = 25,000 रु.

कुल रहतिया	= 25,000 रु. × 2 = 50,000 रु.
मान लीजिए प्रारंभिक रहतिया	= x
अंतिम रहतिया	= x – 7,000 रु.
कुल रहतिया	= x + (x – 7,000 रु.)
50,000 रु.	= x + (x – 7,000 रु.)
2x	= 57,000 रु.
x	= 28,500 रु.
अतः प्रारंभ में रहतिया	= 28,500 रु.
अंत मे रहतिया	= 28,500 रु. – 7,000 रु.
अंतिम रहतिया	= 28,500 रु.

उदाहरण 4

अधोलिखित आँकड़ों से कार्यशील-पूंजी आवर्त अनुपात की गणना कीजिए

देयताएँ	*(रु.)*
अंश पूँजी	2,00,000
12% ऋणपत्र	1,60,000
संचय + अधिशेष	40,000
चालू देयताएँ	1,40,000
योग	5,40,000
परिसंपत्तियाँ	
स्थायी परिसंपत्तियाँ	3,40,000
चालू परिसंपत्तियाँ	2,00,000
योग	**5,40,000**

वर्ष के दौरान शुद्ध विक्रय 2,70,000 रु.

हल

कार्यशील पूँजी आवर्त्त अनुपात $= \dfrac{\text{शुद्ध विक्रय}}{\text{कार्यशील पूँजी}}$

कार्यशील पूँजी = चालू परिसंपत्तियाँ – चालू देयताएँ

= 2,00,000 रु.– 1,40,000 रु.

= 60,000 रु.

$$\text{कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात} = \frac{\text{रु. } 2,70,000}{\text{रु. } 60,000}$$

= 4.5 गुणा

उदाहरण 5

ज्ञात करें (i) देय आवर्त अनुपात
(ii) औसत भुगतान अवधि

	2000 रु.	2001 रु.
वार्षिक क्रय	25,840	28,500
प्रारंभिक लेनदार	3,040	2,800
अंतिम लेनदार	2,680	4,200

हल

(i) देय आवर्त अनुपात $= \dfrac{\text{क्रय}}{\text{औसत लेनदार}}$

$$= \frac{25,840}{\frac{(3040 + 2680)}{2}} = \frac{28500}{\frac{(2800+4200)}{2}}$$

= 9.03 = 8.14

(ii) औसत भुगतान अवधि $= \dfrac{\text{वर्ष में कुल दिन}}{\text{देय आवर्त अनुपात}}$

औसत भुगतान अवधि

2000	2001
$= \dfrac{365}{9.03}$	$= \dfrac{365}{8.14}$
= 40 दिन	= 45 दिन

उदाहरण 6

निम्न सूचनाओं से ज्ञात करें :

(i) देनदार आवर्त अनुपात
(ii) औसत वसूली अवधि
(iii) देय आवर्त अनुपात
(iv) औसत भुगतान अवधि

दिया गया है :

	(रु.)
विक्रय	8,75,000
लेनदार	90,000
प्राप्य विपत्र	48,000
देय विपत्र	52,000
क्रय	4,20,000
देनदार	59,000

हल

(i) देनदार आवर्त अनुपात $= \dfrac{\text{विक्रय}}{\text{औसत देनदार}}$

$$= \frac{8,75,000}{59,000 + 48,000^{*}}$$

= 8 .18 गुणा

* इस मद को 2 से भाग नहीं किया गया है कि वर्ष के आरंभिक देनदार एंव प्राप्य बिलो की राशी उपलब्ध नहीं है। अत: जब वर्ष के अंत में उपलब्ध आँकड़ों को उसी रूप में उपयोग किया जाता है।

(ii) औसत वसूली अवधि $= \dfrac{365}{\text{देनदार आवर्त अनुपात}}$

औसत वसूली अवधि $= \dfrac{365}{8.18}$

= 45 दिन

(iii) देय आवर्त अनुपात $= \dfrac{\text{क्रय}}{\text{औसत लेनदार}}$

$$= \frac{\text{क्रय}}{\text{लेनदार} + \text{देय विपत्र}}$$

$$= \frac{4,20,000}{90,000 + 52,000}$$

$$= \frac{4,20,000}{1,42,000}$$

= 3 गुणा

(iv) औसत भुगतान अवधि $= \frac{365}{\text{देय भुगतान आवर्त्त अनुपात}}$

औसत भुगतान अवधि $= \frac{365}{3}$

= **122 दिन**

उदाहरण 7

निम्नलिखत सूचनाओं से सकल लाभ अनुपात और परिचालन अनुपात की गणना करें।

	(रु.)
विक्रय	3,40,000
बेचे गए माल की लागत	1,20,000
विक्रय व्यय	80,000
प्रशासनिक व्यय	40,000

हल

सकल लाभ = विक्रय - बिक्रय योग्य माल की लागत
= 3,40,000 रु.– 1,20,000 रु.
= 2,20,000 रु.

सकल लाभ अनुपात $= \frac{\text{सकल लाभ}}{\text{विक्रय}} \times 100$

$= \frac{2,20,000\text{रु.}}{3,40,000\text{रु.}} \times 100$

= 64. 71%

परिचालन व्यय = बेचे गए माल की लागत + विक्रय व्यय + प्रशासनिक व्यय
= 1,20,000 रु. + 80,000 रु. + 40,000 रु.
= 2,40,000 रु.

परिचालन व्यय $= \frac{2,40,000\text{रु.}}{3,40,000\text{रु.}} \times 100$

= 70.60%

उदाहरण 8

दो वर्षों के आजाद कं. लि. का लाभ व हानि खाता एवं तुलन-पत्र नीचे दिए गए हैं :

वर्षांत मार्च 31, 2001 का आज़ाद कं. लि. का तुलन-पत्र

(रु. लाख में)

		2000		2001
शुद्ध विक्रय		3,75,000		4,20,000
घटाया : बेचे गए माल की लागत	1,08,500		1,13,000	
प्रशासनिक व्यय	42,000		65,5000	
विक्रय व्यय	47,500	1,98,000	56,500	2,35,000
कर व ब्याज से पूर्व लाभ		1,77,000		1,85,000
घटाया : ब्याज		35,000		42,000
कर पूर्व लाभ		1,42,000		1,43,000
घटाया : कर हेतु प्रावधान		76,000		89,000
कर पश्चात् लाभ		66,000		54,000

वर्ष 2000-2001 के लिए आज़ाद कं. लि. का तुलन पत्र

(रु. लाख में)

	2000	2001
देयताएँ		
पूँजी	8,00,000	8,00,000
संचय + अधिशेष	3,50,000	3,00,000
दीर्घकालीन ऋण	8,20,000	98,000
लेनदार	54,000	46,000
देय विपत्र	23,000	26,000
योग	**13,09,500**	**12,70,000**

परिसंपत्तियाँ		
स्थायी परिसंपत्ति (शुद्ध)	4,62,000	5,04,000
प्रपत्र	2,42,500	1,33,000
देनदार	72,000	64,000
रहतिया	2,18,000	2,84,000
रोकड़ व बैंक शेष	3,15,000	2,85,000
योग	**13,09,500**	**12,70,000**

निम्नलिखित अनुपात ज्ञात करें तथा फर्म की शोधन क्षमता पर टिप्पणी दें। साथ ही परिचालन प्रबंध की कार्य कुशलता का विश्लेषण करें।

1. ऋण-समता अनुपात
2. स्वामित्व अनुपात
3. रहतिया आवर्त अनुपात
4. देनदार आवर्त अनुपात
5. कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात
6. कुल परिसंपत्ति-ऋण अनुपात

हल

1. ऋण समता अनुपात $= \frac{\text{ऋण}}{\text{समता}} = \frac{\text{ऋण}}{\text{पूँजी + संचय + अधिशेष}}$

2000   2001

$= \frac{82,000}{80,000 + 3,50,000} = \frac{98,000}{8,00,000 + 3,00,000}$

$= \frac{82,000}{11,50,00} = \frac{98,000}{11,00,00}$

= **0.07 गुणा** = **0.09 गुणा**

2. स्वामित्व अनुपात $= \frac{\text{समता}}{\text{कुल परिसंपत्तियाँ}}$

2000   2001

$= \frac{11,50,000}{13,09,500} = \frac{11,00,000}{12,70,000}$

= .878 **गुणा अथवा** 87.8 = .866 **गुणा अथवा** 86.6

3. रहतिया आवर्त अनुपात = $\frac{\text{विक्रय}}{\text{औसत रहतिया*}}$

* वर्ष के अंत में रहतिये के आंकड़ों का प्रयोग किया गया है।

2000	2001
$= \frac{3,75,000}{2,18,000}$	$\frac{42,00,000}{2,84,000}$
1.72 गुणा	1.47 गुणा

4. देनदार आवर्त अनुपात = $\frac{\text{विक्रय}}{\text{औसत देनदार*}}$

* वर्ष के अंत में देनदारों के आंकड़ों का प्रयोग किया गया है।

2000	2001
$= \frac{3,75,000}{72,000}$	$\frac{42,00,000}{64,000}$
= 5.21 गुणा	= 6.56 गुणा

5. कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात = $\frac{\text{विक्रय}}{\text{शुद्ध कार्यशील पूँजी}}$

शुद्ध कार्यशील पूँजी = [(देनदार + रहतिया + रोकड़ व बैंक शेष – (लेनदार + देय विपत्र)]

कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात 2000

$$\frac{3,75,000}{72,000 + 2,18,000 + 3,15,000 - (54,000 + 23,500)} = \frac{3,75,000}{5,27,500}$$

= 0.71 गुणा

कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात 2001

$$= \frac{42,00,000}{64,000 + 2,84,000 + 2,85,000 - (46,000 + 26,000)} = \frac{42,00,000}{5,61,000}$$

= 0.75 गुणा

व्याख्या

ऋण–समता अनुपात एवं स्वामित्व अनुपात एक व्यवसाय की शोधन–क्षमता से संबंधित हैं। एर्नोल्ड कं. लिमिटेड का ऋण–समता अनुपात बहुत कम है। पिछले वर्ष की तुलता में यह कुछ कम नहीं हुआ है। इस अनुपात में वर्ष 2001 में सूक्ष्म-वृद्धि दीर्घकालीन ऋणों में वृद्धि दर्शाती हैं। इसका अर्थ यह है कि एक संस्था वित्तीय उत्तोलक का लाभ नहीं ले पा रही है। दीर्घकालीन ऋणों एवं वित्तीय उत्तोलक के वृद्धि के माध्यम से एर्लोल्ड कंपनी लिमिटेड अपने स्वामियों की आय में वृद्धि कर सकती है। स्वामित्व अनुपात यह समझाने में मदद करता है। कि परिसंपत्तियों के कितने भाग को समता द्वारा निधि उपलब्ध है। यह अनुपात वर्ष 2001 में 86.6% है जिसका अर्थ है कि एर्नोल्ड कंपनी की कुल परिसंपत्तियों को 86.6% समता द्वारा निधि–प्रदान की गई है। वर्ष 2000 में यह 87.8% है।

रहतिया आवर्त अनुपात, देनदार आवर्त अनुपात एवं कार्यशील पूँजी अनुपात 'आवर्त अनुपात' की श्रेणी से संबंध रखते हैं। ये सभी अनुपात संस्था के विभिन्न परिसंपत्तियों द्वारा संचालित विक्रय की कार्यकुशलता पर टिप्पणी करने में सहायता करती हैं। वर्ष 2000 के 1.72 गुना की तुलना में कंपनी का रहतिया आवर्त अनुपात वर्ष 2000 में घटकर 1.47 गुणा हो गया है। इसका अर्थ यह है कि दी गई समयावधि में रहतिये के संदर्भ में कंपनी की कार्यकुशलता में कमी आती जा रही हैं। फलतः रहतिया अनुपात भी कम है। कम रहतिया आवर्त अनुपात का एक समयावधि में लगातार कम होना भविष्य में आने वाली परेशानियों/कठिनाइयों का सूधक है। निम्न रहतिया आवर्त–अनुपात के परिणामस्वरूप रहतिया का धीमा–आवर्त्त एवं अंत में (Non-moving) स्थायी रहतिया का होने से कोषों का (Blockade) रूक जाना है। वर्ष 2000 के 5.21 गुना देनदार आवर्त अनुपात की तुलना में यह सुधरकर वर्ष 2001 में 6.56 गुणा हो गया है। यह देनदारों से वसूली एवं उनकी के सुधार को प्रदर्शित करता है। वर्ष 2001 में कार्यशील-पूंजी आवर्त अनुपात में भी कुछ सुधार हुआ है।

समग्र रूप में, एर्नोल्ड कंपनी को यह सलाह दी जाती है कि व दीर्घ–कालीन ऋणों का अधिक उपयोग करे एवं अपनी कार्यशील पूंजी की आवृति की गति को बढ़ाए।

सारांश

1. *अनुपात विश्लेषण*

   अनुपात विश्लेषण एक व्यावसायिक संस्था की स्थिति विवरण तथा लाभ-हानी खाते में दिए गए आँकड़ों के बीच तार्किक संबंध स्थापित करके वित्तीय सुदृढ़ता एवं कमजोरी को पहचाने एवं प्राप्त परिणामों से सार्थक निष्कर्ष निकालने एवं उनका व्याख्यान करने की प्रक्रिया है।

2. *अनुप्रस्थ एवं समय-शृंखला विश्लेषण*

   अनुप्रस्थ विश्लेषण में, एक संस्था के अनुपातों को एक समय विंदु पर उसके प्रतियोगियों एवं व्यवसाय के औसत तुलना की जाती है। समय-शृंखला विश्लेषण एक व्यावसायिक संस्था की एक समयावधि के दौरान प्रदर्शित कार्यकुशलता को मूल्यांकित करता है। ये दोनों ही विश्लेषण कठिनाइओं एवं सुधार कार्यों की आवश्यकता वाले क्षेत्रों को ढूँढ निकालने में सहायता करते हैं।

3. *अनुपात विश्लेषण के लाभदाता/उपयोगकर्ता एक संस्था के अनुपात विश्लेषण में मुख्यत: तीन (parties) ध्यान केंद्रित करती हैं, वे हैं:- लेनदार, अंशधारी एवं संचालक/प्रबंधक*

4. *अनुपातों के प्रकार*

   वित्तीय अनुपातों को मुख्यतः चार वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है:-

   - *तरलता अनुपात :* तरलता अनुपात को संस्था की अल्प-कालीन देयताओं/दायित्वों के भुगतान की सक्षमता/समर्थता बताने में सहायता करती है।
   - *शोधन-क्षमता अनुपात :* शोधन-क्षमता अनुपात व्यावसायिक संस्था के दीर्घकालीन ऋणों में भुगतान की क्षमता का विश्लेषण करता है।
   - *आवर्त्त अनुपात :* आवर्त्त अनुपात संस्था की परिसंपत्तियों के प्रबंधन व कार्यकुशलता पर टिप्पणी करने में सहायता करती हैं। वह गति (speed) जिसके द्वारा परिसंपत्तियों का विक्रय में परिवर्तन होता है, को आवर्त्त अनुपातों द्वारा ज्ञात किया जाता है।
   - *लाभोपार्जन क्षमता अनुपात :* एक व्यवसायिक संस्था की लाभर्जन क्षमता की गणना लाभोपार्जन क्षमता अनुपातों द्वारा की जाती है।

प्रश्न और अभ्यास

I बहुविकल्पीय प्रश्न

1. अनुपात एक कंपनी की कार्य एवं स्थिति का ____________ माप देते हैं।

   (अ) स्थिर

   (ब) सकल

   (स) संबंधित

   (द) गुण-संबंधी

2. ____________ विश्लेषण में बिभिन्न संस्थाओं के बित्तीय अनुपातों की एक समय-बिंदु पर तुलना की जाती है।

   (अ) समय-शृंखला

   (ब) क्रॉस सैक्शनल (अनुप्रस्थ शृंखला)

   (स) सीमांत

   (द) परिणाम-संबंधी

3. ____________ विश्लेषण, वर्तमान तथा पूर्व कार्यकुशलता की तुलना तथा उनके विकास की प्रवृत्तियों के मूल्यांकन से सम्बन्धित है।

   (अ) समय-शृंखला

   (ब) अनुप्रस्थ-शृंखला

(स) सीमांत

(द) परिमाण संबंधी

4. एक संस्था की दृढ़ता का मूल्यांकन करते समय लेनदारों की प्रमुख रूचि होती है, उस संस्था की

(अ) लाभोपार्जन क्षमता में

(ब) उत्तोलक में

(स) अल्प कालीन तरलता में

(द) अंश कीमतों में

5. समय-शृंखला विश्लेषण का उपयोग अधिकांशत: होता है ______

(अ) विकासशील प्रवृत्तियो के मूल्यांकन में

(ब) निर्णयों की उपयुक्त त्रुटियों में

(स) कुछ मापदण्डों से संबंधित स्थिति में

(द) प्रमाप परिणामों में

6. अनुपात विश्लेषण में, स्तरीय उद्‌यम अनुपात की तुलना, प्रमाप से ____________ विचलनों को समाप्त करने के लिए किया जाता है।

(अ) धनात्मक

(ब) ऋणात्मक

(स) कोई भी

(द) मानक

7. वह विश्लेषण, जो मुख्यत: सुधार के क्षेत्रों की पहचान करता है, तथा जिसमें संस्था के अनुपात मूल्यों की तुलना या प्रतियोगियों के दल के अनुपात मूल्यों से की जाती है, कहलाता है ____________।

(अ.) समय-शृंखला विश्लेषण

(ब.) माप दण्ड

(स.) संयुक्त विश्लेषण

(द.) इनमें से कोई नहीं

8. अनुप्रस्थ अनुपात विश्लेषण का प्रयोग होता है ____________।

(अ) परिचालन में उपयुक्त संभावित कठिनाइयों

(ब) कठिनाइयों के कारणों को दूर करना

(स) एक कठिनाई के अस्तित्व के निश्चित प्रमाण उपलब्ध कराना

(द) एक संभावित कठिनाई के लक्षण व्यक्त करना

9. एक कठिनाई के अस्तित्व अथवा अदत प्रबन्ध का कार्य का ____________ प्रमाण अनुपात विश्लेषण द्वारा उपलब्ध कराया जाता है।

(अ) निश्चित

(ब) अनिश्चित

(स) पूर्ण

(द) स्थिर

10. समीप मद में, वे महत्त्वपूर्ण अनुपात जो संस्था के अल्पकालीन परिचालन में समालोचनात्मक जानकारी उपलब्ध कराते हैं वे हैं :

(अ) तरलता, आवर्त एवं लाभोपार्जन

(ब) तरलता, आवर्त एवं सामान्य रहतिया

(स) तरलता, आवर्त एवं ऋण

(द) आवर्त, ऋण एवं लाभोपार्जन

11. अनुपात के निम्न समूह मुख्यत: जोखिम को मापते हैं ____________।

(अ) तरलता, आवर्त एवं लाभोपार्जन

(ब) तरलता, आवर्त एवं सामान्य रहतिया

(स) तरलता, आवर्त एवं ऋण

(द) तरलता, ऋण एवं लाभोपार्जन

12. आय को प्रमुखत: ____________ अनुपातों के द्‌वारा मापा जाता है।

(अ) तरलता

(ब) आवर्त

(स) ऋण

(द) लाभोपार्जन

13. एक व्यावसायिक संस्था की ____________ की क्षमता को उसके अल्पकाल दायित्वों के समय पर भुगतान की क्षमता से मापा जा सकता है।

(अ) आवर्त

(ब) तरलता

(स) ऋण

(द) लाभोपार्जन

14. ____________ अनुपात, बिभिन्न खातों को बिक्रय अथवा रोकड़ में परिवर्तित करने की गति का मापक है।

(अ) आवर्त

(ब) तरलता

(स) ऋण

(द) लाभोपार्जन

15. ____________ ऋण एवं वसूली नीतियों के मूल्यांकन में सहायक है।

(अ) औसत भुगतान अवधि

(ब) चालू अनुपात

(स) औसत वसूली अवधि

(द) चालू परिसंपत्ति आवर्त्त

16. शुद्ध कार्यशील पूंजी का अर्थ है ____________।

(अ) सकल संपत्तियाँ - चालू संपत्तियाँ

(ब) चालू संपत्तियाँ - चालू दायित्व

(स) चालू दायित्व - चालू संपत्तियाँ

(द) विपणन प्रतिभूतियाँ तथा रोकड़

17. एक व्यावसायिक संस्था के रहतिये की गतिविधियों को ____________ मापता है।

(अ) औसत वसूली अवधि

(ब) रहतिया आवर्त्त

(स) तरल अनुपात

(द) चालू अनुपात

18. तरलता के दो आधार मापक है:

(अ) रहतिया आवर्त्त एवं चालू अनुपात

(ब) चालू अनुपात एवं तरल अनुपात

(स) सीमांत सकल लाभ एवं परिचालन अनुपात

(द) चालू अनुपात एवं औसत वसूली अवधि

19. तरलता को मापता है जिसमें ____________ शामिल नहीं है, सामान्यत: सबसे कम तरल संपत्ति है:-

(अ) चालू अनुपात, प्राप्य खाते

(ब) तरल अनुपात, प्राप्य खाते

(स) चालू अनुपात, रहतिया आवर्त्त

(द) तरल अनुपात, रहतिया आवर्त्त

20. यह अनुपात व्यवसाय के उन अनुभवों जिससे निम्न पूर्ति का आभास है, को व्यक्त करता है:

(अ) औसत भुगतान अवधि

(ब) रहतिया आवर्त्त

(स) औसत वसूल अवधि

(द) तरल

21. यह अनुपात कमजोर वसूली प्रणाली अथवा एक ऋणकर नीति को दर्शा सकता है:
    (अ) औसत भुगतान अवधि
    (ब) स्कन्ध आवर्त
    (स) औसत वसूली अवधि
    (द) तरल
22. ए बी सी कंपनी अपने ग्राहकों की ऋण काल को 45 दिन को बढ़ा देती है। इसके ऋण वसूली को कमजोर माना जाएगा यदि उसकी औसत वसूली अवधि थी:
    (अ) 30 दिन
    (ब) 36 दिन
    (स) 37 दिन
    (द) 57 दिन
23. ये विशेष रूप से औसत अवधि में रूची रखते हैं, क्योंकि यह उन्हें संस्था की बिल भुगतान विधियों की जानकारी देती है:
    (अ) ग्राहक
    (ब) अंशधारी
    (स) ऋणदाता एवं पूर्तिकर्ता
    (द) कर्जदार एवं ग्राहक
24. यदि रहतिया आवर्त्त अनुपात को 365 से भाग दिया जाता है, तब यह माप बन जाएगा :
    (अ) बिक्रय कुशलता का
    (ब) रहतिया की औसत आयु का
    (स) बिक्रय आवर्त्त का
    (द) औसत वसूली अवधि का
25. यह ऋण एवं वसूली नीतियों के मूल्यांकन में सहायता करता है:
    (अ) औसत भुगतान अवधि
    (ब) चालू अनुपात
    (स) औसत वसूली अवधि
    (द) चालू संपत्ति आवर्त्त
26. अनुपात की दो श्रेणियाँ जिन्हें एं व्यवसाय संस्था की वास्तविक तरलता के लिए उपयोग किया जाना चाहिए वे हैं:
    (अ) चालू एवं तरल अनुपात
    (ब) तरलता एवं लाभोपार्जन अनुपात

(स) तरलता एवं ऋण अनुपात

(द) तरलता एवं आवर्त अनुपात

27. वे अनुपात जो व्यवसाय के दीर्घकालीन गतिविधियों के गुण-दोष की जानकारी देते है:

(अ) तरलता

(ब) आवर्त

(स) शोधन-क्षमता

(द) लाभोपार्जन-क्षमता

28. प्रत्येक विक्रय रुपये का वह जिसे व्यवसाय ने माल के लिए दिया है भाग के शेष को प्रतिशत के रूप में दर्शाता है:

(अ) सीमांत शुद्ध लाभ

(ब) सीमांत परिचालन लाभ

(स) सीमांत सकल लाभ

(द) सामान्य अंशधारियों की उपलब्ध आय

II लघु उत्तरीय प्रश्न

1. अनुपात-विश्लेषण से आप क्या समझते हैं?
2. अनुप्रस्थ एवं समय-शृंखला विश्लेषण के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।
3. वित्तीय अनुपात विश्लेषण के उपयोगकर्ता/पक्षधर कौन हैं एवं उनके लिए बित्तीय विश्लेषण की महत्ता की व्याख्या कीजिए।
4. अनुपात के भिन्न प्रकार क्या हैं?
5. तरलता अनुपात क्या हैं? चालू अनुपात एवं तरल अनुपात के महत्त्व की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।
6. एक व्यवसाय की शोधन-क्षमना स्थिति का अध्ययन आप कैसे करेंगे?
7. अध्ययन के लिए कौन-से संबंध स्थापित करने होंगे?

   (अ) रहतिया आवर्त (स) देय/लेनदार आवर्त

   (ब) देनदार आवर्त (द) कार्यशील पूंजी आवर्त

8. महत्त्वपूर्ण लाभोपार्जन क्षमता अनुपात क्या हैं? इनकी गणना किस प्रकार की जाती है?
9. विश्लेषक के चार समूहों द्वारा वित्तीय विश्लेषण अनुपातों का संचालन किया जाता है वे है: प्रबंधक, समता विनियोजक/निवेशक, दीर्घ-कालीन लेनदार एवं अल्प-कालीन लेनदार/अनुपातों के मूल्यांकन में प्रत्येक का मुख्य रूप से क्या महत्त्व है?
10. रहतिया आवर्त अनुपात की एक परचून भंडार के लिए एक बीमा कंपनी से अधिक महत्ता क्यों होगी?

III निबंधात्मक प्रश्न

1. एक समय बिंदु पर समय-शृखंला विश्लेषण फर्म की वित्तीय स्थिति की तुलना अन्य फर्मों से करने में सहायक होता है? चर्चा करें।

2. एक नियमानुसार, प्रभावित वित्तीय विश्लेषण में कम से कम आय वितरण और रोकड़ प्रवाह विवरण को आवश्यक घटक के रूप में शामिल किया जाता है। चर्चा करें।

3. अनुप्रस्थ अनुपात विश्लेषण के अंतर्गत एक ही समय बिंदु पर किसी फर्म के अनुपातों की तुलना अन्य उद्योग में सम्मिलित फर्मों से की जाती है। चर्चा करें।

4. माप दण्ड एक प्रकार का अनुप्रस्थ विश्लेषण है। जिसमें किसी फर्म के अनुपात की तुलना अन्य उद्योग की फर्मों से प्राथमिक रूप में इसलिए की जाती है कि सुधारात्मक क्षेत्रों की पहचान की जा सकें? टिप्पणी दें।

5. समय-शृखला किसी एक समय बिंदु पर वित्तीय अनुपातों द्वारा फर्म की स्थिति का मूल्यांकन करती है। चर्चा करें।

6. फर्म के लेनदार प्राथमिक रूप से लघु अवधि तरलता और मूलधन व ब्याज की भुगतान क्षमता की ओर ध्यान देते हैं। ऐसा क्यो?

7. अनुपात विश्लेषण विश्लेषक को भावी क्षेत्रों की ओर निदेशित करता है किंतु किसी भी दशा में यह समस्या के विद्यमान होने का संपूर्ण प्रमाण नही देता है। टिप्पणी दें।

8. शुद्ध कार्यशील पूँजी किसी समय अवधि के दौरान एक ही फर्म की तरलता की तुलना में सहायक होती है तथा किसी भी दशा में इसका प्रयोग विभिन्न फर्मों की तरलता के मूल्यांकन हेतु नहीं किया जा सकता है। तदापि विभिन्न फर्मों की तरलता को ज्ञात करने के लिए चालू अनुपात का प्रयोग किया जा सकता है। चर्चा करें।

9. व्यावसायिक फर्म की तरलता को उसके दीर्घकालीन देयताओं की शोधन-क्षमता पर मूल्यांकित किया जाता है। चर्चा करें।

10. जब फर्म के रहतिये को सुविधानुसार रोकड़ में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है तो ऐसी स्थिति में चालू अनुपात के प्रयोग से फर्म की तरलता को ज्ञात किया जा सकता है। यदि रहतिया तरल प्रवृति का है तो तरल अनुपात से फर्म की तरलता को आंका जाता है। चर्चा करें।

11. चूंकि फर्म की चालू परिसंपत्तियों और देयताओं के संगठन में बदलाव द्वारा फर्म की तरलता प्रभावित होती है, अतः यह आवश्यक है कि विशिष्ट चालू परिसंपत्तियों की तरलता का मूल्यांकन संपूर्ण तरलता से हट कर किया जाए। चर्चा करें।

12. रहतिये की औसत आयु का मूल्यांकन फर्म द्वारा धारित रहतिये की औसत अवधि अथवा रहतिये के विक्रय के औसत दिनों के आधार पर किया जाता है। चर्चा करें।

13. सकल लाभ, प्रत्येक विक्रय पर फर्म द्वारा माल एवं परिचालन व्ययों के भुगतान के पश्चात् बची हुई धनराशि के प्रतिशत को ज्ञात करता है। चर्चा करें।

प्रश्न

1. निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर निम्न अनुपातों की गणता कीजिए :

   (i) चालू अनुपात

   (ii) तरल अनुपात

(iii) परिचालन अनुपात

(iv) सकल लाभ अनुपात

चालू परिसंपत्तियाँ = 70,000 रु. विक्रय = 1,40,000 रु.

शुद्‌ध कार्यशील पूंजी = 30,000 रु. विक्रय माल की लागत = 68,000 रु.

रहतिया = 30,000 रु.

2. मोर्नाक कंपनी की चालू परिसंपत्तियाँ का मूल्य 29,745 रु. है तथा चालू अनुपात 1.5 हैं। रहतिया का मूल्य 8,827 रु. हैं। तरल अनुपात की गणना कीजिए तथा कंपनी की तरलता स्थिति पर टिप्पणी कीजिए।

3. निम्नलिखित सूचनाओं से अंशधारियों के कोषों की गणना कीजिए :

चालू अनुपात	2.5
तरल अनुपात	1.5
स्वामी अनुपात	0.75
कार्यशील पूंजी	60,000 रु.
संचिति व अतिरेक	40,000 रु.
ऋण कोष	10,000 रु.

4. निम्नलिखित विवरणों के आधार पर सकल लाभ और विक्रय राशि का निर्धारण कीजिए :

औसत रहतिया 95.000 रु.

रहतिया आवर्त्त अनुपात 3 गुणा

सकल लाभ विक्रय का 25%

5. एक कंपनी के निम्नलिखित अनुपातों के आधार पर उसके प्रबंध की कुशलता पर टिप्पणी कीजिए :

वर्ष	*रहतिया आवर्त (गुणा में)*	*लेनदार आवर्त (गुणा में)*	*प्रचालन आवर्त (प्रतिशत में)*
1999	9.4	5.1	83.15
2000	9.0	4.7	82.56
2001	7.3	4.5	81.34
2002	6.5	3.7	82.93

6. निम्नलिखित ऑकड़े जी के दो लगातार वर्षों के खाते से लिए गए है।

	2001 (रु. में)	*2002 (रु. में)*
प्रचालन से आगम	2,10,000	4,20,000
सकल लाभ	52,500	84,000

दो वर्षों की लाभोपार्जन क्षमता पर टिप्पणी कीजिए।

7. भाटिया कंपनी का तरल अनुपात 1.4 है, चालू अनुपात 3.0 है, रहतिया आवर्त 6 गुना है, कुल चालू परिसंपत्तियाँ 8,10,000 रु. है तथा रोकड़ व विपणन योग्य प्रतिभूतियाँ 1,20,000 रु. है। वार्षिक विक्रय क्या होगी? गणना कीजिए।

8. निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर गणना कीजिए :

   (i) सकल लाभ अनुपात

   (ii) ऋण-समता अनुपात

   (iii) कार्यशील पूंजी आवर्त अनुपात

	(रु. में)
शुद्ध विक्रय	36,50,000 रु.
विक्रय माल की लागत	23,60,000 रु.
चालू दायित्व	7,80,000 रु.
उधार कोष	6,25,000 रु.
चालू परिसंपत्तियाँ	13,29,000 रु.
समता अंश पूंजी	17,80,000 रु.
ऋणपत्र	8,40,000 रु.

9. निम्नलिखित सूचनाओं से परिचालन अनुपात की गणना कीजिए :

शुद्ध विक्रय	5,40,000 रु.
शुद्ध क्रय	3,10,000 रु.
प्रारंभिक रहतिया	75,000 रु.
प्रत्यक्ष व्यय	32,000 रु.
अंतिम रहतिया	50,000 रु.
बिक्री व्यय	25,000 रु.
वितरण व्यय	15,000 रु.

10. डी कंपनी लिमिटेड का वर्षान्त मार्च 31, 2001 का लाभ-हानि खाता

शुद्ध विक्रय	20,00,000 रु.	
घटाया: विक्रय माल की लागत		
प्रारंभिक रहतिया	2,50,000 रु.	
जमा क्रय	13,00,000 रु.	
	15,50,000 रु.	
घटाया : अंतिम रहतिया	5,50,000 रु.	10,00,000 रु.

सकल लाभ	10,00,000 रु.
घटाया : परिचालन व्यय	3,70,000 रु.
परिचालन लाभ	6,30,000 रु.
घटाया : ब्याज	2,10,000 रु.
कर पूर्व लाभ	4,20,000 रु.

परिचालन अनुपात एवं सकल लाभ अनुपात की गणना कीजिए।

11. निम्नांकित अनुपातों के संदर्भ में, इन अनुपातों का सूत्र बताएं तथा उन समस्याओं को उजागर करें यदि ये उद्योग औसत से अधिक अथवा कम हैं। निम्नवत् सारणी के प्रकार अन्य सारणी तैयार करें तथा रिक्त स्थानों को भरें :

अनुपात	उच्च	निम्न
चालू अनुपात		
रहतिया आवर्त्त		
रहतिया आवर्त्त		
सकल लाभ		
ऋण समता अनुपात		

12. सुप्रीम पेपर कंपनी की गत् 4 वर्षों की कुल चालू परिसंपत्तियों, शुद्ध कार्यशील पूंजी व रहतिया इस प्रकार हैं :

मद	*1999*	*2000*	*2001*	*2002*
कुल चालू परिसंपत्ति	1,01,700	1,31,400	1,35,000	1,62,000
शुद्ध कार्यशील पूंजी	47,700	55,800	59,400	57,600
रहतिया	36,000	41,400	41,400	43,200

(अ) चालू व तरल अनुपात ज्ञात करें। शुद्ध कार्यशील पूँजी, चालू अनुपात व तरल अनुपात की तुलना करें।

(ब) वर्ष 1999-2002 की अवधि के लिए फर्म की तरलता पर टिप्पणी दें।

(स) यदि आपको सुप्रीम पेपर कंपनी का रहतिया आवर्त्त प्रत्येक वर्ष के लिए दिया गया हो साथ ही उद्योग औसत भी ज्ञात हो तो क्या उससे आपके मूल्यांकन (ब) में अंतर आएगा? क्यों?

रहतिया आवर्त	*1999*	*2000*	*2001*	*2002*
सुप्रीम पेपर	6.3	6.8	7.0	6.4
	10.6	11.2	10.8	11.0

13. कैपिटल कंपनी की विक्रय राशि 16,00,000 रु. है तथा सकल लाभ 40 % है। चतुर्थ अवधि के अंत में रहतिया इस प्रकार था :

1.	16,00,000
2.	32,00,000
3.	48,00,000
4.	8,00,000

(अ) औसत चतुर्थ रहतिया ज्ञात करें तथा रहतिया आवर्त्त व रहतिये की औसत आयु ज्ञात करें।

(ब) मान लीजिए यह कंपनी उस उद्योग में शामिल है जिनका औसत रहतिया आवर्त्त 2.0 है। आप कंपनी के रहतिये का मूल्यांकन किस प्रकार करेंगे।

14. नैचुरल फूड्स कंपनी के नए स्वामियों ने आपको कंपनी के समक्ष पर्याप्त शुद्ध कार्यशील पूँजी के रखरखाव की समस्या के निवारण हेतु नियुक्त किया है। प्रथम चरण में आप तरलता विश्लेषण करेंगे। उसके पश्चात् आप कंपनी के लघु अवधि क्षमता अनुपात का विश्लेषण करेंगे। आपके द्वारा की गई गणनाएँ एवं उद्योग नियम इस प्रकार है :

	नैचुरल फूड्स	*उद्योग नियम*
चालू अनुपात	4.5	4.0
तरलता अनुपात	2.0	3.1
औसत वसूली	73 दिन	52 दिन
औसत भुगतान अवधि	31 दिन	40 दिन
रहतिया आवर्त्त	6.0	10.4

(अ) आप नए स्वामियों को रहतिये के रखरखाव व धनराशि हेतु क्या संस्तुति देंगे।

(ब) आप नए स्वामियों को प्राप्य विपत्र के रखरखाव व धनराशि हेतु क्या संस्तुति देंगे।

(स) आप नए स्वामियों को देय विपत्र के रखरखाव व धनराशि हेतु क्या संस्तुति देंगे।

(ड) आपकी संस्तुति द्वारा क्या परिणाम उप्पन्न होंगे।

15. औद्योगिक वित्त लि. के पास दो उपभोक्ताओं ने 1,75,000 रु. के लघु ऋण हेतु आवेदन दिया है। उनकी संक्षिप्त वित्तीय सूचनाएं इस प्रकार हैं :

	अ	ब
शुद्ध	31,85,000	26,25,080
सकल लाभ	13,37,700	10,23,750
ब्याज	70,000	28,700
आय कर	2,62,500	1,75,000

कर उपरांत लाभ	2,87,000	1,96,875
रहतिया	3,15,000	2,28,200
देनदार	2,45,000	1,96,000
रोकड	21,000	63,000
चालू देयताएँ	6,39,100	4,06,000
लघु अवधि देयताएँ	5,60,000	4,55,000
अंशधारी कोष	6,30,000	4,90,000

औद्योगिक वित्त लि. के पास इन दोनों में किसी एक को ऋण स्वीकृति देनी है।
आप अपनी वित्तीय विश्लेषण क्षमता के आधार पर औद्योगिक वित्त लि. को इन दोनों में किस आवेदन के स्वीकृति का सुझाव देंगे।

उत्तर

(i)	अ	(ii)	ब	(iii)	अ	(iv)	अ
(v)	अ	(vi)	अ	vii)	अ	(viii)	स
(ix)	अ	(x)	स	(xi)	द	(xii)	ब
(xiii)	ब	(xiv)	अ	(xv)	स	(xvi)	अ
(xvii)	ब	(xviii)	ब	(xix)	द	(xx)	अ
(xxi)	स	(xxii)	स	(xxiii)	स	(xxiv)	ब
(xxv)	अ	(xxvi)	अ	(xxvii)	स	(xxviii)	द

1 (i) चालू अनुपात 7:4
(ii) तरल अनुपात 1:1
(iii) परिचालन अनुपात 48.57%
(iv) सकल लाभ अनुपात 51.42

2. तरल परिसंपत्तियाँ = 20,918 रु.
चालू देयताएं = 19,830 रु.
तरल अनुपात = 1.05:1

4. विक्रय = 2,85,000 रु.
सकल लाभ 71,200 रु.

5. 41,46,000 रु.

6. सकल लाभ अनुपात = 35.3%
ऋण-समता अनुपात = .82
कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात 6.64 गुणा

7. परिचालन अनुचात = 78.7%

8. सकल लाभ अनुपात = 50%

अध्याय 4

वित्तीय स्थिति में परिवर्तन का विवरण

अधिगम उद्देश्य

इस अध्याय को पढ़ने के बाद आप :

- कोष (कार्यशील पूंजी) तथा कोष के प्रवाह से आशय समझ सकेंगे;
- वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण से तात्पर्य एवं आवश्यकता की व्याख्या कर सकेंगे;
- वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण की उपयोगिता एवं सीमाओं की व्याख्या कर सकेंगे;
- परिचालन क्रियाओं, निवेशित क्रियाओं एवं वित्तीय क्रियाओं में अंतर कर सकेंगे;
- प्रत्यक्ष विधि द्वारा रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कर सकेंगे;
- अप्रत्यक्ष विधि द्वारा रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कर सकेंगे;
- कार्यशील पूंजी पर आधारित वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण और रोकड़ प्रवाह विवरण में अंतर कर सकेंगे;
- वित्तीय स्थिति में परिवर्तन हेतु विवरण एवं रोकड़ प्रवाह विवरण का विश्लेषण कर सकेंगे।

वित्तीय विवरण के उपयोगकर्ता अधिकतर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के लिए उत्सुक होते हैं :

(i) कंपनी द्वारा वर्तमान लाभों में से लाभांश का भुगतान किस प्रकार किया जाएगा।

(ii) जब वर्तमान लाभ गत वर्ष के लाभों में से अधिक थे तो कंपनी द्वारा लाभांश का भुगतान क्यों नहीं किया गया।

(iii) जबकी लाभ अधिक मात्रा में है तब भी चालू परिसंपत्तियों के मूल्य में गिरावट क्यों आई।

(iv) स्थायी परिसंपत्ति को किस प्रकार वित्त किया जाता है।

(v) अंशों एवं ऋणपत्रों से प्राप्त धनराशि का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है।

अधिकतर, निवेशक उक्त प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने हेतु उत्सुक होते हैं। सामान्यतया, एक व्यावसायिक संस्था अपनी वित्तीय क्षमता तथा वित्तीय स्थिति के संदर्भ में सूचना वित्तीय विवरणों के माध्यम से संप्रेषित करती है। हांलाकि, यह विवरण निवेशकों के उत्तर तब भी उन्हें प्राप्त नहीं हो पाते है। इस उद्देश्य हेतु, हमें इन विवरणों के विश्लेषण की आवश्यकता होती है तथा उपरोक्त प्रश्नों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु विशेष विवरण तैयार करने होते हैं।

यह विशेष विवरण वित्तीय स्थिति में परिवर्तन हेतु विवरण और रोकड़ प्रवाह विवरण हैं। हम, इस अध्याय में इन दोनों विवरणों के संबंध में पढ़ेंगे।

4.1 कोष से आशय

शब्द 'कोष' की व्याख्या विभिन्न प्रकार से की जा सकती है। इस शब्द को निम्न उदाहरण द्वारा समझा जा सकता है। एक पुत्र अपने पिता से कंप्यूटर की खरीद के लिए बहस कर रहा है, किंतु पिता का मत है कि उनके पास उसके लिए कोष नहीं है। यहाँ पिता का कोष से तात्पर्य कंप्यूटर प्रणाली के क्रय के लिए नकद राशि से है। अत: इस स्थिति में 'कोष' को रोकड़ (हस्तस्थ एवं बैंकस्थ) के समानार्थ माना गया है। इस पर, पुत्र का मत है कि कोष की व्यवस्था बैंक से ऋण प्राप्त करके अथवा अंशों या अन्य प्रपत्रों को बाजार में बेच कर की जा सकती है। यहाँ पुत्र द्वारा 'कोष' से तात्पर्य पिता के समक्ष अन्य संसाधनों से है जिन्हें नकद में परिवर्तित किया जा सकता है। हालांकि, वित्तीय स्थिति के विवरण की दशा में 'कोष' शब्द से आशय 'शुद्ध कार्यशील पूँजी' से है। शुद्ध कार्यशील पूँजी चालू परिसंपत्तियों के उस भाग का प्रतिनिधित्व करती है जिसे दीर्घकालीन साधनों द्वारा वित्त किया जाता है। शुद्ध कार्यशील पूँजी की गणना चालू परिसंपत्तियों में से चालू देयताओं को घटा कर की जाती है।

शुद्ध कार्यशील पूँजी = चालू परिसंपत्तियाँ - चालू देयताएँ

चालू परिसंपत्तियाँ : इनमें रोकड़ तथा अन्य परिसंपत्तियाँ सम्मिलित की जाती हैं जिन्हें प्रमुख परिचालन व्यावसायिक क्रियाओं के दौरान नकदी में परिवर्तित किया जा सके, अथवा उपभोग किया जा सके। परिचालन चक्र से तात्पर्य माल के अधिग्रहण तथा उत्पादों/सेवाओं के विक्रय से उत्पन्न नकद वसूली के मध्य औसत समय से है। इनके अतिरिक्त अन्य समस्त परिसंपत्तियों को गैर-चालू परिसंपत्तियाँ कहते हैं। चालू परिसंपत्तियों में रहतिया, देनदार, प्राप्त विपत्र, पूर्वदत्त व्यय, उपार्जित आमदनी, लघु कालीन प्रपत्र, हस्तस्थ रोकड़ तथा बैंकस्थ रोकड़ को शामिल किया जाता है।

चालू देयताएँ : वे दायित्व जिनका परिसमापन समान्यतया वर्तमान रूप से विद्यमान संसाधनों में से किए जाने की संभावना रहती है जिन्हें चालू परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है अथवा एक वर्ष की अवधि या परिचालन चक्र, जिनकी भी अवधि अधिक हो, के भीतर अन्य चालू देयताओं का भारग्रहण किया गया है, चालू देयताओं के वर्ग में सम्मिलित की जाती हैं। चालू देयताओं में लेनदार, देय विपत्र, अदत्त व्यय/आमदनी, कराधान हेतु प्रावधान आदि मदें आती हैं।

एक कंपनी का तुलन-पत्र नीचे दिया गया है जिसमें विभिन्न परिसंपत्तियों एवं देयताओं को चालू तथा गैर-चालू मदों में वर्गीकृत किया गया है :

तुलन-पत्र का प्रारूप

मद 1	मद 3
समता एवं गैर-चालू देयताएँ	स्थायी परिसंपत्तियाँ
अंश पूँजी	मूर्त परिसंपत्तियाँ
सचंय एवं आधिक्य	भूमि
ऋणपत्र	प्लांट एवं मशीनरी
दीर्घकालीन ऋण	दीर्घकालीन प्रपत्र
मद 2	**मद 4**
चालू देयताएँ	चालू परिसंपत्ति
विविध लेनदार	रहतिया
देय विपत्र	देनदार
लघु कालीन ऋण	प्राप्य विपत्र
उपार्जित व्यय	उपार्जित आय
अग्रिम आमदनी प्राप्त	विक्रेय प्रपत्र
अन्य चालू देयताएँ एवं प्रावधान	ऋण एवं अग्रिम राशि
बैंक अधिविकर्ष	बैंकस्थ एवं हस्तस्थ रोकड़

कोष का निर्धारण कुल चालू देयताओं (मद 2) में से कुल चालू परिसंपत्तियों (मद 4) को घटा कर किया जाता है।

कोष (शुद्ध कार्यशील पूँजी) = **चालू परिसंपत्ति** (मद 4 का योग) - **चालू देयताएँ** (मद 2 का योग)

उदाहरण 4.1

मार्च 31, 2002 को राम रहीम लिमिटेड का संक्षिप्त तुलन-पत्र इस प्रकार था।

31 मार्च 2002 को राम रहीम लि. का तुलन-पत्र

		2001 रु.		2002 रु.
देयताएँ				
समता अंश पूँजी		10,00,000		10,00,000
संचय एवं आधिक्य		3,18,000		5,44,600
10% ऋणपत्र		6,00,000		5,00,000
लेनदार		1,40,000		1,71,200
देय विपत्र		54,400		72,800
भुगतान किए गए व्यय		18,600		27,800
		21,31,000		**23,16,400**

परिसंपत्तियाँ				
भूमि		5,00,000		5,00,000
भवन (लागत पर)	6,80,000		6,80,000	
घटाया: समेकित ह्रास	1,50,000	5,30,000	1,63,600	5,16,400
संयंत्र एवं मशीनरी (लागत पर)	7,50,000		9,00,000	
घटाया : समेकित ह्रास	2,50,000	5,00,000	3,25,000	5,75,000
फर्नीचर	1,50,000		1,50,000	
घटाया : समेकित ह्रास	15,000	1,35,000	30,000	1,20,000
रहतिया		1,85,000		2,57,000
देनदार		1,92,000		2,25,000
प्राप्य प्रपत्र		43,000		38,000
हस्तस्थ रोकड़		46,000		85,000
योग		**21,31,000**		**23,16,400**

31 मार्च 2001 को राम रहीम लि. की चालू परिसंपत्ति और देयताओं को ज्ञात करें। साथ ही राम रहीम लिमिटेड की शुद्ध कार्यशील पूँजी की गणना करें।

हल

चालू परिसंपत्तियाँ	**रहतिया**	**देनदार**	**प्राप्य विपत्र**	**रोकड़**
(31.03.2001 को)	= { रु. 1,85,000 +	1,92,000 +	43,000 +	46,000}
	= रु. 4,66,000			
चालू देयताएँ	**लेनदार**	**देय विपत्र**	**उपार्जित व्यय**	
(31.03.2001 को)	= {रु. 1,40,000	+ 54,400	+ 18,600}	
	= रु. 2,13,000			
शुद्ध कार्यशील पूँजी (31.03.2001 को)			= रु. [4,66,000 – 2,13,000]	
			= रु. 2,53,000	
चालू परिसंपत्तियां	**रहतिया**	**देनदार**	**प्राप्य विपत्र**	**रोकड़**
(31.03.2001 को)	= रु.[2,57,000 +	2,25,000 +	38,000 +	85,000]
	= रु. 6,05,000			
चालू देयताएँ	**लेनदार**	**देय विपत्र**	**उपार्जित व्यय**	
(31.03.2001 को)	= रु. 1,71,200 +	72,000 +	27,800	
	= रु. 2,71,000			
शुद्ध कार्यशील पूँजी (31.03.2002 को)			= रु. [6,05,000 – 2,71,000]	
			= रु. 3,34,000	

4.2 कोष का प्रवाह

'प्रवाह' से आशय 'परिवर्तन' अथवा गति से है। जब कभी, किसी लेनदेन की उत्पत्ती होती है, तो उसका प्रभाव तुलन-पत्र के एक या अधिक मदों पर पड़ता है। यदि किसी एक लेनदेन से एक ही समय में चालू परिसंपत्ति अथवा चालू देयताओं में वृद्धि अथवा कमी होती है या उस लेनदेन से इन मदों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता है तो व्यवसाय के कोषों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उनसे दूसरी तरफ, यदि किन्हीं दो मदों में से किसी एक मद में वृद्धि अथवा कमी होती है तो कोष का प्रवाह होगा।

कोष के प्रवाह को प्रभावित करने वाले लेनदेन

कोष के प्रवाह को प्रभावित न करने वाले लेनदेन

यदि लेनदेन द्‌वारा चालू परिसंपत्तियों में शुद्‌ध वृद्‌धि होती है तो उसे 'कोष के स्रोत' कहते हैं। दूसरी ओर, यदि लेनदेन द्‌वारा चालू परिसंपत्तियों में शुद्‌ध कमी अथवा चालू देयताओं में शुद्‌ध वृद्‌धि होती है तो उसे "कोष के प्रयोग" कहते हैं।

उदाहरण 4.2

निम्नलिखित लेनदेनों का विश्लेषण करें तथा कंपनी की कार्यशील पूंजी पर इन लेनदेनों के प्रवाह को ज्ञात करें :

(i) माल का नकद क्रय

(ii) लेनदेन को देय राशि का भुगतान

(iii) नकदी पर ऋणपत्रों का निर्गम

(iv) दीर्घ कालीन बैंक ऋण का भुगतान

(v) पुरानी फर्नीचर का नकद विक्रय

हल

लेनदेनों का विश्लेषण तथा कार्यशील पूंजी पर प्रभाव

(i) यह लेनदेन एक ओर रहतिये (चालू परिसंपत्ति) में वृद्‌धि करता है, वहीं दूसरी ओर नकदी चालू परिसंपत्ति में कमी करता है। अतः कार्यशील पूंजी में परिवर्तन नहीं होगा, अर्थात इस लेनदेन में कोष का प्रवाह नहीं है।

(ii) यह लेनदेन नकदी (चालू परिसंपत्ति) तथा लेनदारो (चालू देयताओं) में कमी करता है। अतः कार्यशील पूंजी में परिवर्तन नहीं होगा, अर्थात इस लेनदेन में कोष का प्रवाह नहीं है।

(iii) यह लेनदेन ऋणपत्रों (दीर्घ कालीन) तथा नकदी में एक साथ वृद्‌धि दर्शा रहा है। अतः, इससे चालू परिसंपत्तियों में वृद्‌धि हुई है। इससे कार्यशील पूंजी में परिवर्तन आया है अर्थात कोष का प्रवाह संभव हुआ है अतः इसे कार्यशील पूंजी का स्रोत माना जाएगा।

(iv) इस लेनदेन के परिणामस्वरूप बैंक ऋण (चालू दायित्व) तथा नकदी में एक साथ कमी हुई है। अतः इस लेनदेन से कार्यशील पूंजी का प्रवाह प्रभावित हुआ है। इससे कार्यशील पूंजी में कमी आई। इस कारणवश इसे कार्यशील पुंजी का प्रयोग कहते हैं।

(v) इस लेनदेन के द्‌वारा एक ओर फर्नीचर (स्थायी परिसंपत्ति) में कमी आई है तथा दूसरी ओर नकदी (चालू परिसंपत्ति) में वृद्‌धि हुई है। अतः इस लेनदेन से कोष का प्रवाह संभव हुआ है क्योंकि इसके परिणामस्वरूप चालू परिसंपत्तियों में वृद्‌धि हुई है अतः, इसे कोष का स्रोत कहा जाएगा।

4.2.1 शुद्ध कार्यशील पूंजी में परिवर्तन की सारणी

शुद्ध कार्यशील पूंजी में परिवर्तन की सारणी वर्ष के दौरान कार्यशील पूंजी में हुए शुद्ध परिवर्तन (वृद्धि अथवा कमी) को ज्ञात करने के लिए तैयार किया जाता है। उपरोक्त उदाहरण 4.2 में हमने पढ़ा कि व्यावसायिक लेनदेनों को निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है :

(i) वे लेनदेन जिससे शुद्ध कार्यशील पूंजी प्रभावित नही होती है;

(ii) वे लेनदेन जिससे शुद्ध कार्यशील पूंजी प्रभावित होती है।

समस्त लेनदेनों का प्रभाव व्यावसायिक संस्था के तुलन-पत्र पर पड़ता है। कार्यशील पूंजी में हुए शुद्ध परिवर्तन को ज्ञात करने हेतु हमें एक समयावधि में चालू परिसंपत्ति और चालू दायित्व में हुए परिवर्तन (वर्ष के प्रारंभ एवं अंत में) के विश्लेषण की आवश्यकता होती है। इस संदर्भ में निम्न सारणी तैयार की जाती है।

विवरण	*समय अवधि के प्रारंभ में (0)*	*समय अवधि के अंत में (1)*	*शुद्ध कार्यशील पूँजी पर प्रभाव*	
			कार्यशील पूँजी में वृद्धि	*कार्यशील पूँजी में कमी*
	रु.	रु.	रु.	रु.
चालू परिसंपत्तियां	C.A.(0)*	C.A.(1)*	C.A.(1)-C.A (0) (चालू परिसंपत्तियों वृद्धि)	
	C.A.(0)*	C.A.(1)*		C.A.(0) C.A.(1) (चालू परिसंपत्तियों में कमी)
चालू देयताएँ	C.L.(0)*	C.L.(1)*	C.L.(0)-C.L. (1) (चालू देयताओं में कमी)	
	C.A.(0)*	C.L.(1)*		C.A.(1)-C.L.(0) (चालू दायित्वों में वृद्धि)
कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि अथवा (कमी)			शेष अंक ⟷ अथवा	शेष अंक
			योग	**योग**

* C.A. (0) समय अवधि के प्रारंभ में चालू परिसंपत्ति

C.A. (0) समय अवधि के अंत में चालू परिसंपत्ति

C.L. (0) समय अवधि के प्रारंभ में चालू देयताएँ

C.L. (0) समय अवधि के अंत में चालू देयताएँ

उदाहरण 4.3

रॉबट, राकेश और रहमान लि. का तुलन-पत्र निम्नलिखित है :

31 मार्च 2002 को रॉबट, राकेश और रहमान लि. का तुलन-पत्र

परिसंपत्तियाँ	रु.	*2001* रु.	रु.	*2002* रु.
भूमि		8,00,000		8,00,000
भवन (लागत पर)	14,50,000		16,80,000	
घटाया : समेकित ह्रास	4,80,000	9,70,000	5,20,000	11,60,000
प्लाँट एवं मशीनरी	18,75,000		19,95,000	
घटाया : समेकित ह्रास	6,80,000	11,95,000	7,85,000	12,10,000
फर्नीचर	2,89,000		3,65,000	
घटाया : समेकित ह्रास	69,000	2,20,000	75,000	2,90,000
रहतिया		2,50,000		3,35,000
प्राप्य बिल		3,45,000		3,40,000
हस्तस्थ एवं बैंकस्थ रोकड़		85,000		1,30,000
योग		**38,65,000**		**42,65,000**
दायित्व				
समता अंश पूँजी		20,00,000		20,00,000
संचय एवं आधिक्य		10,44,000		12,28,000
12% ऋणपत्र		5,00,000		7,00,000
देय विपत्र		2,16,000		2,36,000
लेनदार		70,000		61,000
भुगतान किए गए व्यय		35,000		40,000
योग		**38,65,000**		**42,65,000**

कार्यशील पूँजी में परिवर्तन की सारणी तैयार करें।

हल

31 मार्च 2002 को रॉबट, राकेश और रहमान लि. का कार्यशील पूँजी में परिवर्तन की सारणी

	2001 राशि रु.	2002 राशि रु.	राशि रु.	राशि रु.
विवरण			*शुद्ध कार्यशील पूँजी में वृद्धि*	*शुद्ध कार्यशील पूँजी में कमी*
चालू परिसंपत्ति :				
रहतिया	2,50,000	3,35,000	85,000	
प्राप्य विपत्र	3,45,000	3,40,000		5,000
रोकड़ शेष	85,000	1,30,000	45,000	
योग	**6,80,000**	**8,05,000**		
चालू देयताएँ :				
लेनदार	2,16,000	2,36,000		20,000
देय विपत्र	70,000	61,000	9,000	
भुगतान किए गए व्यय	35,000	40,000		5,000
कार्यशील पूँजी में वृद्धि				109,000
योग	**3,21,000**	**3,37,000**	**1,39,000**	**1,39,000**

4.3 वित्तीय स्थिति में परिवर्तन का विवरण

यह व़ितरण एक समयावधि में हुए शुद्ध कार्यशील पूंजी के परिवर्तन को दर्शाता है। यह इस पर प्रकाश नहीं डालता है कि यह परिवर्तन किस प्रकार हुए हैं। इसे जानने के लिए हम वित्तीय स्थिति में परिवर्तन का विवरण तैयार करते हैं। इस विवरण के दो भाग होते है। एक ओर कार्यशील पूंजी के स्रोत दर्शाए जाते हैं तथा दूसरी ओर कार्यशील पूंजी के प्रयोग दर्शाए जाते है। इन दोनों के मध्य अंतर कार्यशील पूंजी में वृद्धि दर्शाता है।

4.3.1 कोष का स्रोत एवं प्रयोग

जब लेनदेन चालू परिसंपत्तियों में वृद्धि और चालू देयताओं में कमी दर्शाता है तो इसे कार्यशील पूंजी (कोष) के स्रोत कहते हैं। जब लेनदेन चालू परिसंपत्तियों में कमी और चालू देयताओं में वृद्धि दर्शाता है तो इसे कार्यशील पूंजी (कोष) के प्रयोग कहते है। यह प्रदर्श सं. 4.1 में दिखाया गया है।

प्रदर्श 4.1

*कार्यशील पूंजी (कोष) के स्रोत :

1. स्थाई परिसंपत्तियों का विक्रय
2. अंशों का निर्गम
3. ऋणपत्रों का निर्गम
4. दीर्घ कालीन ऋणों द्वारा कोष
5. परिचालन द्वारा कोष

**कार्यशील पूंजी (कोष) के प्रयोग :

(i) दीर्घकालीन परिसंपत्तियों का क्रय
(ii) अंशों का भुगतान
(iii) ऋणपत्रों का भुगतान
(iv) दीर्घ कालीन ऋणों की वापसी
(v) लाभांशों का भुगतान
(vi) परिचालन के लिए कोषों का प्रयोग

4.3.2 वित्तीय स्थिति में परिवर्तन विवरण का निर्माण

इस विवरण को तैयार करते समय कोष के स्रोतों को बाई ओर तथा कोष के प्रयोगो को दाई ओर सूचीबद्ध किया जाता है। दोनों ओर के मध्य अंतर कार्यशील पूंजी में शुद्ध वृद्धि अथवा कमी दर्शाता है। कोष के स्रोत एवं प्रयोग को ज्ञात करने हेतु निम्न चरण होते हैं :

(1) परिचालन द्वारा कोष की गणना।

(2) समयावधि के प्रारंभ और अंत में तुलन-पत्र में हुए गैर-चालू परिसंपत्तियों और देयताओं में कमी और वृद्धि का विश्लेषण करें तथा कोष के आगमन एवं वहिर्गमन को ज्ञात करें।

(3) समस्त स्रोतों को विवरण के बाई ओर और समस्त प्रयोगों को दाई ओर सूचीबद्ध करें।

(4) दोनों ओर का योग करें। यदि दाई तरफ का योग कम है तो कार्यशील पूंजी में शुद्ध वृद्धि लिखें। अथवा कार्यशील पूंजी में शुद्ध कमी लिखें। यह कार्यशील पूंजी में परिवर्तन की सारणी में ज्ञात की गई राशि के बराबर होनी चाहिए।

4.3.3 परिचालन द्वारा कोष

लाभ एवं हानि खाता परिचालन द्वारा अर्जित आय को दर्शाता है। आय का निर्धारण आगम मान्यता तथा आमद व्यय के सिद्धांत पर आधारित है। आय के निर्धारण हेतु सम्मिलित की गई मदें व्यावसायिक संस्था के कोषों को प्रभावित कर भी सकती हैं अथवा नहीं भी कर सकती हैं। अत: हमें उन मदों को समायोजित करने की आवश्यकता होती है जो आय को तो प्रभावित करती हैं किंतु कोष अप्रभावित रहता है। अत: ऐसी मदों के समायोजन के पश्चात ही हम परिचालन द्वारा कोष की गणना कर सकते हैं। ऐसी मदें निम्नलिखित हैं :

- ह्रास, अप्रचलन, रिक्तीकरण एवं परिशोधन;
- ऋणपत्रों के निर्गम पर बट्टे, प्रारंभिक व्ययों, स्थगित आमद व्ययों का परिशोधन
- गैर-चालू परिसंपत्तियों के विक्रय पर हानि;

  उपरोक्त के अतिरिक्त कुछ अन्य मदें भी है जिन्हें आय में शामिल किया जाता है परंतु वे कार्यशील पूंजी को प्रभावित नहीं करती हैं :

  - गैर-चालू परिसंपत्तियों के विक्रय पर लाभ, जिसे परिचालन द्वारा कोष की गणना करते समय शुद्ध आय में से घटाया जाता है।
  - कभी-कभी शुद्ध आय की राशि नहीं दी गई होती है। ऐसी दशा में लाभ एवं हानि समायोजन खाते के प्रारंभ एवं अंत के शेष में शुद्ध परिवर्तन की राशि से गणना प्रारंभ की जाती है। इस राशि में निम्नलिखित मदों का समायोजन भी किया जाता है :

(i) सामान्य संचय में हस्तांतरण

(ii) प्रस्तावित/घोषित लाभांश

उदाहरण 4.4

31 मार्च 2002 का नवराज लि. का लाभ व हानि खाता निम्न है :

विवरण	राशि रु.	विवरण	राशि रु.
वेतन	4,90,000	सकल लाभ	15,80,000
ह्रास	1,85,000		
प्रांरभिक व्ययों का अपलेखन	12,000		
किराया	1,84,000		
ब्याज	15,000		
कमीशन	18,000		
प्रशासनिक व्यय	2,62,000		
विक्रय एवं वितरण व्यय	2,54,000		
बीमा व्यय	36,000		
शुद्ध लाभ	1,24,000		
योग	**15,80,000**	**योग**	**15,80,000**

ज्ञात करें : परिचालन द्वारा कोष

हल

परिचालन द्वारा कोष

विवरण	राशि रु.
वर्ष का शुद्ध लाभ	1,24,000
जमा : ह्रास	1,85,000
प्रांरभिक व्ययों का अपलेखन	12,000
परिचालन द्वारा कोष	**3,21,000**

उदाहरण 4.5

मार्च 31, 2002 को निम्नलिखित मदें रंगास्वामि मेटल वर्क्स लि. की पुस्तकों से ली गई :

	31.03.2001 को	*31.03.2002* को
लाभ व हानि बिनियोजन (जमा)	6,00,000	7,50,000
सामान्य संचय (जमा)	11,00,000	12,50,000
ख्याति (नाम)	2,85,000	2,35,000
प्रारंभिक व्यय (नाम)	60,000	45,000
समेकित ब्याज (जमा)	3,85,000	4,70,000

जून 2002 को 1,50,000 रु का लाभांश दिया गया साथ ही स्थायी परिसंपत्तियों का क्रय-विक्रय नहीं हुआ।

ज्ञात करें : परिचालन द्वारा कोष

हल

परिचालन द्वारा कोष

विवरण	*राशि रु.*
लाभ एवं हानि विनियोजन कोष में वृद्धि (7,50,000-6,00,000)	1,50,000
जमा : समान्य संचय में हस्तांतरण	1,50,000
लाभांश का भुगतान	1,50,000
वर्ष की शुद्ध आय	**4,50,000**
जमा : ख्याति का अपलेखन	50,000
प्रारंभिक व्ययों का अपलेखन	15,000
ह्रास का अपलेखन	85,000
परिचालन द्वारा कोष	**6,00,000**

4.3.4 कोषों के अन्य के स्त्रोत एवं प्रयोग की गणना

कोष के अन्य स्रोतों एवं प्रयोगों की गणना अंशों का निर्गम, ऋणपत्रों का निर्गम, दीर्घकालीन ऋण, स्थायी परिसंपत्ति तथा दीर्घकालीन परिसंपत्ति का विक्रय आदि कोष के स्रोत होते हैं। अंशों व ऋणपत्रों का शोधन, दीर्घकालीन ऋणों का भुगतान, स्थायी एवं दीर्घकालीन परिसंपत्तियों का क्रय आदि कोष के प्रयोग होते है। अंशों व ऋणपत्रों के निर्गम तथा दीर्घकालीन ऋण से संबंधित सूचनाएं हमें प्रारंभिक तथा अंतिम तुलन-पत्र से प्राप्त होती हैं। अंशों तथा ऋणपत्रों पर बट्टा अथवा अधिमूल्य की सूचना अतिरिक्त सूचना के रूप में दर्शायी जाती है। इसी प्रकार, प्रारंभिक एवं अंतिम स्थायी परिसंपत्ति तथा दीर्घकालीन प्रपत्रों के सदंर्भ में सूचनाएं जो कि क्रय, विक्रय और ह्रास से संबंधित हैं, परिसंपत्तियों व प्रपत्रों के क्रय अथवा विक्रय को ज्ञात करने हेतु प्रयोग में लाई जाती हैं। गुप्त अंकों के निर्धारण के लिए निम्न खाते तैयार किए जाते हैं:

स्थायी परिसंपत्ति खाता

नाम जमा

दिनांक	विवरण	पृ.सं.	राशि	दिनांक	विवरण	पृ.सं.	राशि
	प्रारंभिक शेष		××		परिसंपत्तियों का विक्रय (लागत पर)		××
	परिसंपत्तियों का क्रय		××		अंतिम शेष		××
योग			××		**योग**		××

स्थायी परिसंपत्ति ह्रास खाता

नाम जमा

दिनांक	विवरण	पृ.सं.	राशि	दिनांक	विवरण	पृ.सं.	राशि
	विक्रय कि गई संपत्ति पर समेकित ह्रास अपलिखित		××		प्रारंभिक शेष		××
					चालू वर्ष का ह्रास		××
	अंतिम शेष		××				
	योग		××		**योग**		××

स्थायी परिसंपत्ति विक्रय खाता

नाम जमा

दिनांक	विवरण	पृ. सं.	राशि	दिनांक	विवरण	पृ.सं.	राशि
	स्थायी परिसंपत्ति (लागत)		××		समेकित ह्रास		××
					बैंक (विक्रय पर वसूली)		××
	विक्रय पर लाभ		××	अथवा	विक्रय पर हानि		××
	योग		××		**योग**		××

उदाहरण 4.6

31 मार्च 2002 को जील लि. का तुलन-पत्र अगले पृष्ठ पर दिया गया है।

मार्च 31, 2002 को तुलन-पत्र

विवरण	2001 राशि रु.	2002 राशि रु.	विवरण	2001 राशि रु.	2002 राशि रु.
समता पूँजी	10,00,000	15,00,000	भूमि	9,00,000	11,00,000
संचय एवं आधिक्य	8,10,000	10,15,000	भवन	16,50,000	26,00,000
10% ऋणपत्र	4,00,000	6,00,000	समेकित ह्रास	(4,00,000)	(7,00,000)
विविध लेनदार	3,20,000	2,90,000	रहतिया	2,10,000	2,15,000
बकाया व्यय	20,000	65,000	देनदार	1,70,000	1,85,000
कराधान के लिए प्रावधान	20,000	30,000	हस्तस्थ रोकड़	25,000	90,000
			प्रारंभिक व्यय	15,000	10,000
योग	**25,70,000**	**35,00,000**	**योग**	**25,70,000**	**35,00,000**

अतिरिक्त सूचनाएँ

(i) 9,50,000 रु. का भवन और 2,00,000 रु. की भूमि का नकद क्रय किया गया।

(ii) समता अंशो और ऋणपत्रों को समभूत पर निर्गमित किया गया

(iii) 3,00,000 रु. को लाभांश का भुगतान किया गया।

शुद्ध कार्यशील पूँजी में परिवर्तन हेतु सारणी सहित कोष प्रवाह विवरण तैयार करें।

हल

परिचालन द्वारा कोष की गणना

विवरण	रु.
संचय एवं आधिक्य में वृद्धि (10,15,000 – 8,10,000)	2,05,000
लाभांश का भुगतान	3,00,000
प्रारंभिक व्ययों का अपलेखन	5,000
ह्रास	3,00,000
परिचालन द्वारा कोष	**8,10,000**

वर्षान्त 31, मार्च 2002 को जील लि. की कार्यशील पूँजी में परिवर्तन की सारणी

विवरण	*2001*	*2002*	*कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि रु.*	*कार्यशील पूँजी में शुद्ध कमी रु.*
चालू परिसंपत्तियाँ				
रहतिया	2,10,000	2,15,000	5,000	
देनदार	1,70,000	1,85,000	15,000	
रोकड़	25,000	90,000	65,000	
चालू देयताएँ				
विविध लेनदार	3,20,000	2,90,000	30,000	
बकाया व्यय	20,000	65,000		45,000
कराधान हेतु प्रावधान	20,000	30,000		10,000
कार्यशील पूँजी में शुद्ध बढ़ोत्तरी				60,000
योग			**1,15,000**	**1,15,000**

कोष प्रवाह विवरण

स्रोत	*रु.*	*प्रयोग*	*रु.*
परिचालन द्वारा कोष	8,10,000	लाभांश का भुगतान	3,00,000
अंशो का निर्गम	5,00,000	भूमि का क्रय	2,00,000
ऋणपत्रों का निर्गम	2,00,000	भवन का क्रय	9,50,000
		कार्यशील पूँजी में शुद्ध बढ़ोत्तरी	60,000
योग	**15,10,000**	**योग**	**15,10,000**

उदाहरण 4.7

मार्च 31, 2002 को रोहन लि. का तुलन-पत्र अगले पृष्ठ पर दिया गया है:

मार्च 31, 2002 को रोहन लि. का तुलन-पत्र

		2001 रु.		2002 रु.
दायित्व				
समता अंश पूँजी		20,00,000		20,00,000
संचय एवं आधिक्य		6,00,000		8,60,000
12% ऋणपत्र		5,00,000		7,00,000
विविध लेनदार		2,70,000		3,60,000
देय विपत्र		70,000		1,50,000
भुगतान किए गए व्यय		45,000		30,000
योग		**34,85,000**		**41,00,000**
संपत्ति				
ख्याति		50,000		
भूमि		8,00,000		9,50,000
भवन (लागत पर)	11,85,000		14,55,000	
घटाया : समेकित ह्रास	2,85,000	9,00,000	3,25,000	11,30,000
उपकरण	1,95,000		2,45,000	
घटाया : समेकित ह्रास	45,000	1,50,000	75,000	1,70,000
प्रपत्र		5,60,000		6,50,000
रहतिया		4,90,000		5,30,000
देनदार		2,80,000		3,10,000
प्राप्य बिल		80,000		60,000
पूँजीदत्त व्यय		25,000		40,000
बैंकस्थ रोकड़		1,10,000		1,90,000
हस्तस्थ रोकड़		40,000		70,000
योग		**34,85,000**		**41,00,000**

अतिरिक्त सूचनाएँ

(i) उपकरण का एक भाग जिसकी लागत 50,000 रु. है, (समेकित ह्रास 10,000 रु.) को 36,000 रु. पर बेचा गया।

(ii) वर्ष के दौरान 2,00,000 रु. के लाभांश दिए गए।

कार्यशील पूँजी में परिवर्तन हेतु सारणी तथा वित्तीय स्थिति में परिवर्तन का विवरण तैयार करें।

हल

मार्च 31, 2002 को रोहन लि. का कार्यशील पूँजी में परिवर्तन हेतु सारणी

विवरण	*2001*	*2002*	*कार्यशील पूँजी में परिवर्तन*	
			शुद्ध कार्यशील पूँजी में वृद्धि	*शुद्ध कार्यशील पूँजी में कमी*
	रु.	रु.	रु.	रु.
चालू परिसंपत्ति				
रहतिया	4,90,000	5,30,000	40,000	
देनदार	2,80,000	3,10,000	30,000	
प्राप्य विपत्र	80,000	60,000		20,000
पूर्वदत व्यय	25,000	40,000	15,000	
बैंकस्थ व्यय	1,10,000	1,90,000	80,000	
हस्तस्थ रोकड़	40,000	70,000	30,000	
चालू देयताएँ				
देय विपत्र	70,000	1,50,000		80,000
विविध लेनदार	2,70,000	3,60,000		90,000
भुगतान किए गए व्यय	45,000	30,000	15,000	
कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि				20,000
			2,10,000	**2,10,000**

परिचालन द्वारा कोष की गणना

	रु.
संचय और आधिक्य में शुद्ध वृद्धि	
(8,60,000 – 6,00,000)	2,60,000
जमा : लाभांश	2,00,000
भवन पर ह्रास	40,000
उपकरण पर ह्रास	40,000
उपकरण के विक्रय पर हानि	4,000
ख्याति का अपलेखन	50,000
परिचालन द्वारा कोष	**5,94,000**

वित्तीय स्थिति में परिवर्तन का विवरण

नाम जमा

कोष के स्रोत	राशि(रु.)	कोष के प्रयोग	राशि(रु.)
परिचालन द्वारा कोष	5,94,000	भूमि का क्रय	1,50,000
ऋणपत्रों का निर्गमन	2,00,000	भवन का क्रय	2,70,000
उपकरण का विक्रय	36,000	उपकरण का क्रय	1,00,000
		प्रपत्र का क्रय	90,000
		लाभांश का क्रय	2,00,000
		कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि	20,000
योग	**8,30,000**	**योग**	**8,30,000**

उपकरण खाता

नाम जमा

	राशि(रु.)		राशि(रु.)
शेष आ/ला	1,95,000	उपकरण का विक्रय	50,000
उपकरण का क्रय	1,00,000	शेष आ/ले	2,45,000
योग	**2,95,000**	**योग**	**2,95,000**

उपकरण का विक्रय खाता

नाम जमा

		राशि(रु.)		राशि(रु.)
	उपकरण	50,000	समेकित ह्रास	10,000
	बैंक	36,000		
	विक्रय पर हानि	4,000		
	योग	**50,000**	**योग**	**50,000**

उपकरण का समेकित ह्रास खाता

नाम जमा

		राशि(रु.)		राशि(रु.)
	उपकरण पर समेकित ह्रास	10,000	शेष आ/ले	45,000
	शेष आ/ला	75,000	ह्रास	40,000
	योग	**85,000**	**योग**	**85,000**

उदाहरण 4.8

निम्नलिखित जिरकॉन लि. का तुलन-पत्र अगले पृष्ठ पर दर्शाया गया है:

मार्च 31, 2003 को जिरकॉन लि. का तुलन-पत्र

पूँजी एवं दायित्व	*2002* रु.	*2003* रु.	*परिसंपत्तियां*	*2002* रु.	*2003* रु.
समता अंश पूँजी	80,00,000	88,00,000	भूमि	26,00,000	44,00,000
संचय	14,50,000	26,00,000	भवन	36,00,000	36,00,000
9% ऋणपत्र	–	40,00,000	(लागत पर)		
देय विपत्र	9,00,000	10,00,000	समेकित ह्रास	(6,00,000)	(6,72,000)
भुगतान किए गए व्यय	75,000	95,000	प्लॉट एवं मशीनरी	36,00,000	49,80,000
			समेकित ह्रास	(8,00,000)	(8,90,000)
			रहतिया	9,18,000	10,12,000
			प्राप्य विपत्र	6,54,000	8,37,000
			बैंकस्थ रोकड़	4,53,000	32,28,000
योग	**1,04,25,000**	**1,64,95,000**	**योग**	**1,04,25,000**	**1,64,95,000**

अतिरिक्त सूचनाएँ

1. वर्ष में 20,00,000 रु. की भूमि क्रय की गई।
2. प्लाँट व मशीनरी जिसकी लागत 4,20,000 रु. (समेकित ह्रास 3,80,000 रु.) 25,000 रु. पर बेची गई।
3. 18,00,000 रु. की मशीनरी क्रय की गई।
4. प्लाँट व मशीनरी पर 4,70,000 रु. और भवन पर 72,000 रु. का ह्रास लगाया गया।

कार्यशील पूँजी पर आधारित वित्तीय स्थिति में परिवर्तन सारणी (कोष प्रवाह विवरण) तैयार करें।

हल

कार्यशील पूँजी में परिवर्तन की सारणी

विवरण	2002	2003	*कार्यशील पूँजी में परिवर्तन*	
	रु.	रु.	*शुद्ध कार्यशील पूँजी में वृद्धि*	*शुद्ध कार्यशील पूँजी में कमी*
रहतिया	9,18,000	10,12,000	94,000	
प्राप्य विपत्र	6,54,000	8,37,000	1,83,000	
बैंकस्थ रोकड़	4,53,000	32,28,000	27,75,000	
देय विपत्र	9,00,000	10,00,000		1,00,000
भुगतान किए गए व्यय	75,000	95,000		20,000
कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि				29,32,000
योग			**30,52,000**	**30,52,000**

परिचालन द्वारा कोष की गणना

	रु.
संचय में शुद्ध वृद्धि (26,00,000 – 14,50,000)	11,50,000
लाभांश का भुगतान	8,00,000
भवन पर ह्रास	72,000
प्लाँट एवं मशीनरी	4,70,000
प्लाँट एवं मशीनरी के विक्रय पर हानि	15,000
परिचालन द्वारा कोष	**25,07,000**

कोष प्रवाह विवरण

कोष के स्रोत	रु.	*कोष के प्रयोग*	रु.
परिचालन द्वारा कोष	25,07,000	लाभांश का भुगतान	8,00,000
अंशो का निर्गम	8,00,000	भूमि का क्रय	18,00,000
ऋणपत्रों का निर्गम	40,00,000	प्लाँट व मशीनरी का क्रय	18,00,000
प्लाँट एवं मशीनरी का विक्रय	25,000	कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि	29,32,000
योग	**73,32,000**	**योग**	**73,32,000**

हल के संदर्भ में टिप्पणी :

नाम **प्लांट व मशीनरी खाता** जमा

	विवरण	रु.		विवरण	रु.
	शेष आ/ला	36,00,000		प्लाँट व मशीनरी का विक्रय	4,20,000
	प्लाँट व मशीनरी	18,00,000		शेष आ/ले	49,80,000
	योग	**54,00,000**		**योग**	**54,00,000**

नाम **प्लांट व मशीनरी विक्रय खाता** जमा

	विवरण	रु.		विवरण	रु.
	प्लाँट व मशीनरी	4,20,000		प्लाँट पर समेकित ह्रास	3,80,000
				बैंक	25,000
				विक्रय पर हानि	15,000
	योग	**4,20,000**		**योग**	**4,20,000**

नाम **प्लाँट व मशीनरी पर समेकित ह्रास खाता** जमा

	विवरण	रु.		विवरण	रु.
	प्लाँट व मशीनरी विक्रय	3,80,000		शेष आ/ला	8,00,000
	शेष आ/ले	8,90,000		ह्रास	4,70,000
	योग	**12,70,000**		**योग**	**12,70,000**

4.4. वित्तीय स्थिति में परिवर्त्तन हेतु विवरण के लाभ एवं सीमाएँ

वित्तीय स्थिति में परिवर्तन हेतु विवरण यह ज्ञात करने के लिए उपयोगी होता है कि एक निश्चित समयावधि में कोषों का उपार्जन एवं प्रयोग किस प्रकार हुआ है। यह परिचालन द्वारा उपार्जित एवं प्रयोग किस प्रकार हुआ है। यह परिचालन द्वारा उपार्जित कुल कोषों का निर्धारण करता है, जोकि समान्यतया एक सुदृढ़ कंपनी के कोष का प्रमुख स्रोत है। यह व्यवसाय की वित्तीय एवं निवेशित क्रियाओं से उपार्जित कोषों को मूल्यांकित करने में सहायता करता है। यह इस पर भी प्रकाश डालता है कि कोषों का प्रयोग किस प्रकार किया गया है। यह विवरण ऋण्दाताओं को व्यावसायिक संस्था की वित्तीय देयताओं की भुगतान क्षमता की संपूर्ण छवि प्रवाह करता है। विस्तार कार्यक्रमों के लिए यह विवरण आवश्यक कोष उपार्जन का निर्धारण भी करता है।

हालांकि वित्तीय स्थिति में परिवर्तन हेतु विवरण संबंध और बाह्र उपयोगकर्ताओं के लिए एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण साधन है, किंतु, इसकी अपनी कुछ सीमाएँ हैं। यह विवरण केवल वित्तीय विवरणों में निहित

सूचनाओं को पुन: व्यवस्थित करता है, अत:, यह विवरण वित्तीय विवरणों से अधिक विश्वसनीय नहीं होता है। इस विवरण द्वारा यह ज्ञात नहीं किया जाता है कि भविष्यकालीन भुगतानों के लिए रोकड़ उपलब्ध होगा अथवा नहीं। यह विवरण भविष्यकालीन प्रवाहो को नहीं दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, चालू दायित्वों द्वारा वित्त की गई चालू परिसंपत्तियों को यह विवरण नहीं दर्शाता है।

4.5 रोकड़ प्रवाह विवरण : आशय एवं उद्देश्य

'कोष' शब्द की व्याख्या विभिन्न प्रकार से की जाती है। इसे 'रोकड़' के समरूप भी माना जाता है। अत: वित्तीय स्थिति में परिवर्तन हेतु विवरण का निर्माण 'कार्यशील पूँजी' के बजाय 'रोकड़' को आधार बना कर भी किया जा सकता है। यह विवरण 'रोकड़ प्रवाह विवरण' कहलाता है। इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखांकन मानक 3 'रोकड़ प्रवाह विवरण' से संबंधित है। भारत के मान्य रहतिया बाज़ार में सूचीबद्ध कंपनियों तथा निजि एवं सार्वजनिक क्षेत्रों के अन्य व्यापारिक, औद्योगिक तथा व्यावसायिक संस्थाओं को लाभ व हानि खाते एवं तुलन-पत्र सहित रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करना अनिवार्य है।

रोकड़ प्रवाह विवरण का उद्देश्य एक नियमित समयावधि पर व्यापारिक संस्था की रोकड़ प्राप्ति (रोकड़ अर्न्तवाह) और भुगतान (रोकड़ बहीर्वाह) की सूचना प्रदान करना है। इस कारणवश, रोकड़ प्रवाह को परिचालन, वित्त तथा निवेशित क्रियाओं में विभाजित किया जाता है। विवरण का निर्माण इन तीनों क्रियाओं से उत्पन्न शुद्ध रोकड़ प्रवाह द्वारा किया जाता है। रोकड़ के प्रारंभिक शेष को अवधि के दौरान के शुद्ध प्रवाह में जोड़ा जाता है जिससे अवधि के अंत का रोकड़ शेष प्राप्त होता है। जैसा कि ज्ञात है कि शुद्ध प्रवाह प्रारंभिक और अंतिम शेष का अंतर है। अत: यह विवरण शुद्ध प्रवाह के कारणों को दर्शाता है।

रोकड़ प्रवाह विवरण, कार्यशील पूँजी पर आधारित वित्तीय स्थिति में परिर्वतन से अधिक उपयोगी माना जाता है। यह विवरण कार्यशील पूँजी के बजाय रोकड़ प्रवाह पर केंद्रित होता है। चूंकि, कंपनी को स्वयं की वित्तीय देयताओं की पूर्ति के लिए अपनी चालू परिसंपत्तियों को रोकड़ में परिवर्तित करना आवश्यक होता है। अत: इस विवरण से उपयोगकर्ता फर्म की तरलता को सही रूप में मूल्यांकित करने में समर्थ होते हैं।

रोकड़ में हस्तस्थ रोकड़, बैंकस्थ रोकड़ और रोकड़ समरूप परिसंपत्तियों को सम्मिलित किया जाता है। रोकड़ समरूप वह प्रपत्र हैं जिन्हें आवश्यकतानुसार रोकड़ में परिवर्तित किया जा सकता है तथा जिनके मूल्य में गिरावट का जोखिम भी नही पाया जाता है।

4.5.1 रोकड़ प्रवाह विवरण की उपयोगिताएँ

रोकड़ प्रवाह विवरण निवेशकों, लेनदारों तथा अन्य उपयोगकर्ताओं को फर्म की वित्तीय स्थिति के विभिन्न पहलुओं से संबंधित सूचनाएं प्रदान करता है। यह विवरण उपक्रम की भविष्यकालीन रोकड़ प्रवाह उपार्जन क्षमता के निर्धारण में भी सहायता करता है। इसके अतिरिक्त यह विवरण उपक्रमों की लाभांश और देयताओं

की भुगतान क्षमता को दर्शाता है। यह शुद्ध आय और परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़ के मध्य अंतर की भी व्याख्या करता है। यह विनियोजित और वित्त लेनदेनों द्वारा अर्जित रोकड़-प्रवाह के संदर्भ में सूचना प्रदान करता है।

4.6 रोकड़ प्रवाह विवरण का निर्माण

रोकड़ प्रवाह विवरण के निर्माण हेतु सूचनाएँ तुलनात्मक तुलन-पत्र, लाभ व हानि खाते एवं इन दोनों विवरणों में दी गई अतिरिक्त सूचनाओं से प्राप्त होती है। अतिरिक्त सूचनाओं के संदर्भ में परिसंपत्तियों, देयताओं एवं समता में हुए परिवर्तनों को स्थायी परिसंपत्तियों के क्रय/विक्रय, अंश और ऋणपत्र के निर्गम एवं शोधन तथा दीर्घकालीन ऋणों की प्राप्ति एवं भुगतान के रूप में विश्लेषित किया जाता है। तुलन-पत्र सहित आय विवरण व अन्य सूचनाओं की सहायता से परिचालन द्वारा रोकड़ प्रवाह ज्ञात किया जाता है। लेखांकन मानक 3 के अनुसार रोकड़ प्रवाह को तीन भागों में वर्गीकृत किया जाता है : परिचालन द्वारा रोकड़ प्रवाह, निवेश द्वारा रोकड़ प्रवाह, वित्त द्वारा रोकड़ प्रवाह। इन तीनों वर्गों की व्याख्या निम्नवत् की गई है।

4.6.1 परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह

शुद्ध आय का निर्धारण उपार्जन आधार पर किया जाता है। अत: परिचालन क्रियाओं के द्वारा रोकड़ ज्ञात करने के लिए उपार्जन आधार पर परिचालन क्रियाओं को रोकड़ आधार पर परिवर्तित किया जाता है। इस प्रक्रिया के लिए हम 'प्रत्यक्ष' अथवा 'अप्रत्यक्ष' विधि का प्रयोग कर सकते हैं। लेखांकरण मानक 3 के अनुसार, भारतीय कंपनियाँ परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़ को किसी भी विधि द्वारा प्रतिवेदित कर सकती हैं।

परिचालन क्रियाओं से प्राप्त रोकड़ : प्रत्यक्ष विधि

इस विधि में, आय विवरण की प्रत्येक मद को उपार्जन आधार से नकद आधार में समायोजित किया जाता है। आमदों एवं व्ययों से संबंधित नकद प्राप्तियों एवं नकद भुगतानों के निर्धारण एवं सूचीबद्धन को परिचालन क्रियाओं से नकद अतर्वाह एवं बहिर्वाह कहा जाता है। शुद्ध राशि को परिचालन से नकद प्राप्ति के रूप में अंतिम कॉलम में प्रतिवेदित किया जाता है :

चरण-I : परिचालन क्रियाओं से प्राप्त नकद का निर्धारण

(i) ग्राहकों से नकद प्राप्ति

विक्रय से प्राप्त आमद को आय विवरण में उपार्जन आधार पर प्रतिवेदित किया जाता हैं। शुद्ध विक्रय में प्रारंभिक प्राप्य विपत्रों को जोड़ा जाता है तथा अंतिम प्राप्त विपत्रों, एक अवधि के दौरान अपलिखित डूबत ऋण एवं ग्राहकों को दिए गए बट्टे की राशि को घटाया जाता है।

विवरण	रु.
शुद्ध विक्रय	x x x
जमा : प्रारंभिक प्राप्य विपत्र	x x x
घटाया : अंतिम प्राप्य विपत्र	(x x x)
दिया गया बट्टा	x x x
अपलिखित डूबत ऋण	(x x x)
ग्राहकों से प्राप्त शुद्ध नकद राशि	**x x x**

(ii) अन्य नकद प्राप्तियाँ

नकद प्राप्ति के निर्धारण हेतु अन्य आमद जैसे कि किराया, आय, अर्जित कमीशन आदि जिन्हें प्राप्त नहीं किया गया है अथवा अग्रिम रूप से प्राप्त किया गया है, को समायोजित किया जाता है।

विवरण	रु.
अन्य अर्जित आमदें	x x x
जमा : प्रारंभिक प्राप्य विपत्र	x x x
घटाया : अंतिम प्राप्य विपत्र	(x x x)
जमा : अंत में प्राप्त अग्रिम राशि	x x x
घटाया : प्रारंभ में प्राप्त अग्रिम राशि	(x x x)
अन्य आमदों से प्राप्त नकद राशि	**x x x**

(iii) आय कर के लिए नकद भुगतान

आय विवरण में आय कर पर प्रावधान को दर्शाया जाता है। तुलनात्मक तुलन-पत्र प्रारंभ व अंत में देय कर राशि को दर्शाता है। हम आय कर के नकद भुगतान की गणना निम्न प्रकार कर सकते हैं :

विवरण	रु.
आय कर के लिए प्रावधान	x x x
जमा : प्रारंभ में देय कर	x x x
घटाया : अंत में देय कर	(x x x)
आय कर का नकद भुगतान	x x x

(iv) ब्याज का भुगतान

ब्याज को आदम में से घटा कर शुद्ध आय ज्ञात की जाती है। लेखांकन मानक 3 के अनुसार वित्तीय संस्थाओं के देय ब्याज और ब्याज एवं लाभांश की नकद प्राप्ति से अर्जित नकद प्रवाह को परिचालन

क्रियाओं से उत्पन्न नकद प्रवाह के रूप में दर्शाया जाता है। अन्य संस्थाओं की दशा में, देय ब्याज से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह को वित्तीय क्रियाओं में वर्गीकृत किया जाता है तथा ब्याज और लाभांश की नकद प्राप्ति को विनियोजित क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह के रूप में दर्शाया जाता है। पूर्तिकर्ताओं को देय राशि की गणना हेतु क्रय राशि में प्रारंभिक लेनदारों को जोड़ा तथा अंतिम लेनदारों को घटाया जाता है।

विवरण	रु.
क्रय	xxx
जमा : प्रारंभिक लेनदार	xxx
घटाया : अंतिम लेनदार	(xxx)
पूर्तिकर्ताओं को नकद भुगतान	xxx

(v) परिचालन व्ययों के लिए नकद भुगतान

आय विवरण पर परिचालन व्ययों को आय विवरण में उपार्जन आधार पर दर्शाया जाता है। परिचालन व्ययों को बकाया व्ययों के और पूर्वदत्त व्ययों के नकद भुगतान के लिए समायोजित किया जाता है।

विवरण	रु.
परिचालन व्यय	xxx
जमा : समयावधि के अंत में पूर्वदत्त व्यय	xxx
घटाया : समयावधि के प्रारंभ में पूर्वदत्त व्यय	(xxx)
घटाया : समयावधि के अंत में बकाया व्यय	(xxx)
परिचालन व्ययों के लिए नकद भुगतान	**(xxx)**

परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़ का प्रयोग

(i) पूर्तिकर्ताओं को नकद भुगतान

आय विवरण में विक्रय माल की लागत को उपार्जन आधार पर दर्शाया जाता है। पूर्तिकर्ताओं को नकद भुगतान का निर्धारण करने के लिए, सर्वप्रथम वर्ष भर में किए क्रय को ज्ञात किया जाता है तद्पश्चात् पूर्तिकर्ताओं को देय भुगतान की राशि की गणना की जाती है। वर्ष भर में क्रय की राशि की गणना के लिए अंतिम रहतिये को विक्रय माल की लागत में जोड़ा जाता है तथा प्रारंभिक रहतिये को घटाया जाता है।

विवरण	रु.
विक्रय माल की लागत	xxx
जमा : अंतिम रहतिया	xxx
घटाया : प्रारंभिक रहतिया	(xxx)
क्रय	**(xxx)**

परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्राप्ति — अप्रत्यक्ष विधि

इस विधि के अंतर्गत, हम शुद्ध आय से आरंभ करते हैं तथा उन मदों का समायोजन करते हैं जिससे शुद्ध आय तो प्रभावित होती है किंतु रोकड़ अप्रभावित रहता है। इस विधि के चरण निम्नलिखित हैं :

वर्ष भर की शुद्ध आय में उन व्ययों को चार्ज किया जाता है जिनसे नकद वहिर्वाह नहीं हुआ है। यह मदें हैं : स्थायी परिसंपत्तियों पर ह्रास का अपलेखन, स्थगित आमद व्ययों का अपलेखन, स्थायी परिसंपत्तियों के विक्रय पर हानि। दूसरी तरफ, स्थायी परिसंपत्तियों के विक्रय पर लाभ चालू वर्ष की आय में वृद्धि करता है परंतु इसे स्थायी परिसंपत्तियों के विक्रय से प्राप्त नकद प्रवाह में सम्मिलित किया जाता है। अतः स्थायी परिसंपत्तियों के विक्रय पर लाभ को लाभों में से घटाया जाता है। चालू परिसंपत्तियों और चालू देयताओं में हुए परिवर्तनों को परिचालन क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह को ज्ञात करने के लिए समायोजित किया जाता है। चालू देयताओं में वृद्धि और चालू परिसंपत्तियों में गिरावट को शुद्ध लाभ में जोड़ा जाता है। देय ब्याज को वित्तीय क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह माना जाता है। अतः लाभों में पुनः जोड़ दिया जाता है। ब्याज तथा लाभांश प्राप्तियों को शुद्ध लाभ में से घटा दिया जाता है तथा विनियोजित क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह के रूप में दर्शाया जाता है। परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़ प्रवाह ज्ञात करने का प्रारूप निम्नवत् है :

परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़ प्रवाह की गणना

विवरण	रु.
परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़ प्रवाह :	
कर उपरांत शुद्ध आय	xxx
जमा : ह्रास	xxx
जमा : स्थायी परिसंपत्तियों का अपलेखन	xxx
जमा : स्थायी परिसंपत्तियों के विक्रय पर हानि	xxx
जमा : स्थगित आमद व्ययों का अपलेखन	xxx
जमा : ब्याज	xxx
जमा : आय कर प्रावधान	xxx
घटाया : स्थायी परिसंपत्ति पर के विक्रय पर लाभ	xxx
जमा : चालू देयताओं में वृद्धि (बैंक अधिविकर्ष के अतिरिक्त)	xxx
जमा : चालू परिसंपत्ति में कमी (रोकड़ के अतिक्ति)	xxx
घटाया : चालू परिसंपत्ति में वृद्धि	xxx
परिचालन क्रियाओं द्वारा शुद्ध रोकड़	xxx
घटाया : आय कर का भुगतान	xxx
कर उपरांत शुद्ध रोकड़	**xxx**

4.6.2 विनियोजित क्रियाओं द्वारा रोकड़ प्रवाह

स्थायी परिसंपत्तियों और दीर्घकालीन प्रपत्रों की वर्ष के प्रारंभ और वर्ष के अंत में राशि तुलनात्मक तुलन-पत्र से प्राप्त की जा सकती है। अतिरिक्त सूचनाएं इन मदों के मूल्यांकन तथा परिवर्तन के कारणों को दर्शाती हैं। इस प्रकार हम स्थायी परिसंपत्तियों और प्रपत्रों के क्रय हेतु प्रयोग में लाई गई राशि तथा विक्रय द्वारा प्राप्त राशि को ज्ञात कर सकते है जैसा कि वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण की दशा में बताया गया है।

विनियोजित क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह :

(i) स्थायी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण हेतु नकद भुगतान

(ii) स्थायी परिसंपत्तियों के विक्रय से प्राप्त नकद राशि

(iii) अन्य उपक्रमों के अंशों, अधिपत्रों अथवा ऋण प्रपत्रों के क्रय हेतु नकद भुगतान (उन प्रपत्रों के नकद भुगतान के अतिरिक्त जो कि नकद समरूप समझे जाते है तथा व्यापारिक उद्देश्यों के लिए होते हैं)

(iv) प्रपत्रों पर प्राप्त ब्याज व लाभांश

(v) तीसरे पक्ष को दिए गए ऋण व नकद अग्रिम राशि। वित्तीय संस्थाओं की दशा में इन्हें परिचालन क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह माना जाएगा।

(vi) तीसरे पक्ष को दिए गए ऋण एवं नकद अग्रिम राशि की वसूली। वित्तीय संस्थाओं की दशा में इन्हें परिचालन क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह माना जाएगा।

4.6.3 वित्तीय क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह

वित्तीय क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह उपक्रम के स्वामियों और लेनदारों द्वारा दी गई नकद धनराशि को दर्शाता है। वित्तीय क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह को वर्ष के प्रारंभ व अंत की समता व दीर्घकालीन देयताओं के मध्य अंतर के विश्लेषण से ज्ञात किया जाता है।

वित्तीय क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह में निम्नलिखित मदों को सम्मिलित किया जाता है :

(i) अंशों के निर्गम से प्राप्त धन राशि

(ii) ऋणों के निर्गम से प्राप्त धनराशि

(iii) ऋणों से प्राप्त धनराशि

(iv) अंशों के शोधन हेतु नकद भुगतान

(v) ऋणपत्रों के शोधन हेतु नकद भुगतान

(vi) ऋणों का नकद भुगतान

(vii) लाभांश व ब्याज का नकद भुगतान

(viii) ऋणों व ऋणपत्रों पर ब्याज का नकद भुगतान

तीसरे रोकड़ प्रवाह विवरण का प्रारूप (प्रत्यक्ष विधि)

	रु.	रु.
परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़ प्रवाह		
ग्राहकों से नकद प्राप्ति	xxx	
पूर्तिकर्ताओं को नकद भुगतान	xxx	
कर्मचारियों को नकद भुगतान	xxx	
व्ययों का नकद भुगतान	xxx	
परिचालन से अर्जित रोकड़	**xxx**	
आय कर का नकद भुगतान	xxx	
परिचालन क्रियाओं से शुद्ध रोकड़		**xxx**
विनियोजन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह		
स्थायी परिसंपत्तियों एवं प्रपत्रों का क्रय	xxx	
प्रपत्रों से ब्याज व लाभांश प्राप्त	xxx	
शुद्ध रोकड़ प्रवाह		xxx
वित्तीय क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह		
अंश पूँजी के निर्गम से नकद	xxx	
ऋणपत्रों के निर्गम से नकद	xxx	
ऋणों द्वारा नकद	xxx	
अंशों का शोधन	xxx	
ऋणपत्रों का शोधन	xxx	
ऋणों का भुगतान	xxx	
ब्याज का भुगतान	xxx	
लाभांश का भुगतान	xxx	
वित्तीय क्रियाओं से शुद्ध नकद		xxx or (xxx)
नकद में शुद्ध वृद्धि (कमी)		xxx or (xxx)
प्रारंभिक रोकड़		xxx
अंतिम रोकड़	**xxx**	

रोकड़ प्रवाह विवरण (अप्रत्यक्ष विधि)

इस विधि के अंतर्गत केवल परिचालन क्रियाओं से नकद प्रवाह खंड में परिवर्तन होगा।

परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़ प्रवाह	रु.	रु.
कर पूर्व शुद्ध लाभ		xxx
समायोजन के लिए :		
ह्रास	xxx	
ब्याज आय	xxx	
लभांश आय	xxx	
ब्याज व्यय	xxx	
कराधान	xxx	
स्थायी परिसंपत्ति के विक्रय पर हानि	xxx	
स्थायी परिसंपत्ति के विक्रय पर लाभ	xxx	
अन्य गैर नकदीय मदें	xxx	xxx
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पूर्व परिचालन लाभ	xxx	
जमा : चालू देयताओं में वृद्धि	xxx	
चालू परिसंपत्तियों में कमी	xxx	
(नकद के अतिरिक्त)		
घटाया : चालू देयताओं में कमी	(xxx)	
चालू परिसंपत्तियों में वृद्धि	(xxx)	
(नकद के अतिरिक्त)		
परिचालन क्रियाओं से शुद्ध रोकड़		**xxx**
विनियोजन क्रियाओं से नकद		
स्थायी परिसंपत्ति और प्रपत्रों का क्रय	xxx	
प्रपत्र और स्थायी परिसंपत्ति के विक्रय से रोकड़ प्रवाह	xxx	
ब्याज और लाभांश से नकद प्राप्ति	xxx	
विनियोजित क्रियाओं (प्रयोग द्वारा) शुद्ध रोकड़		**xxx**
वित्तीय क्रियाओं से रोकड़		
अंशों के निर्गम से नकद	xxx	
ऋणों से नकद	xxx	
अंशों का शोधन	xxx	
ऋणपत्रों का शोधन	xxx	
ब्याज का भुगतान	xxx	
लाभांश का भुगतान	xxx	
वित्तीय क्रियाओं (प्रयोग द्वारा) शुद्ध रोकड़		**xxx**
नकद रोकड़ में शुद्ध वृद्धि (कमी)		xxx
समय अवधि के अंत में रोकड़		**xxx**

उदाहरण 4.9

निम्नांकित समायोजनों के उपरांत 31 मार्च, 2003 को गंगा यमुना लि. में 12,50,000 रु. का लाभ दर्शाया:

भवन पर ह्रास	35,000 रु.
संयंत्र पर ह्रास	75,000 रु.
फर्नीचर पर ह्रास	18,000 रु.
ख्याति का अपलेखन	12,000 रु.
संयंत्र के विक्रय पर हानि	12,000 रु.

वर्ष के प्रारंभ एवं अंत में चालू परिसंपत्तियों एवं देयताएं इस प्रकार हैं :

	मार्च 31, 2002	मार्च 31, 2003
देनदार	38,000 रु.	42,000 रु.
रहतिया	75,000 रु.	18,000 रु.
रोकड़	34,000 रु.	32,000 रु.
लेनदार	7,000 रु.	10,000 रु.

हल

परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह	रु.
वर्ष में शुद्ध लाभ	12,50,000
जमा : भवन पर ह्रास	35,000
संयंत्र में ह्रास	75,000
फर्नीचर पर ह्रास	18,000
ख्यति का अपलेखन	12,000
संयंत्र पर हानि	20,000
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पूर्व परिचालन लाभ	**14,10,000**
देनदारों में वृद्धि	(4,000)
रहतिए में कमी	7,000
लेनदारों में कमी	(3,000)
देय व्ययों में वृद्धि	3,000
परिचालन क्रियाओं से शुद्ध रोकड़	**14,13,000**

उदाहरण 4.10

एक व्यापारिक संस्था का तुलन-पत्र एवं लाभ व हानि खाता निम्नवत् है:

वर्ष 31 मार्च 2002, 2003 को ----------- का तुलन-पत्र

देयताएँ	*मार्च 31 2002* रु.	*मार्च 31 2003* रु.	*परिसंपत्तियाँ*	*मार्च 31 2002* रु.	*मार्च 31 2003* रु.
पूंजी	90,000	1,30,000	संचय लागत पर	1,60,000	1,65,000
संचय	60,000	96,000	समेकित ह्रास	(30,000)	(38,000)
9% दीर्घकालिन ऋण	70,000	50,000	पेटेंट	–	29,000
प्रस्तावित लाभांश	8,000	10,000	रहतिया	80,000	90,000
लेनदार	40,000	30,000	देनदार	60,000	55,000
बकाया व्यय	32,000	19,000	पूर्वदत्त व्यय	10,000	12,000
			रोकड़	20,000	22,000
योग	**3,00,000**	**3,35,000**	**योग**	**3,00,000**	**3,35,000**

मार्च 31, 2002 को ---------------------- का लाभ एवं हानि खाता

विवरण	रु.	*विवरण*	रु.
कच्चे माल का उपयोग	2,00,000	विक्रय	3,75,000
देय मजदूरी	40,000		
व्यय	80,000		
ह्रास	8,000		
पेटेंट अपलिखित	1,000		
शुद्ध लाभ	46,000		
	3,75,000		**3,75,000**
प्रस्तावित लाभांश	10,000	शुद्ध लाभ	46,000
धाये लाभ	36,000		46,000
	46,000		**46,000**

अतिरिक्त सूचनाएँ

जून 2002 को लिया गया 20,000 रु. का ऋण लौटाया गया। मासिक आधार पर प्रत्येक मास के अंत में देय ब्याज का भुगतान किया गया जिसे व्ययों में सम्मिलित किया गया था।

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करें।

हल

रोकड़ प्रवाह विवरण (अप्रत्यक्ष विधि)

	रु.	रु.
परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़ प्रवाह		
शुद्ध लाभ	46,000	
जमा : ह्रास	8,000	
पेटेंट अपलिखित	1,000	
ब्याज का भुगतान	4,800	
कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पूर्व परिचालन लाभ		59,800
जमा : देनदारों में कमी	5,000	
घटाया : अस्तियों में वृद्धि	(10,000)	
पूर्वदत्त व्ययों में वृद्धि	(2,000)	
लेनदारों में कमी	(10,000)	
घटाया बकाया व्ययों में कमी	(13,000)	
परिचालन क्रियाओं से प्राप्ति रोकड़		**29,800**
विनियोजन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह		
संयंत्र क्रय हेतु नकद भुगतान	(5,000)	
पेटेंट के क्रय हेतु नकद भुगतान	(30,000)	
विनियोजन क्रियाओं से शुद्ध रोकड़ प्राप्त		(35,000)
वित्तीय क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह		
अंशों मे निर्गम से प्राप्त रोकड़	40,000	
ऋणों का भुगतान	(20,000)	
लाभांश का नकद भुगतान	(8,000)	
ब्याज का नकद भुगतान	(4,800)	
वित्तीय क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह		7,200
रोकड़ में शुद्ध वृद्धि		2,000
वर्ष के प्रारंभ में नकद शेष		20,000
वर्ष के अंत में नकद शेष		**22,000**

उदाहरण 4.11

सॉफ्टवेयर सर्विस लि. का मार्च 31,2001, 2002 को तुलन पत्र व लाभ हानी खाता इस प्रकार था :

मार्च 31, 2001, 2002 को साफ्टवेयर सर्विस लि. का तुलन-पत्र

	2001 रु. .000 में	2002 रु. .000 में
पूँजी व देयताएँ		
समता अंश पूँजी	108.0	396.0
घटाया आय	244.8	370.8
9% ऋणपत्र	270.0	198.0
विविध लेनदार	72.0	41.4
देय व्यय	0	18.0
योग	**694.8**	**1,024.2**
परिसंपत्तियाँ	2001 रु. .000 में	2002 रु. .000 में
भूमि	126.0	81.0
भवन	360.0	360.0
समेकित ह्रास भवन पर	(19.8)	(37.8)
उपकरण	122.4	347.4
उपकरण पर समेकित ह्रास	(18.0)	(50.4)
रहतिया	10.8	97.2
देनदार	36.0	122.4
रोकड़	66.6	97.2
प्रारंभिक व्यय	10.8	7.2
योग	**694.8**	**1,024.2**

वर्षान्त मार्च 31,2002 को सॉप्टवेयर सेक्युरीटीज लि. का आय विवरण

	रु. 000 में	रु. 000 में
विक्रय		1602.0
घटाया : विक्रय माल की लागत	837.0	
परिचालन व्यय	397.8	
ब्याज व्यय	21.6	
उपकरण के विक्रय पर हानि	3.6	1,260.0
कर पूर्व शुद्ध आय		342.0
कराधान		117.0
कर उपरांत शुद्ध आय		225.0

अतिरिक्त सूचनाएँ

1. परिचालन व्ययों में 59,400 रु. का ह्रास तथा 3,600 रु. का प्रारंभिक व्ययों पर प्रभार सम्मिलित हैं।
2. भूमि को पुस्तक मूल्य पर बेचा गया।
3. वर्ष 2002 के लिए 27,000 रु. का नकद भुगतान दिया गया तथा पूर्ण भुगतान अधिलाभांश अंश प्रत्येक 3 अंशों पर 2 अंश के अनुपात में दिए गए।
4. ब्याज का नकद भुगतान किया गया।
5. 2,98,800 रु. के उपकरण क्रए किए गए। 73,800 रु. का उपकरण जिसका पुस्तक मूल्य 64,800 रु. है, की 61,200 रु. पर बेचा गया।
6. ऋण-पत्रें के शोधन और समता अंश के निर्गम से पूर्व अधिलाभांश अंशें का नकद निर्गम प्रत्येक 3 अंशों के बदले में 2 अंशों के आधार पर किया गया।
7. 18,000 रु. के ऋणपत्रों का शोधन नकद किया गया तथा 54,000 रु. के ऋणपत्रों का सममूल पर समता अंशों में परिवर्तित कर के शोधन किया गया।
8. 1,62,000 रु. के समता अंश सममूल्य पर निर्गमित किए गए।
9. वर्ष के दौरान 1,17,000 रु. का आय कर दिया गया।

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करें।

हल

रोकड़ प्रवाह विवरण

परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह	रु.	रु.
कर से पूर्व शुद्ध आय	3,42,000	
ह्रास	59,400	
प्रारंभिक व्यय	3,600	
उपकरण के विक्रय पर हानी	3,600	
ब्याज	21,600	
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पूर्व परिचालन लाभ	4,30,200	
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन :		
रहतिए में वृद्धि	(86,400)	
देनदारों में वृद्धि	(86,400)	
लेनदारों में कमी	(30.600)	
देय व्ययों में वृद्धि	18,000	
परिचालन से अर्जित रोकड़	2,44,000	
घटाया : आय कर का भुगतान	1,17,000	
कर उपरांत परिचालन क्रियाओं से शुद्ध रोकड़ प्रवाह		**1,27,800**

विनियोजन क्रियाओं से रोकड़		
उपकरण का क्रय	(2,98,800)	
उपकरण के विक्रय से नकद प्राप्ति	61,200	
भूमि के विक्रय से नकद प्राप्ति	45,000	
विनियोजन क्रियाओं में प्रयोग हुआ शुद्ध रोकड़		**1,92,600**
वित्तीय क्रियाओं से रोकड़		
समता अंश पूंजी के निर्गम से प्राप्त रोकड़	1,62,000	
ऋणपत्रों का शोधन	(18,000)	
लाभांश का भुगतान	(27,000)	
ब्याज का भुगतान	(21,600)	
वित्तीय क्रियाओं से शुद्ध रोकड़ प्रवाह		**95,400**
रोकड़ में शुद्ध वृद्धि		30,000
वर्ष के प्रारंभ में रोकड़		66,600
वर्ष के अंत में रोकड़		97,200

हल के संदर्भ में टिप्पणी

नाम **उपकरण खाता** **जमा**

दिनांक		राशि(रु.)	दिनांक		राशि(रु.)
	प्रारंभिक शेष	1,22,400		उपकरण का विक्रय	73,800
	उपकरण का क्रय	2,98,800		अंतिम शेष	3,47,000
		4,21,200			**4,21,200**

नाम **उपकरण विक्रय खाता** **जमा**

दिनांक		रु.		दिनांक	रु.
	उपकरण	73,800		समेकित ह्रास	9,000
				बैंक	61,200
				विक्रय पर हानि	3,600
		73,200			**73,200**

लागत – पुस्तक मूल्य = समेकित ह्रास

73,800 – 64,800 = 9,000

नाम **उपकरण पर समेकित ह्रास खाता** जमा

दिनांक		राशि(रु.)	दिनांक		राशि(रु.)
	उपकरण का विक्रय	9,000		प्रारंभिक शेष	18,000
	अंतिम शेष	50,400		चालू वर्ष में ह्रास	41,400
	योग	**59,400**		**योग**	**59,400**

31.3.2002 को समता अंश पूँजी		3,96,000
घटाया: समता अंश पूँजी 31.3.2001 को	1,08,000	
अधिलाभांश निर्गम	72,000	
ऋणपत्रों का शोधन	54,000	2,34,000
नकद निर्गम		1,62,000

भवन पर ह्रास = 37,800 – 19,800 = 18,000

चालू वर्ष में ह्रास = 41,400 + 18,000 = 59,400

अध्याय में प्रयुक्त शब्द

- कोष
- कोष प्रवाह
- विनियोजित क्रियाएँ
- कार्यशील पूंजी
- रोकड़ प्रवाह
- परिचालन क्रियाएँ
- वित्तीय क्रियाएँ
- शुद्ध कार्यशील पूंजी

सारांश

ऐसे कई प्रश्न हैं जिसके उत्तर के लिए विनियोजित तथा अन्य उपयोकर्ता उत्सुक रहते हैं। उदाहरणस्वरूप: चालू लाभों में से कंपनी अधिक लाभांश देने में कैसे अक्षम है, परिसंपत्तियों को कैसे वित्त किया जाता है, अंश निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग किस प्रकार किया गया है, आदि वित्तीय स्थिति में परिवर्तन हेतु विवरण द्वारा इन प्रश्नों का हल प्राप्त होता है। इस स्थिति में कोष से आशय शुद्ध कार्यशील पूंजी है अर्थात चालू परिसंपत्तियाँ – चालू देयताएँ।

रोकड़ प्रवाह विवरण वित्तीय स्थिति में परिवर्तन से उच्च माना जाता है क्योंकि इस विवरण के माध्यम से उपक्रम की तरलता ज्ञात की जाती है। इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाऊटेंट ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए AS 3 के अनुसार भारतीय कंपनियों को रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करना तथा प्रतिवेदित करना अनिवार्य है। रोकड़ प्रवाह को परिचालन क्रियाओं, विनियोजित क्रियाओं और वित्तीय क्रियाओं में वर्गीकृत किया जा सकता है। यह वितरण उपयोगकर्ताओं को उपक्रम द्वारा अर्जित रोकड़ प्रवाह की राशि व निश्चितता ज्ञात करने में सहायक होता है।

प्रश्न एवं अभ्यास

1. *वस्तुनिष्ट प्रश्न*

अ *बताएँ कि निम्नलिखित लेनदेन कोष प्रवाह को प्रभावित करेगा अथवा नहीं*

(i) देनदारों से नकद प्राप्ति

(ii) अंशों का नकद निर्गम

(iii) पुराने फर्नीचर का अपलेखन

(iv) स्थगित आमद व्यय लाभ पर प्रभारित

(v) उधार माल का क्रय

(vi) पूर्तिकर्ताओं को भुगतान पर बट्टा प्राप्त

(vii) अंश निर्गम द्वारा स्थायी परिसंपत्तियों का क्रय

(viii) चालू माह की मजदूरी का भुगतान

(ix) गत् माह के बकाया किराये का भुगतान

(x) स्वामियों द्वारा व्यवसाय से नकद आहरण

ब *सत्य असत्य बताएँ*

(i) स्थायी परिसंपत्तियों को पुस्तक मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय से नकदी प्राप्त कोष का स्रोत है।

(ii) रहतिये के क्रय का नकद भुगतान कोष का प्रयोग है।

(iii) लाभांश का भुगतान कोष का स्रोत नहीं है।

(iv) उधार माल का क्रय कोष का स्रोत नहीं है।

(v) परिचालन से कोष किसी उपक्रम का प्रमुख कोष स्रोत नहीं है।

स *सही विकल्प का चयन करें*

(i) रोकड़ प्रवाह विवरण के लिए

(अ) यह उपक्रम के रोकड़ प्राप्ति एवं रोकड़ भुगतान के संदर्भ में सूचना प्रदान करता है।

(ब) यह अंतिम रोकड़ शेष का बैंक विवरण में दर्शाए गए शेष से मिलान करता है।

(स) यह परिचालन विनियोजन व वित्तीय क्रियाओं के संदर्भ में सूचना प्रदान करता है।

(ii) रोकड़ प्रवाह विवरण रोकड़ प्रवाह को किसके अनुसार सपष्ट करता है।

(अ) परिचालन और परिचालन प्रवाह

(ब) विनियोजन व गैर-परिचालन प्रवाह

(स) अंतर्वाह व बहिर्वाह

(ड) परिचालन विनियोजन व वित्तीय क्रियाएँ

(iii) वित्तीय क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह का उदाहरण है:

(अ) लाभांश का भुगतान

(ब) प्रपत्रों पर लाभांश प्राप्ति

(स) ग्राहकों से नकद प्राप्ति

(ड) स्थायी परिसंपत्ति का क्रय

(iv) विनियोजन क्रिया से रोकड़ प्रवाह का उदाहरण है:

(अ) ऋणपत्रों का निर्गम

(ब) दीर्घकालीन ऋणों का भुगतान

(स) कच्चे माल का नकद क्रय

(ड) गैर-वित्तीय उपक्रम द्वारा प्रपत्रों का विक्रय

(v) परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह का उदाहरण है:

(अ) स्वयं के ऋणपत्रों का क्रय

(ब) स्थायी परिसंपत्तियों का विक्रय

(स) बैंक द्वारा सावधि जमा शेष पर ब्याज का भुगतान

(द) समता अंश पूँजी का निर्गम

द *कोष के स्रोत व प्रयोग की शुद्ध राशि बताएँ*

(i) स्थायी परिसंपत्ति 12,480 रु. पर बेची गई (पुस्तक मूल्य 14,000 रु.)

(ii) देनदार से 17,980 रु. प्राप्त हुए, 220 रु. का बट्टा दिया गया (देनदार से 18,200 रु. देय थे)

(iii) 14,900 रु. की लागत का माल 18,500 रु. पर बेचा गया

(iv) चालू माह की मजदूरी 24,000 रु. दी गई

(v) व्यवसाय के क्रय पर जिसमें 7,60,000 रु. की स्थायी परिसंपत्तियां, 2,15,000 रु. की चालू परिसंपत्तियां तथा 1,25,000 रु. की चालू देयताएँ सम्मिलित हैं, के एवज में 8,50,000 रु. के अंश जारी किए गए।

ह *प्रत्येक के संदर्भ में बताएँ कि वे 'परिचालन', 'विनियोजन' अथवा 'वित्तीय' क्रियाओं से उत्पन्न रोकड़ प्रवाह है :*

(i) नकद पर अंशों का निर्गम

(ii) अधिमूल्य पर ऋणपत्रों का शोधन

(iii) मशीनरी का नकद क्रय

(iv) रहतिये का नकद क्रय

(v) माल का नकद विक्रय

(vi) ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान

(vii) व्यापारिक संस्था द्वारा निवेशित प्रपत्रों पर ब्याज की प्राप्ति

(viii) आय-कर का भुगतान

(ix) लाभांश का भुगतान

(x) हानि पर पुराने फर्नीचर का विक्रय

फ *रिक्त स्थानों की पूर्ति करें*

(i) कार्यशील पूंजी में परिवर्तन की सारणी शुद्ध ------ दर्शाती है।

(ii) वित्तीय स्थिति का वितरण (कार्यशील पूंजी पर आधारित).......... व .... दर्शाती है।

(iii) कोष प्रवाह विवरण का अंतिम शेष .... दर्शाता है।

(iv) कार्यशील पूंजी में परिवर्तन की सारणी .... दर्शाती है जबकि कोष प्रवाह विवरण ..... व ..... दर्शाता है।

(v) रोकड़ प्रवाह को .... व .... क्रियाओं में वर्गीकृत किया जाता है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

(i) 'कोष' क्या है।

(ii) वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण से आप क्या समझते है।

(iii) रोकड़ प्रवाह विवरण क्या हैं?

(iv) कार्यशील पूँजी में परिवर्तन सारणी से आप क्या समझते हैं।

(v) कार्यशील पूँजी में परिवर्तन सारणी और कोष प्रवाह विवरण में अंतर बताएँ।

(vi) वित्तीय स्थिति में परिवर्तन का विवरण और रोकड़ प्रवाह विवरण में अंतर करें।

(vii) कोष के प्रमुख प्रयोग बताएँ।

(viii) कोष के प्रमुख स्रोत बताएँ।

(ix) परिचालन से कोष क्या है।

(x) परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना हेतु प्रत्यक्ष विधि की व्याख्या करें।

(xi) परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना हेतु अप्रत्यक्ष विधि की व्याख्या करें।

(xii) परिचालन से कोष को ज्ञात करने की विधि बताएँ।

(xiii) विनियोजन क्रियाओं के प्रमुख रोकड़ अंतर्वाह व रोकड़ बहिर्वाह क्या हैं।

(xiv) वित्तीय क्रियाओं के प्रमुख रोकड़ अंतर्वाह व बहीर्वाह क्या हैं।

(xv) वित्तीय स्थिति में परिवर्तन विवरण की सीमाएँ बताएँ।

(xvi) रोकड़ प्रवाह को कोष प्रवाह से अच्छा क्यों समझा जाता है।

निबंधात्मक प्रश्न

(i) वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण की विधि बताएँ।

(ii) रोकड़ प्रवाह विवरण को तैयार करने की विधि बताएँ।

(iii) परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़ प्रवाह ज्ञात करने की प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष विधि की व्याख्या करें।

(iv) वित्तीय स्थिति में परिवर्तन के विवरण के लाभ व सीमाएँ बताएँ। साथ ही रोकड़ प्रवाह व कोष प्रवाह में अंतर करें।

प्रश्न

4. निम्नलिखित आंकड़े चन्द्रा फूडस लि. से संबंधित हैं

31 मार्च, 2002, 2003 चन्द्रा फूडस लि. का तुलन-पत्र

देयताएँ	*2002* रु.	*2003* रु.	*परिसंपत्तियाँ*	*2002* रु.	*2003* रु.
अंश पूँजी	2,50,000	2,50,000	भूमि व भवन	1,40,000	1,40,000
लेनदार	55,000	80,000	रहतिया	1,00,000	1,30,000
देय विपत्र	20,000	40,000	देनदार	28,000	30,000
ऋण	10,000	15,000	हस्तस्थ रोकड	7,000	25,000
			ख्याति	60,000	60,000
योग	**3,35,000**	**3,85,000**	**योग**	**3,35,000**	**3,85,000**

कार्यशील पूँजी में परिवर्तन सारणी तैयार करें।

5. निम्नलिखित तुलन-पत्र राजेश्वरी लि. से संबंधित है:

31 मार्च, 2002, 2003 को राजेश्वरी लि. का तुलन-पत्र

देयताएँ	*2002* रु.	*2003* रु.	*परिसंपत्तियाँ*	*2002* रु.	*2003* रु.
अंश पूँजी	6,50,000	7,80,000	परिसंपत्तियाँ	8,30,000	8,60,000
लाभ एवं हानि	40,000	65,000	रहतिया	2,90,000	3,70,000
8% ऋणपत्र	3,00,000	2,50,000	हस्तस्थ रोकड़	80,000	90,000
लेनदार	1,70,000	1,60,000	पूर्वदत्त व्यय	10,000	15,000
देय विपत्र	40,000	50,000	प्रारंभिक व्यय	10,000	-
बकाया व्यय	20,000	30,000			
योग	**12,20,000**	**13,35,000**	**योग**	**12,20,000**	**13,35,000**

कार्यशील पूँजी में परिवर्तन सारणी तैयार करें।

6. रोज लि. के वर्ष मार्च 31, 2002, 2003 के दो तुलन-पत्र इस प्रकार हैं:

वर्ष 31 मार्च, 2002, 2003 को रोज लि. का तुलन-पत्र

परिसंपत्तियाँ	2002 रु.	2003 रु.
हस्तस्थ रोकड़	30,000	47,000
देनदार	1,20,000	1,15,000
रहतिया	80,000	90,000
भवन	50,000	66,000
योग	**2,80,000**	**3,18,000**
पूँजी व दायित्व		
समता अंश पूँजी	2,00,000	2,50,000
लेनदार	70,000	45,000
संचित आय	10,000	23,000
योग	**2,80,000**	**3,18,000**

कार्यशील पूँजी में परिवर्तन सारणी तैयार करें।

7. निम्नलिखित आंकड़े पलॉश लि. से संबंधित है:

वर्ष 31 मार्च, 2002 व 2003 पलॉश लि. का तुलन-पत्र

देयताएँ	*मार्च 31, 2002* रु.	*मार्च 31, 2003* रु.
पूँजी	80,000	85,000
लाभ एवं हानि विनियोजन	14,500	24,500
लेनदार	9,000	5,000
ऋण	-	5,000
संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	1,000	1,300
योग	**1,04,500**	**1,20,000**
परिसंपत्तियाँ		
भूमि व भवन	50,000	50,000
सयंत्र व मशीनरी	24,000	34,000
रहतिया	9,000	7,000
प्राप्य विपत्र	17,500	20,800
बैंकस्थ रोकड़	4,000	9,000
योग	**1,04,500**	**1,20,000**

कार्यशील पूँजी में परिवर्तन सारणी तैयार करें।

8. निम्नलिखित आंकड़े पवन हंस लि. से संबंधित है:

वर्ष 31 मार्च, 2002, 2003 को पवन हंस लि. का तुलन-पत्र

देयताएँ	*2002* रु.	*2003* रु.	*परिसंपत्तियाँ*	*2002* रु.	*2003* रु.
अंश पूँजी	90,000	1,11,000	बैंकस्थ रोकड़	15,000	18,000
लेनदार	60,000	54,000	प्राप्य विपत्र	42,000	42,000
उपार्जित व्यय	6,000	12,000	रहतिया	66,000	24,000
देय आय कर	3,000	3,300	पूर्वदत्त किराया	450	300
संचित आय	37,950	40,950	पूर्वदत्त बीमा	600	750
			पूर्वदत्त संपत्ति कर	900	1,200
			भूमि	12,000	24,000
			भवन व उपकरण	90,000	1,44,000
			घटाया: समेकित ह्रास	(30,000)	(33,000)
योग	**1,96,950**	**2,21,250**	**योग**	**1,96,950**	**2,21,250**

कार्यशील पूँजी में परिवर्तन सारणी तैयार करें।

परिचालन द्वारा कोष ज्ञात करें।

9. निम्नलिखित आंकड़े सुरभि लि. से संबंधित है

वर्षान्त मार्च 31, 2000 को सुरभि लि. का लाभ व हानि खाता

विवरण	रु.	*विवरण*	रु.
देय व्यय	1,50,000	सकल लाभ	8,00,000
ह्रास	35,000	भूमि के विक्रय पर लाभ	30,000
मशीन के विक्रय पर हानि	2,000		
ख्याति	10,000		
शुद्ध लाभ	6,33,000		
योग	**8,30,000**	**योग**	**8,30,000**

10. वर्षान्त 2003 को फ्रेश डेयरी की शुद्ध आय 14,87,000 रु. है यह आय निम्न समायोजनों के उपरांत प्राप्त की गई:

(i) मूर्त परिसंपत्तियों पर ह्रास 86,000 रु. ; ख्याति एवं पेटेंट का मूल्यांकन 18,000 रु.

(ii) प्रारंभिक व्यय का अपलेखन 18,000 रु.

(iii) पुराने फर्नीचर के विक्रय पर हानि 800 रु. व पुरानी मशीनरी के विक्रय पर हानि 4,600 रु.

(iv) ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान 80,000 रु.

परिचालन से कोष की गणना करें।

11. निम्नलिखित आंकड़े ग्रेजिम लि. से संबंधित है

वर्षान्त मार्च 31, 2003 को ग्रेजिम लि. का लाभ व हानि खाता

विवरण	रु.	*विवरण*	रु.
देय व्यय	6,000	सकल लाभ	9,000
ह्रास	1,400	भूमि के विक्रय पर लाभ	1,200
मशीन के विक्रय पर	80		
बट्टा	4		
ख्याति	400		
शुद्ध लाभ	2,316		
योग	**10,200**	**योग**	**10,200**

संकेत : बट्टे से आशय ग्राहकों को बट्टा प्रदान करने से है।
परिचालन से कोष ज्ञात करें।

12. निम्नलिखित आंकड़े आकाश लि. से संबंधित है:

वर्षान्त मार्च 31, 2003 को आकाश लि. का लाभ व हानि खाता

विवरण	रु.	*विवरण*	रु.
ह्रास	900	सकल लाभ	8,500
अंश निर्गम पर बट्टा	200	सयंत्र के विक्रय पर लाभ	4,000
मशीनरी के विक्रय पर हानि	400		
ख्याति (अपलिखित)	2,200		
प्रारंभिक व्यय	650		
व्यापारिक व्यय	2,500		
शुद्ध लाभ	5,650		
योग	**12,500**	**योग**	**12,500**

परिचालन से कोष ज्ञात करें।

13. निम्नलिखित आंकड़े ऐपल लि. से संबंधित है:

वर्षान्त मार्च 31, 2003 को ऐपल लि. का लाभ व हानि खाता

विवरणरु.		विवरण	रु.		
कर्मचारियों को वेतन		60,000	सकल लाभ		1,50,000
किराया		22,500	भवन के विक्रय पर लाभ		
डूबत ऋणों का प्रावधान		7,500	विक्रय राशि	15,000	
प्रारंभिक व्ययों का अपलेखन		15,000	घटाया :		
ख्याति (अपलिखित)		7,500	पुस्तक मूल्य	7,500	7,500
मशीनरी पर ह्रास		7,500			
संयत्र के विक्रय पर हानि					
पुस्तक मूल्य	15,000				
घटाया : विक्रय राशि	12,000	3,000			
कराधान		7,500			
शुद्ध लाभ		27,000			
योग		**1,57,500**	**योग**		**1,57,500**

परिचालन से कोष ज्ञात करें।

14. निम्नलिखित आंकड़े से सेफायर लि. से संबंधित है:

वर्षान्त मार्च 31, 2002 को सेफायर लि. का लाभ व हानि खाता

विवरण	रु.	विवरण	रु.
वेतन	50,000	सकल लाभ	3,00,000
व्यय	12,000	संयत्र व उपकरण के	
ह्रास	30,000	विक्रय पर लाभ	12,000
फर्नीचर के विक्रय पर हानि	5,000	प्राप्त ब्याज	3,000
शुद्ध लाभ	2,18,000		
योग	**3,15,000**	**योग**	**3,15,000**

संकेत : प्राप्त ब्याज को गैर-परिचालन आय समझा जाएगा चूँकि फर्म वित्तीय व्यापार से संबंधित नहीं है।

परिचालन से कोष ज्ञात करें।

15. वर्ष 2001 के दौरान कोचर लि. ने निम्न समायोजनों के उपरान्त 1,75,720 रु. का लाभ कमाया

(i) ह्रास : संयत्र पर 12,800 रु., फर्नीचर पर 2,500 रु.

(ii) स्थायी परिसंपत्तियों के विक्रय पर लाभ 15,000 रु.

(iii) ऋणपत्रों के निर्गम पर बट्टा अपलिखित 20,000 रु.

(iv) 30,000 रु. के प्रपत्रों को 28,000 रु. पर बेचा गया

(v) प्रारंभिक व्यय पुस्तकों में 40,000 रु. पर दिखाए गए हैं जिसमें से 20% अपलिखित किए जा चुके हैं।

(vi) प्रस्तावित लाभांश 50,000 रु.

(vii) प्राप्त लाभांश 2,500 रु.

(viii) निक्षेप निधि में हस्तांतरित

परिचालन से कोष ज्ञात करें।

रोकड़ प्रवाह विवरण

16. वैल्केनो लि. ने वर्ष 2003 को 84,50,000 रु. की शुद्ध आय दर्शायी। वर्ष के दौरान ह्रास 14,95,000 रु. था। वर्ष के अंत में देनदार वर्ष के प्रारंभ से 87,000 रु. अधिक रहे। लेनदारों में 43,000 रु. से वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान रहतियों में 9,000 रु. से कमी आई। परिचालन क्रियाओं से शुद्ध रोकड़ की गणना करें।

17. बताएँ कि निम्नलिखित मदों को रोकड़ प्रवाह विवरण में किस प्रकार दर्शाया जाएगा।

(i) प्रत्येक अंश 100 के 20,00,000 समता अंशों को 4 रु. प्रति अंश अधिमूल्य पर निर्गमित किया ।

(ii) 4,85,000 रु. के उपकरण क्रय किए गए।

(iii) 98,000 रु. के पुस्तक मूल्य के पुराने उपकरण को 87,000 रु. पर बेचा गया।

iv) घोषित लाभांश का भुगतान किया गया 1,26,000 रु.।

(v) प्रपत्रों पर प्राप्त ब्याज 18,000 रु.।

18. निम्नलिखित आकड़े मुद्रा लि. से संबंधित हैं।

वर्ष मार्च 31, 2000, 2001 को मुद्रा लि. का तुलन-पत्र

देयताएँ	*2000 राशि रु.*	*2001 राशि रु.*	*परिसंपत्तियाँ*	*2000 राशि रु.*	*2001 राशि रु.*
अंश पूँजी	1,40,000	1,48,000	हस्तहस्थ रोकड़	18,000	15,600
ऋणपत्र	24,000	12,000	विक्रय प्रतिभूतियाँ	29,800	35,400
संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	1,400	1,600	रहतिया	98,400	85,400
			भूमि	40,000	60,000
लाभ व हानि	20,080	21,120	ख्याति	20,000	10,000
योग	**2,06,200**	**2,06,400**	**योग**	**2,06,200**	**2,06,400**

(1) शुद्ध प्रचालन लाभ (2) परिचालन से रोकड़ ज्ञात करें।

19. निम्नलिखित आंकड़ों को गौर से पढ़े

प्लासटिक प्रोडक्ट का मार्च 31, 2000, 2001 का तुलन-पत्र

देयताएँ	2000 राशि रु.	2001 राशि रु.	परिसंपत्तियाँ	2000 राशि रु.	2001 राशि रु.
देय लेनदार	20,000	25,000	हस्तस्थ रोकड़	20,000	10,000
देय विपत्र	20,000	5,000	विक्रय		
अन्य चालू दायित्व	40,000	45,000	प्रतिभूतियाँ	40,000	30,000
6% ऋणपत्र.	60,000	80,000	रहतिया	30,000	45,000
लाभ व हानि	80,000	1,10,000	प्राप्य विपत्र	30,000	40,000
			सकल खंड	1,00,000	1,40,000
योग	**2,20,000**	**2,65,000**	**योग**	**2,20,000**	**2,65,000**

शुद्ध परिचालन लाभ व परिचालन से रोकड़ ज्ञात करें।

20. निम्नलिखित आकड़े सुंदरम् लि. से संबंधित है :

वर्ष मार्च 31, 2000, 2001 को सुंदरम् लि. का तुलन-पत्र

देयताएँ	2000 राशि रु.	2001 राशि रु.	परिसंपत्तियाँ	2000 राशि रु.	2001 राशि रु.
अंश पूँजी	48,000	51,000	बैंकस्थ रोकड़	2,400	5,400
लाभ व हानि	85,00	1,05,000	प्राप्य विपत्र	99,000	1,19,000
लेनदार	5,400	6,000	रहतिया	5,400	4,200
ऋण	2,800	10,000	भूमि	20,000	20,000
			संयत्र	14,400	23,400
योग	**1,41,200**	**1,72,000**	**योग**	**1,41,200**	**1,72,000**

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करें।

21. निम्नलिखित आकड़ों को गौर से देखें।

देयताएँ	2002 राशि रु.	2003 राशि रु.	परिसंपत्तियाँ	2002 राशि रु.	2003 राशि रु.
समता अंश पूँजी	50,000	60,000	हस्तस्थ रोकड़	3,000	5,000
लेनदार	10,000	22,000	बैंकस्थ रोकड़	8,000	14,000
देय विपत्र	8,000	5,000	देनदार	9,000	12,000
समान्य संचय	6,000	10,000	भूमि	10,000	16,000
लाभ व हानि			भवन	50,000	70,000
विनियोजन	40,000	55,000	उपकरण	34,000	35,000
योग	**1,14,000**	**1,52,000**	**योग**	**1,14,000**	**1,52,000**

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करें।
कोष प्रवाह विवरण ज्ञात करें।

22. निम्नलिखित आंकड़े कोटा स्टोव से संबंधित है

वर्ष मार्च 31, 2002, 2003 को कोटा स्टोव का तुलन-पत्र

देयताएँ	2002 राशि रु.	2003 राशि रु.	परिसंपत्तियाँ	2002 राशि रु.	2003 राशि रु.
अंशपूँजी	2,40,000	2,55,000	भूमि एवं भवन	1,50,000	1,50,000
लाभ व हानि विनियोजन	43,500	73,500	संचय	75,000	1,05,000
देय विपत्र	27,000	15,000	रहतिया	24,000	18,000
सामान्य संचय	-	15,000	हस्तस्थ रोकड़	13,500	28,500
योग	**3,10,500**	**3,58,500**	**योग**	**3,10,500**	**3,58,500**

कोष प्रवाह विवरण तैयार करें।

23. निम्नलिखित आंकड़े कुमार लि. से संबंधित हैं:

वर्ष मार्च 31, 2002, 2003 को कोटा स्टोव का तुलन-पत्र

पूँजी व देयताएँ	*मार्च 31 2002* रु.	*मार्च 31 2003* रु.
पूँजी	1,60,000	1,70,000
लाभ एवं हानि विनियोजन	29,000	49,000
लेनदार	18,000	10,000
ऋण	-	10,000
योग	**2,07,000**	**2,39,000**
परिसंपत्तियाँ		
भूमि एवं भवन	1,00,000	1,00,000
संयत्र एवं मशीनरी	48,000	68,000
रहतिया	18,000	14,000
प्राप्य विपत्र	33,000	39,000
बैंकस्थ रोकड़	8,000	18,000
योग	**2,07,000**	**2,39,000**

कोष प्रवाह विवरण तैयार करें।

24. निम्नलिखित आंकड़े आर. के. इंटरप्राइजिज से संबंधित है :

वर्ष मार्च 31, 2002, 2003 को आर. के. इंटरप्राइजिज का तुलन-पत्र

देयताएँ	*2002* रु.	*2003* रु.
पूँजी एवं देयताएँ	80,000	85,000
लाभ एवं हानि विनियोजन	14,500	24,000
लेनदारा	9,000	5,000
ऋण	-	5,000
संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	1,000	1,300
योग	**1,04,500**	**1,20,800**
परिसंपत्तियाँ		
भूमि एवं भवन	50,000	50,000
संयत्र एवं मशीनरी	24,000	34,000
रहतिया	9,000	7,000
देनदार	17,500	20,800
बैंकस्थ रोकड़	4,000	9,000
योग	**1,04,500**	**1,20,800**

कोष प्रवाह विवरण तैयार करें।

25. निम्नलिखित आंकड़े महिन्द्रा फिल्मस् लि. के तुलन-पत्र से प्राप्त किए गए हैं:

परिसंपत्तियाँ	31-03-2002	31-03-2003
फर्नीचर (लागत पर)	40,000	50,000
घटाया : ह्रास	(18,000)	(23,000)
	22,000	27,000
रहतिया	70,000	78,000
देनदार	17,000	16,000
बैंकस्थ रोकड़	12,000	34,000
पूर्वदत्त व्यय	2,500	1,600
योग	**1,23,500**	**1,56,600**
देयताएँ		
समता अंश पूँजी	50,000	1,00,000
अधिमानी अंश पूँजी	25,000	-
लाभ एवं हानि	20,000	37,000
लेनदार	28,500	19,600
योग	**1,23,500**	**1,56,600**

कोष प्रवाह विवरण तैयार करें

26. निम्नलिखित आंकड़े सुपर सिक्स लि. से संबंधित है:

मार्च 31, 2002, 2003 को सुपर सिक्स लि. का तुलन-पत्र

देयताएँ	*2002* रु.	*2003* रु.
समता अंश पूँजी	80,000	1,20,000
प्रतिभूति अधिमूल्य	8,000	12,000
सामान्य संचय	6,000	9,000
लाभ एवं हानि	19,500	20,800
5% ऋणपत्र	-	26,000
आयकर	9,800	10,900
लेनदार	33,500	36,400
योग	**1,56,800**	**2,35,100**

परिसंपत्तियाँ		
भूमि	55,400	1,13,200
संयत्र एवं मशीनरी	35,600	51,300
फर्नीचर	2,400	1,500
रहतिया	22,100	26,000
देनदार	36,500	39,100
बैंक शेष	4,800	4,000
योग	**1,56,800**	**2,35,100**

अतिरिक्त सूचना

वर्ष के दौरान ह्रास अपलिखित

संयत्र व मशीनरी 12,800 रु.

फर्नीचर 400 रु.

कार्यकारी टिप्पणी सहित कोष प्रवाह विवरण तैयार करें।

27. निम्नलिखित आंकड़े राजधानी कॉरपोरेशन लि. से संबंधित है:

देयताएँ	*2001* रु.	*2002* रु.	*परिसंपत्तियाँ*	*2001* रु.	*2002* रु.
समता अंश पूँजी	80,000	1,20,000	ख्याति	20,000	16,000
			भूमि एवं भवन	40,000	20,000
11% अधिमानी अंश (शोधनीय)	40,000	20,000	संयत्र	36,000	76,400
सामान्य संचय	8,000	12,000	प्रपत्र (दीर्घकालीन)	4,000	14,000
लाभ एवं हानि	7,200	10,800	देनदार	30,000	43,200
प्रस्तावित लाभांश	11,200	15,600	रहतिया	34,000	31,200
देय विपत्र	14,000	21,200	रोकड़	6,800	11,200
बकाया व्यय	3,200	2,400	प्रारंभिक व्यय	4,000	2,800
कराधान	11,200	12,800			
योग	**1,74,800**	**2,14,800**	**योग**	**1,74,800**	**2,14,800**

कोष प्रवाह विवरण तैयार करें।

28. निम्नलिखित आंकड़े माया लि. के तुलन-पत्र से प्राप्त किए गए हैं

देयताएँ	31-3-2001 रु.		31-3-2002 रु.	
समता अंश पूँजी		1,50,000		2,00,000
प्रतिभूति अधिमूल्य		-		5,000
सामान्य संचय		50,000		60,000
लाभ एवं हानि		20,000		35,000
ऋणपत्र		1,00,000		75,000
देय विपत्र		25,000		20,000
लेनदार		35,000		40,000
बकाया व्यय		2,000		1,000
योग		**3,82,000**		**4,36,000**
परिसंपत्तियाँ				
ख्याति		10,000		8,000
फर्नीचर (लागत)	50,000		60,000	
घटाया : ह्रास	28,000		34,000	
		22,000		26,000
दीर्घकालीन प्रपत्र		40,000		52,000
रहतिया		2,54,000		2,89,000
प्राप्य विपत्र		31,000		28,000
बैंकस्थ रोकड़		22,000		31,000
ऋणपत्रों पर बट्टा		3,000		2,000
योग		**3,82,000**		**4,36,000**

कोष प्रवाह विवरण तैयार करें।

29. निम्नलिखित आंकड़े तरूण लि. से संबंधित है :

	मार्च 31, 2002 रु.	मार्च 31, 2003 रु.
परिसंपत्तियाँ		
भूमि व भवन	80,000	1,20,000
संयत्र एवं मशीनरी	5,00,000	8,00,000
रहतिया	1,00,000	75,000
देय विपत्र लेनदार	1,50,000	1,60,000
रोकड़	20,000	20,000
योग	**8,50,000**	**11,75,000**

दायित्व एवं पूँजी		
अंश पूँजी	5,00,000	7,00,000
लाभ एवं हानि	1,00,000	1,60,000
सामान्य संचय	50,000	70,000
देनदार	1,53,000	1,90,000
प्राप्य बिल	40,000	50,000
बकाया व्यय	7,000	5,000
योग	**8,50,000**	**11,75,000**

अतिरिक्त सूचनाएँ

(i) वर्ष 2003 के दौरान संयत्र व मशीनरी पर 50,000 रु. का ह्रास लगाया गया।

(ii) एक मशीनरी जिसे 2003 में 8,000 रु. में बेचा गया था उसकी लागत 12,000 रु. थी जिस पर 7,000 रु. ह्रास लगाया गया था।

कोष प्रवाह विवरण तैयार करें।

30. निम्नलिखित आंकड़ो को ध्यान पूर्वक पढ़े।

वर्ष मार्च 31, 2001 व 2002 को .... का तुलन-पत्र

देयताएँ	*2001* रु.	*2002* रु.	*परिसंपत्तियाँ*	*2001* रु.	*2002* रु.
समता अंशपूँजी	6,00,000	6,00,000	ख्याति	72,000	72,000
सामान्य संचय	1,04,000	1,08,000	भूमि	2,40,000	2,16,000
लाभ एवं हानि	76,000	78,000	भवन	2,22,000	2,16,000
लेनदार	48,000	32,400	लघु अवधि ऋण	60,000	66,000
लघु अवधि ऋण	7,200	4,800			
कराधान	96,000	1,08,000	रहतिया	1,80,000	1,40,000
संदिग्ध ऋण	2,400	3,600	देनदार	1,20,000	1,33,600
के लिए प्रावधान			बैंकस्थ रोकड़	39,600	91,200
योग	**9,33,600**	**9,34,800**	योग	**9,33,600**	**9,34,800**

अतिरिक्त सूचना

(1) भूमि के एक भाग को 24,000 रु. पर बेचा गया।

(2) भवन पर 42,000 रु. का ह्रास लगाया गया।

(3) 30,000 रु. को अंतरिम लाभांश का भुगतान किया गया।

कोष प्रवाह विक्रय तैयार करें।

31. निम्नलिखित आंकड़ो को ध्यानपूर्वक पढ़े

वर्ष मार्च 31, 2001 व 2002 को रूचिता क्रियेशन का तुनल-पत्र

देयताएँ	2001 रु.	2002 रु.	परिसंपत्तियाँ	2001 रु.	2002 रु.
समता अंश पूँजी	1,60,000	1,10,000	स्थायी परिसंपत्तियाँ	1,60,000	1,64,000
अधिमानी अंश पूँजी	40,000	50,000	घटाया :		
सामान्य संचय	8,000	8,000	समेकित ह्रास	(60,000)	(44,000)
लाभ एवं हानि	4,800	4,000			
13% ऋण-पत्र	28,000	24,000	देनदार	1,40,000	1,20,000
लेनदार	44,000	48,000	रहतिया	96,000	80,000
कराधान	16,800	12,000	पूर्वदत्त	2,000	1,200
प्रस्तावित लाभांश	23,200	20,000	बैंकस्थ रोकड़	14,000	4,800
बैंक अधिविकर्ष	27,200	50,000			
योग	**3,52,000**	**3,26,000**	**योग**	**3,52,000**	**3,26,000**

अतिरिक्त सूचना

(1) 14,000 रु. के कर का भुगतान किया गया

(2) स्थायी परिसंपत्ति को 20,000 रु. पर बेचा गया जिसकी लागत 40,000 रु. थी तथा उस पर ह्रास 12,000 रु. का था

(3) 18,000 के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया गया।

कोष प्रवाह विवरण तैयार करें।

32. मार्च 31, 2002 एवं 2003 को उपकरण खाते तथा समेकित ह्रास खाते का शेष निम्नलिखित था:

शेष	2002	2003
उपकरण	65,00,00 रु.	78,70,000 रु.
समेकित ह्रास	10,80,000 रु.	16,32,000 रु.

एक उपकरण जिसकी लागत 12,30,000 रु. थी तथा उसपर समेकित ह्रास 7,18,000 रु. था उस उपकरण को 4,68,000 रु. पर बेचा गया।

(i) उपकरण की क्रय राशि, वर्ष के दौरान ह्रास तथा उपकरण के विक्रय पर हानि ज्ञात करें।

(ii) बताएँ प्रत्येक मद किस प्रकार रोकड़ प्रवाह विवरण में दर्शायी जाएगी।

33. ब्लयू स्काई लि. की मार्च 31, 2003 को शुद्ध आय 4,89,000 रु. थी। वर्ष के दौरान 87,000 रु. का ह्रास लगाया गया। आय का निर्धारण भूमि के विक्रय पर लाभ 1,05,000 रु. उपकरण के विक्रय पर हानि 48,000 रु. एवं समता निर्गम लागत 25,000 रु. अपलिखित करने के समायोजन के उपरांत ज्ञात की गई।

मार्च 31, 2002 व 2003 को चालू परिसंपत्तियाँ एवं चालू देयताएँ इस प्रकार है।

	मार्च 31 2002	मार्च 31 2003
रहतिया	1,85,000	1,67,000
प्राप्य विपत्र	1,42,000	1,45,000
पूर्वदत्त व्यय	12,000	8,000
बैंकस्थ एवं हस्तस्थ रोकड़	87,000	1,02,000
देय विपत्र	95,000	1,07,000
बकाया व्यय	13,000	9,000

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करें।

34. निम्नलिखित आंकड़े फलावर लि. से संबंधित है:

मार्च 31, 2002, 2003 को फलावर लि. का तुलन-पत्र

देयताएँ एवं समता	2002 रु.	2003 रु.
समता अंश पूँजी	15,00,000	17,50,000
संचय एवं अधिशेष	3,90,000	6,27,000
9% ऋणपत्र	10,00,000	10,00,000
लेनदार	67,000	1,20,000
बकाया व्यय	18,000	23,000
योग	**29,75,000**	**35,20,000**
परिसंपत्तियाँ		
भूमि	10,00,000	13,00,000
भवन	8,00,000	9,96,000
भवन पर समेकित ह्रास	(1,20,000)	(1,60,000)
उपकरण	14,00,000	16,50,000
उपकरण पर समेकित ह्रास	(4,35,000)	(5,80,000)
फर्नीचर	85,000	1,25,000
फर्नीचर पर समेकित ह्रास	(17,000)	(38,000)
देनदार	1,28,000	1,43,000
रोकड़	47,000	84,000
योग	**29,75,000**	**35,20,000**

अतिरिक्त सूचना

(i) 10 रु. प्रति अंश वाले 25,000 समता अंश 2 रु. के अधिमूल्य पर जारी किया गया।

(ii) उपकरण जिसका लागत मूल्य 220,000 रु. (समेकित ह्रास 1,20,000 रु.) था 75,000 रु. की हानि पर बेचा गया।

(i) कार्यशील पूँजी में शुद्ध परिवर्तन की गणना करें।

(ii) कोष प्रवाह विवरण बनाएँ।

(iii) रोकड़ प्रवाह विवरण बनाएँ।

35. निम्नलिखित आय विवरण और तुलन-पत्र ऑरेंज लि.

ऑरेंज लि. का तुलन-पत्र

परिसंपत्तियाँ	रु.	रु.	रु.	रु.
स्थायी परिसंपत्तियाँ	7,80,000		9,75,000	
घटाया : समेकित ह्रास	3,00,000	4,80,000	2,40,000	7,35,000
रहतिया		78,000		93,000
देनदार		85,000		1,02,000
नकद		47,000		95,000
योग		**6,90,000**		**10,25,000**
समता व देयताएँ				
समता अंश पूँजी		3,00,000		5,00,000
संचय और अधिशेष		1,18,000		3,74,000
10% ऋणपत्र		2,00,000		1,00,000
ऋणपत्र शोधन अधिलाभ		20,000		10,000
विविध लेनदार		38,000		32,000
अदत्त व्यय		14,000		09,000
योग		**6,90,000**		**10,25,000**

अतिरिक्त सूचनाएँ

(i) नकद लाभांश भुगतान 45,000 रु.।

(ii) 4,00,000 रु. का नकद संयंत्र का क्रय।

(iii) पुरानी मशीन 20,000 रु. की हानि पर, 45,000 रु. में बेचा गया।

(iv) रोकड़ के लिए सममूल्य पर समता अंश जारी किया गया।

(v) ऋणपत्रों का भुगतान 10% अधिमूल्य पर किया गया।

कार्यशील पूँजी में परिवर्तन और वित्तीय स्थिति दर्शाए।

रोकड़ प्रवाह विवरण बनाए।

उत्तर

4. कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि — 5,000 रु.
5. कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि — 85,000 रु.
6. कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि — 47,000 रु.
7. कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि — 10,000 रु.
8. कार्यशील पूँजी में शुद्ध कमी — 39,000 रु.
9. परिचालन से कोष — 6,50,000 रु.
10. परिचालन से कोष — 16,01,400 रु.
11. परिचालन से कोष — 2,996 रु.
12. परिचालन से कोष — 6,000 रु.
13. परिचालन से कोष — 60,000 रु.
14. परिचालन से कोष — 2,38,000 रु.
15. परिचालन से कोष — 2,73,520 रु.
16. परिचालन क्रियाओ से रोकड़ प्राप्ति — 99,10,000 रु.
17. वित्तीय क्रियाओ से रोकड़ अंतर्वाह — 2,80,000 रु.
    विनियोजन क्रियाओं के लिए रोकड़ का प्रयोग — 4,85,000 रु.
    विनियोजन क्रियाओं से रोकड़ अंतर्वाह — 87,000 रु.
    वित्तीय क्रियाओं के लिए रोकड़ का प्रयोग — 1,25,000 रु.
    विनियोजन क्रियाओं के लिए रोकड़ का प्रयोग — 18,000 रु.
18. शुद्ध परिचालन लाभ — 11,040 रु.
    परिचालन से रोकड़ — 21,600 रु.
19. शुद्ध परिचालन लाभ — 30,000 रु.
    परिचालन से रोकड़ — 10,000 रु.
20. शुद्ध परिचालन लाभ — 20,000 रु.
    कुल रोकड़ प्रवाह — 14,400 रु.
21. शुद्ध परिचालन लाभ — 19,000 रु.
    कुल रोकड़ प्रवाह — 46,000 रु.

22.	कार्यशील पूँजी में वृद्धि	30,000 रु.
	परिचालन से कोष	30,000 रु.
	कुल कोष प्रवाह	60,000 रु.
23.	कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि	24,200 रु.
	कुल कोष प्रवाह	30,200 रु.
24.	कार्यशाील पूँजी में वृद्धि	10,000 रु.
	परिचालन से कोष	10,000 रु.
	कुल कोष प्रवाह	20,000 रु.
25.	कार्यशील पूँजी में वृद्धि	37,000 रु.
	परिचालन से कोष	22,000 रु.
	कुल कोष प्रवाह	72,000 रु.
26.	कार्यशील पूँजी में वृद्धि	1,700 रु.
	परिचालन से कोष	17,500 रु.
	कुल कोष प्रवाह	88,000 रु.
27.	कार्यशील पूँजी में वृद्धि	6,800 रु.
	परिचालन से कोष	28,400 रु.
	कुल कोष प्रवाह	88,400 रु.
28.	कुल कोष प्रवाह	1,46,000 रु.
29.	कार्यशील पूँजी में कमी	60,000 रु.
	परिचालन से कोष	1,27,000 रु.
30.	कुल कोष प्रवाह	2,10,000 रु.
31.	कुल कोष प्रवाह	1,70,000 रु.
32.	(i) उपस्कर का क्रय	26,00,000 रु.
	उपस्कर के विक्रय पर हानि	44,00,000 रु.
33.	परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़	5,71,000 रु.
34.	(i) कार्यशील पूँजी में शुद्ध परिवर्तन	3,000 रु.
	(ii) परिचालन से कोष	6,78,000 रु.
	कोषो का कुल स्रोत	10,93,000 रु.
	कोषों का कुल प्रयोग	10,90,000 रु.
	(ii) परिचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़	8,02,000 रु.
	विनियोग क्रियाओ के लिए रोकड़ का प्रयोग	8,25,000 रु.
	वित्तीय क्रियाओ से रोकड़	10,93,000 रु.
35.	कार्यशील पूँजी में शुद्ध वृद्धि	91,000 रु.
	परिचालन से कोष	4,01,000 रु.
	कोषो का कुल स्रोत	6,46,000 रु.
	कोषो का कुल प्रयोग	5,55,000 रु.
	विनियोग क्रियाओं में रोकड़ का प्रयोग	3,55,000 रु.
	वित्तीय क्रियाओं से रोकड़	45,000 रु.